# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार, 28 जून 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 42 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1919 : वर्साय की संधि पर हस्ताक्षर।

1999 : रूमानिया ने रूसी विमानों की उड़ान पर रोक लगाई।

2003 : इस्त्रायल-फ़िलिस्तीन पश्चिम एशिया में खून-ख़राबा रोकने के लिए क़दम उठाने पर सहमत।

2004 : अमेरिकी गठबंधन की सेना ने ईराक की अंतरिम सरकार को संप्रभुता सौंपी।

2005 : रूस द्वारा ईरान के लिए छह परमाणु रिएक्टर बनाने की घोषणा।

# झारखंड में 44,750 शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र : शिक्षा मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर की जायेगी। इसके लिए जल्द प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में 44750 शिक्षक बहाल होंगे। इससे इतर 26 सहायक आचार्यों की बहाली प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसका काउंसिलिंग कार्य चल रहा है। जनजातीय भाषा में भी 10 हजार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मंत्री सोरेन पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर है और कार्य भी कर रही है। मंत्री ने कहा कि केंद्र की गलत नीतियों के कारण राज्य में इंटर के छात्रों के भविष्य पर तलवार लटक रहा है लेकिन सरकार छात्र-छात्राओं के भविष्य से साथ खिलवाड़ करने नहीं देगी। राज्य के 168 इंटर कॉलेजों के लगभग दो लाख छात्र-छात्राओं को प्लस टू स्कूलों में समायोजित किया जायेगा। इसे लेकर सभी प्लस टू स्कूलों में डीएमएफटी फंड से चार-चार कमरों वाले भवन का निर्माण किया जायेगा। वहीं, इन स्कूलों में पढ़ाई को लेकर शिक्षकों की भी



व्यवस्था की जायेगी। मंत्री ने कहा कि भाजपा जिला से प्रखंड कार्यालय तक धरना-प्रर्दशन कर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है, सरकार को भष्ट्राचारी बता रही है। भाजपा बताये कि पिछले 20 साल में राज्य के विकास के लिए क्या किया। घाटशिला अनुमंडल के धालभूमगढ़ में बनने वाले एयरपोर्ट का विरोध कौन कर रहा है। मंत्री ने कहा कि जमुना टुडू भाजपा की ही हैं और वह खुलकर विरोध कर रही हैं, फिर झामुमो कैसे दोषी है। विपक्ष हेमंत सोरेन सरकार के विकास कार्यों को देख घबरा गया है। इस कारण गलत बयानबाजी कर रहा है। इस दौरान बहरागोड़ा के पूर्व विधायक सह झामुमो को केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, जगदीश भकत, दुर्गाचरण मुर्मू, कालीपद गोराई, काजल डॉन, प्रधान सोरेन, हीरा सिंह मौजूद थे। पूरे राज्य में देश की सबसे बेहतर लाइब्रेरी का निर्माण जिला से अनुमंडल स्तर तक किया जायेगा। इसे लेकर आर्किटेक्ट से नक्शा बनवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 साल में 4885 दिन राज्य में भाजपा की सरकार रही। हमारी सरकार भी लगभग छह साल रही, पर दो साल कोरोना में गया और एक साल ईडी की जांच में। शेष तीन साल में हमनें दर्जनों योजनाएं धरातल पर उतारी, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।

# देश के 112 आकांक्षी जिलों में झारखंड का चतरा अव्वल

## नीति आयोग से मिलेगा 10 करोड़ का पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नीति आयोग द्वारा आयोजित ऑनलाइन समीक्षा बैठक में मार्च 2025 की डेल्टा रैंकिंग के अनुसार झारखंड के चतरा जिले ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश के 112 आकांक्षी जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए चतरा जिले को नीति आयोग से 10 करोड़ रुपए का पुरस्कार मिलेगा। यह उपलब्धि चतरा जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयासों, नवाचारों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का नतीजा है। नीति आयोग द्वारा यह जानकारी शुक्रवार को ऑनलाइन बैठक के जरिए शेयर की गयी। नीति आयोग ने झारखंड के चतरा जिले की बहुआयामी प्रगति विशेषकर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, वित्तीय समावेशन तथा बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में विकास को सराहा। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिले को नीति आयोग द्वारा 10 करोड़ की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसका उद्देश्य जिला स्तर पर विकासात्मक पहलों को और अधिक गति देना है। इस उपलब्धि पर चतरा की उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने जिले की पूरी प्रशासनिक टीम, विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गर्व का विषय है और हम सभी मिलकर इसे बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सफलता आकांक्षी जिला कार्यक्रम के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में चतरा जिले की मजबूत पहल और सतत प्रयास का प्रमाण है। इसके अलावा गढ़वा को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन परफॉमेंस के लिए भी चुना गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्र की मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र स्थित तिलैया डैम में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। डुमरडीहा गांव में नानी के यहां रहकर पढ़ाई कर रहे 17 वर्षीय सन्नी यादव की डैम में डूबने से मौत हो गई। सन्नी अपने दो दोस्तों के साथ तिलैया डैम घूमने गया था। तीनों ने डैम किनारे खड़ी एक खाली बोट पर सवार होकर करीब 50 फीट दूर तक गए। वहां सेल्फी लेने के दौरान बोट अनियंत्रित हो गई और सन्नी डैम में गिर गया। परिजनों ने बचने की उम्मीद से उसे सदर अस्पताल कोडरमा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मजदूरी करने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। भगवती हॉस्पिटल के पास एक अज्ञात वाहन ने 20 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। हादसे में चैनपुर के नेउरा गांव निवासी विकास भुइयां की मौत हो गई। विकास अपने ससुराल सदर थाना क्षेत्र के चियांकी से सुबह 9 बजे मेदिनीनगर मजदूरी करने जा रहा था। रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल विकास को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, मां जख्मी

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** थाना क्षेत्र के जरूगुडीह में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। एनएच 419 पर बालू लदे ट्रैक्टर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। मां गंभीर रूप से घायल हैं। मनसु राय अपनी पत्नी कल्याणी देवी और बेटे अभी राय के साथ ससुराल से घर लौट रहे थे। वे निरसा थाना क्षेत्र के जीतपुर गांव जा रहे थे। जरूगुडीह के पास एक बालू लदे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मनसु और उनके बेटे की मौके पर ही मौत हो गई।

# लोहरदगा में डबल मर्डर से मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लोहरदगा।** जिले में दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। यहां एक ही परिवार के दो सदस्यों की हत्या से लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र के भक्सो डूमर टोली गांव का है। यहां विनोद उरांव के नाबालिग बेटे और उसकी मां बरिया उरांव की हत्या अज्ञात अपराधियों ने कर दी। परिजनों ने बताया कि घर के अंदर दो सदस्यों की हत्या हो जाने के बाद भी इसकी भनक दूसरे सदस्यों को नहीं लग सकी। पुलिस के अनुसार, नाबालिग की हत्या धारदार हथियार से जबकि महिला की गला दबाकर हत्या की गई है। दोनों के शव, घर के अलग-अलग कमरों में पाए गए। जब सुबह घर के सदस्य दूसरे कमरों में पहुंचे तो वहां नाबालिग और महिला के शव को देखकर हक्के-बक्के रह गए। दोहरे हत्याकांड की सूचना पर सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इसके साथ ही पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस दोहरे हत्याकांड के पीछे की वजह क्या है? पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार को भी बरामद नहीं किया है। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि लोहरदगा के भक्सो में एक वृद्ध महिला और एक किशोर की हत्या हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। अनुसंधान के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

# सभी का कल्याण करें भगवान जगन्नाथ : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर जगन्नाथपुर रथयात्रा को लेकर कहा कि आज महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का ऐतिहासिक और पावन महापर्व होता है। हर साल वे वहां उपस्थित होते थे। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अभी अस्वस्थ हैं। दिल्ली में उनका इलाज चल रहा है। इसलिए वे इस बार रथयात्रा में शामिल नहीं पाए। भगवान जगन्नाथ से उन्होंने प्रार्थना की है कि गुरुजी जल्द से जल्द



स्वस्थ होकर हम सभी के बीच आएं और हमेशा की तरह अपना आशीर्वाद बनाए रखें। उन्होंने लिखा है कि भगवान जगन्नाथ सभी का कल्याण करें। रांची के जगन्नाथपुर समेत झारखंड के विभिन्न जिलों में हर्षोल्लास के साथ रथयात्रा निकाली गयी। जय जगन्नाथ का जयघोष गूंजता रहा। सरायकेला खरसावां में भी काफी धूमधाम से महोत्सव मनाया गया। पलामू जिले में शुक्रवार को रथयात्रा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस्कॉन संस्था और श्रीराम जानकी मंदिर, रेड़मा ठाकुरबाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथयात्रा निकाली गयी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस लाइन रोड स्थित हरे कृष्ण निवास में हुई, जहां भक्तों ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना और आरती कर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को सुसज्जित रथ पर विराजमान कराया। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी थीं। सभी ने भगवान से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# शिबू सोरेन का हाल जानने कांग्रेस और राजद के नेता दिल्ली रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह संस्थापक शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने के बाद सभी राजनीतिक दल उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं। दिशोम गुरु की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी जानकारी मिलने पर पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के अस्पताल पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से शिबू सोरेन की स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ली थी। वहीं झारखंड के राजनीतिक दलों के सभी बड़े-बड़े नेता उनके स्वास्थ्य का हाल जानने के लिए इच्छुक दिख रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को कांग्रेस नेता सह झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी सिरी बेला, राजद नेता सह श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव शुक्रवार को देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली रवाना होने से पहले स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड के निर्माता शिबू सोरेन की तबीयत खराब है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश प्रभारी के. राजू की बैठक चल रही थी। इसी दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि आपलोग तत्काल दिल्ली जाएं और शिबू सोरेन की तबीयत के बारे में अपडेट करें। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन हम सब के अभिभावक हैं। इसलिए हमारी उनके प्रति जवाबदेही बनती है। इसलिए हम उनका हाल जानने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। वहीं झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी सिरी बेला ने कहा कि पार्टी ने हमेशा ही वैसे लोगों का सम्मान किया है जिसने जनता के लिए अपनी जान की परवाह न की हो, वैसे ही वीर सपूत में गिने जाते हैं शिबू सोरेन। सिरी बेला ने बताया कि झारखंड निर्माण में शिबू सोरेन ने जो अपनी भूमिका निभाई है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इसलिए उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए पूरे राज्य के लोग चिंतित हैं। राज्यवासियों और कार्यकर्ताओं की चिंता को देखते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिल्ली पहुंच रहे हैं। राजद के वरिष्ठ नेता सह श्रम मंत्री संजय यादव ने कहा कि गठबंधन की जितनी भी पार्टियां हैं, वे सभी कहीं ना कहीं गुरुजी से जुड़ी हैं। गुरुजी देश के महान नेताओं में से एक हैं। उनके रहने से सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही एक बेहतर दिशा मिलती है। इसलिए सभी राजनीतिक पार्टियां राजनीति से ऊपर उठकर उनके स्वास्थ्य की चिंता कर रही है। उन्होंने बाबा बैद्यनाथ से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।


# रांची में बिछेगा फ्लाइओवर का जाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** वर्षों से ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे राजधानी वासियों के लिए एक के बाद एक राहत के दरवाजे खुल रहे हैं। हाल में ही राज्य सरकार ने सिरमटोली फ्लाइओवर की सौगात दी थी। इसको कार्तिक बाबा फ्लाइओवर का नाम दिया गया है। इससे पहले सीएम हेमंत सोरेन ने अक्टूबर 2024 में कांटाटोली फ्लाइओवर का लोकार्पण किया था। इसके बनने से इस रुट पर बहुत हद तक ट्रैफिक का बोझ कम हुआ है। रांची में केंद्र सरकार की ओर से बनाए गए रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण होने जा रहा है। 3 जुलाई को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हरी झंडी दिखाते ही इसपर गाड़ियां दौड़ने लगेंगी। एनएचएआई की ओर से उनके आगमन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इसको रांची की ट्रैफिक व्यवस्था का लाइफ-लाइन कहा जा रहा है क्योंकि रातू रोड



पर गाड़ियों का बहुत ज्यादा दबाव होने की वजह से लोगों का चलना मुश्किल हो गया था। इस बीच राजधानी के अलग-अलग इलाकों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए कुल पांच फ्लाइओवर के निर्माण की कवायद शुरु हो गई है। सीएम के निर्देश पर परामर्शी एजेंसियों और पथ निर्माण विभाग के फील्ड सर्वे डिवीजन के स्तर पर योजनाओं का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। इसकी मॉनिटरिंग खुद पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव कर रहे हैं। फिलहाल हरमू फ्लाइओवर का डीपीआर तैयार है और इसकी निविदा निकालने की तैयारी चल रही है। बता दें कि इन पांच फ्लाइओवर का निर्माण होने से राजधानी रांची की सूरत ही बदल जाएगी। समय की बचत होगी। स्कूली बसें जाम में नहीं फसेंगी। एंबुलेंस वक्त पर अस्पताल पहुंचने लगेंगे। अबतक सहजानंद चौक को पार करने में ही कई बार 10 मिनट लग जाते हैं। हरमू रोड, कटहल मोड़ रोड पर जाम से लोग परेशान रहते हैं। करमटोली चौक के पास भी ट्रैफिक का जबरदस्त दबाव रहता है। स्वर्णरेखा नदी से लगकर फ्लाइओवर बनने से एक नया ट्रैफिक रुट डेवलप हो जाएगा। अबतक रांची के लिए फ्लाइओवर सपने के समान था लेकिन बहुत कम समय में दो फ्लाइओवर की सौगात मिलने से लोगों का भरोसा जगा है।



CMYK

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से मिले सांसद पप्पू यादव: वंदे भारत-आम्रपाली एक्सप्रेस को पूर्णिया के रास्ते चलाने की मांग



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार से मुलाकात की है। इस दौरान वंदे भारत और आम्रपाली एक्सप्रेस को वाया पूर्णिया चलाने की मांग की है। कोसी-सीमांचल के रेल संबंधी मांगों को लेकर आग्रह पत्र सौंपा। कटिहार-छपरा रूट पर वैकल्पिक रेलवे लाइन निर्माण को लेकर सार्थक चर्चा की। सांसद पप्पू यादव ने कहा, %सीमांचल और कोसी अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में बसे जोगबनी, पूर्णिया जं. कोर्ट स्टेशन, के. नगर, बनमनखी, जानकी नगर, मुरलीगंज, मधेपुरा, सहरसा को जोड़ते हुए पटना तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए। इससे न केवल इस पिछड़े अंचल को राजधानी से तीव्र गति संपर्क मिलेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों की भी पहुंच सुलभ हो सकेगी।

## परियोजना में देरी पर जताई नाराजगी

### वैकल्पिक रेलवे लाइन की मांग

सांसद पप्पू यादव ने दरभंगा, सहरसा, फारबिसगंज, जोगबनी होते हुए नई रेलवे लाइन की रणनीतिक जरूरत को रेखांकित किया। यह रेलमार्ग भारत-नेपाल सीमा से सीधे जुड़ाव का मार्ग बनेगा और लगभग 5 करोड़ जनसंख्या वाले उपेक्षित इलाके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगा। इसे आर्थिक, सुरक्षा और सामाजिक दृष्टि से अनिवार्य बताया।

कटिहार-छपरा रेलखंड देश के सबसे व्यस्त और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्गों में से है। यहां से पूर्वोत्तर भारत के यात्री और मालगाड़ियां, साथ ही सेना और अर्ध सैनिक बलों की आवाजाही होती है। ट्रैफिक दबाव और विलंब को देखते हुए इस मार्ग पर एक वैकल्पिक रेलवे लाइन की जरूरत है, ताकि रक्षा तंत्र, आपदा प्रबंधन और व्यापार सुचारू रह सके।

पप्पू यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि सीमांचल और कोसी जैसे क्षेत्र देश की रीढ़ है, न कि हाशिए पर रहने वाले। इन प्रस्तावित रेल परियोजनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का सपना साकार हो सकता है। रेलवे बोर्ड से अपेक्षा की कि इन सभी मांगों को शीघ्र प्राथमिकता में लाकर कार्य प्रारंभ कराया जाए।

### कुर्सेला-बिहारीगंज तक प्रस्तावित रेल लाइन परियोजना के शिलान्यास की मांग

पप्पू यादव ने बिहारीगंज, वीरपुर-त्रिवेणीगंज रेल परियोजना के सर्वेक्षण स्वीकृति पर धन्यवाद दिया, लेकिन अभी तक कार्य शुरू न होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र हर साल 6 महीने जलमग्न रहता है। ऐसे में यह रेल परियोजना जीवनरेखा बन सकती है। आग्रह किया कि कोई तकनीकी या प्रशासनिक बाधा हो तो बोर्ड स्वयं पहल कर रास्ता निकाले। पूर्व स्वीकृत और बजट आवंटित होने के बावजूद कुर्सेला से बिहारीगंज तक प्रस्तावित रेल लाइन परियोजना को बार-बार टालने का विरोध जताया। ये परियोजना न केवल कोसी क्षेत्र की जनभावनाओं से जुड़ी है, बल्कि आर्थिक विकास, शिक्षा, चिकित्सा और आपदा प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली है। इस परियोजना के शीघ्र शिलान्यास की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू करेगा पंचायतबार बूथ स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जदयू की जिला कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को जिला कार्यालय कर्पूरी सभागार इमलीचटी में गुरुवार को हुई। इसमें जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने पंचायतबार बूथ स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक के लिए तैयारियों की समीक्षा की। ये बैठकें चार विधानसभा क्षेत्रों गायघाट, कांटी, सकरा एवं मीनापुर में 29 जून से 13 जुलाई तक होने वाली हैं। बैठक में सभी पंचायतों में बूथ जीतो चुनाव जीतो कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष रामबाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिले के सभी विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करना पार्टी का लक्ष्य है। इसके लिए मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के जनहित में किए गए कार्य को आम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। इस क्रम में अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपना समर्थन एवं सुझाव दिया। बैठक में जिला संगठन प्रभारी रॉबिन सिंह, सौरभ कुमार साहेब, प्रो. अरुण पटेल, श्रवण झा, मनोज कुमार कुशवाहा, महेश साह, प्रमोद पटेल, फौजी विमल, प्रभात किरण, चंदन ठाकुर, चंदन पांडेय, मुकेश कुमार, सोनी तिवारी, सविता शाही, अनीश कुमार, वंदना मिश्रा, प्रो. संगीता सहित अन्य उपस्थित थे।

### आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** व्यवसायी संघ ने गुरुवार को तिरहुत रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है। इसमें सरैया अनुमंडल क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। बताया कि सरैया, जैतपुर और पारू थाना क्षेत्रे में लूट, चोरी, डकैती और हत्या की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इससे क्षेत्र के व्यवसायियों में आक्रोश है। संघ ने घटनाओं की गंभीरता से जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में सुनील कुमार गुप्ता, नन्हक साह, उमेश कुमार एवं धीरज कुमार शामिल थे।

### पूर्व विधायक के निधन पर एनडीए ने शोक जताया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जदयू के वरिष्ठ नेता और कुर्था विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्यदेव कुशवाहा का निधन इलाज के दौरान गुरुवार को पटना में हो गया। उनके निधन पर जदयू और भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया। जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत सहनी ने कहा कि वे क्षेत्र के लोकप्रिय नेता थे। महानगर जदयू अध्यक्ष अनुपम कुमार ने कहा कि उनके निधन से जदयू ने एक सच्चा सिपाही खो दिया। परिहार विधानसभा प्रभारी रामेश्वर सहनी, पातेपुर विधानसभा प्रभारी अनिल राम, शिशिर कुमार नीरज, भाजपा नेता देवी लाल, भगवानलाल महतो, रोगी कल्याण समिति की सदस्या पूनम वर्मा, जानकी श्रीवास्तव, सुरेश प्रसाद सिंह, देवेन्द्र सहनी, सोनी तिवारी, रामकलेवर प्रसाद यादव, मोहन पांडेय, भारतेन्दु सिंह, रमेश कुमार ओझा, मिथिलेश पासवान, धनंजय शर्मा, बसंत कुमार चौधरी, हर्षवर्धन ठाकुर, सुनील पाण्डेय, अभिषेक सिंह, विक्रांत विक्की, देवानंद प्रसाद, राजीव केजरीवाल, गौरव कुमार नन्हे, मिथिलेश देवी पटेल, विनते जेहरा, रेखा सोनी, रंजना पटेल आदि ने शोक व्यक्त किया।

## नशे के धंधे में जिस्म का खेल, 1 करोड़ की हेरोइन के साथ ललिता गिरफ्तार, यूपी का एजेंट भी धराया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** नशीले पदार्थों के धंधे में महिलाओं को सक्रिय किया जा रहा है। मुजफ्फरपुर के कांटी के एक गांव की ललिता देवी को एक करोड़ की हेरोइन के साथ किशनगंज में गिरफ्तार किया गया है। उसके साथ यूपी के बलिया जिले के बांसडीह थाना के शिवरामपुर राजपुर निवासी बलराम चौरसिया को भी बिहार एसटीएफ ने दबोचा है। बलराम यूपी, प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार व मणिपुर में मादक पदार्थ तस्करी का रैकेट चलाता है। इन राज्यों में वह वांटेड है। ललिता के तौर तरीके से पुलिस भी हैरान रह गई। एसटीएफ की ओर से बताया गया कि दोनों के पास से एक किलो हेरोइन जब्त की गई है। इसे मणिपुर से लाया गया था। ललिता ने अपने शरीर में टेप से चिपकाकर इऐ छिपा रखा था। हेरोइन को एमपी के मंदसौर ले जाया जा रहा था। वहां दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा के मादक तस्कर जुटने वाले थे। बताया गया है कि दोनों के पास से तीन मोबाइल भी मिले हैं। तीनों की कॉल डिटेल में कई राज्यों के मादक तस्करों के नंबर मिले हैं।

## तेज प्रताप ने खुद को बताया दूसरा लालू यादव, बोले- तेजस्वी मुख्यमंत्री बनें, हम किंगमेकर रहेंगे



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से निष्कासित पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने खुद को अपने पिता लालू प्रसाद यादव का उत्तराधिकारी बताया है। उन्होंने कहा कि वह दूसरे लालू यादव हैं, इसलिए लोग उन्हें टारगेट कर रहे हैं। अनुष्का यादव से कथित रिलेशन को लेकर चर्चा में आने के बाद पार्टी और परिवार से बेदखल हुए तेज प्रताप ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि किंगमेकर की भूमिका में वह खुद रहेंगे।

एक इंटरव्यू में तेज प्रताप यादव ने कहा, जो लोग मुझे टारगेट कर रहे हैं, वो जानते हैं कि दूसरा लालू यादव यही है। उनके जैसी ही आवाज निकलती है, ठेठ अंदाज है और जमीन से जुड़े हुए हैं। कई लोगों ने ऐसा कहा भी है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों को यह खटकता भी है। तेज प्रताप ने खुद को जमीन से जुड़ा हुआ आदमी बताते हुए कहा कि वह धरातल के मुद्दों को उठाते हैं और किसी से डरते नहीं हैं। उनके पिता लालू का भी वही अंदाज रहा है। इसलिए बेटे का भी वैसा ही अंदाज होना चाहिए। अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव को लेकर उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री बनें अच्छी बात है, हमारा पूरा सपोर्ट उनके लिए है। आरजेडी से निष्कासित किए जाने को तेज प्रताप यादव ने साजिश करार दिया। उन्होंने सवाल किया कि सिर्फ उन्हें ही क्यों टारगेट किया गया, जबकि आरजेडी में और भी लोग हैं जिनसे पार्टी को नुकसान हो सकता है। उन्होंने अपने भाई, माता-पिता या परिवार के किसी भी सदस्य पर साजिश रचने का आरोप नहीं लगाया। मौजूदा हालातों पर बोलते हुए लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप ने कहा कि अभी थोड़ी उथल-पुथल है। वह हालात को संभालने में लगे हुए हैं। तेजस्वी अपना काम कर रहे हैं। उन्हें किसी से रिश्ते खराब नहीं करने हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से वीडियो कॉल पर बातचीत होने पर उन्होंने कहा कि उनसे पारिवारिक और व्यक्तिगत संबंध हैं।

राजनीति में अपने लोग मदद करते ही हैं। बता दें कि तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया अकाउंट से पिछले महीने अनुष्का यादव नाम की लड़की के साथ फोटो पोस्ट हुआ था। इसमें दोनों के 12 साल से रिलेशनशिप में होने का दावा किया गया था। कुछ देर बाद यह पोस्ट डिलीट हो गया और एक नए पोस्ट में तेज प्रताप की ओर से अकाउंट हैक होने का दावा किया गया था। हालांकि, कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर तेज प्रताप और अनुष्का के कई फोटो वायरल होने लग गए। इसके अगले दिन लालू यादव ने अपने बड़े बेटे को आरजेडी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया और परिवार से भी बेदखल करने की घोषणा की थी।

### विश्वनाथपुर से गया जी के लिए सरकारी बस सेवा शुरू

**गया, एजेंसी।** कोंच प्रखंड के विश्वनाथपुर से गया जी के लिए गुरुवार से सरकारी बस सेवा की शुरुआत की गई। बस को टिकारी विधायक डॉ. अनिल कुमार, सहायक क्षेत्रिय प्रबंधक राजीव कुमार व बीडीओ बिपुल भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस विश्वनाथपुर से घोंघिमठ,काबर मोड़, प्रधाना, ददरेजी, कोंच होते हुए गया जी को जाएगी। इसी रास्ते वापस विश्वनाथपुर को आएगी। इससे कोंच की एक बड़ी आबादी को खास लाभ होगा। कोंच का सुदरवर्ती इलाके माना जाने वाला यह क्षेत्र में बस सेवा शुरू होने से दैनिक मजदूर से लेकर छात्र-छात्राओं को काफी सहूलियत होगी। चबुरा,कोराप व काबर पंचायत व इसके आसपास के गांव के लोगों को प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक आना-जाना अब आसान हो जाएगा। विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों का लंबे वक्त से सरकारी बस सेवा शुरुआत करने की मांग थी। ग्रामीणों की मांगों को ध्यान में रखकर इसकी शुरुआत करायी गई है। इस मौके पर मुखिया संजय यादव,सीओ मुकेश कुमार,हम नेता अजित कुमार, पैक्स अध्यक्ष कौशल शर्मा,विवेक कुमार,संतोष यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## कलम बांट नौवीं फेल बिहार का राजा नहीं बन सकता: प्रशांत किशोर

### तेजस्वी के छात्र संसद पर का तीखा वार



**पटना, एजेंसी।** जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने एक बार फिर तेजस्वी यादव को नौवीं फेल बताकर तीखा वार किया है। कहा है कि कलम बांटकर नौवीं फेल आदमी बिहार का राजा नहीं बन सकता। पहले भी पीके बार-बार नेता प्रतिपक्ष को पढ़ाई के मोर्चे पर घेर चुके हैं। प्रशांत किशोर ने तेजस्वी के युवा छात्र संसद के बहाने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को भी लपेटे में लिया। प्रशांत किशोर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तेजस्वी यादव युवाओं को कलम बांट रहे हैं। उसी कलम से दसवीं की परीक्षा पास कर लेते ताकि युवाओं को उनपर भरोसा हो। जो सामान्य परिवार के पढ़े लिखे बच्चे हैं वे दस साल पंद्रह साल पढ़ कर बेरोजगार हैं या मजदूरी कर रहे हैं। और यह नौवीं फेल नेता का लड़का बिहार का राजा बनना चाहता है। हम लोगों को कलम नहीं बांटना है, शिक्षा बांटना है। कलम और कॉपी बांटने से पढ़ाई नहीं हो जाती। अच्छा स्कूल होना चाहिए, अच्छी पढ़ाई होनी चाहिए। कलम बांट कर यह नौवीं फेल आदमी बिहार का राजा नहीं बन सकता। इसके पहले प्रशांत किशोर ने कहा था कि तेजस्वी यादव के माता और पिता दोनों बिहार से सीएम रहे। फिर भी बेटे का नौवीं पास नहीं करना बताता है कि शिक्षा के प्रति इस आदमी में कितना लगाव है। हालांकि तेजस्वी यादव ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोई उन्हें नौवीं फेल कहता है तो बुरा नहीं लगता क्योंकि वे एक खिलाड़ी हैं। राजद की ओर से भले ही तेजस्वी यादव को सीएम कैंडिडेट घोषित कर दिया गया हो पर प्रशांत किशोर हमेशा इसका विरोध करते हैं। पीके यहां तक कहते हैं कि लालू प्रसाद अगर अपने परिवार से बाहर किसी भी यादव या अन्य जाति के नेता को सीएम उम्मीदवार बता दें तो जन सुराज लालू की पार्टी राजद के समर्थन में का करेगा।

## पत्नी को देवर के साथ पार्क में देखने पर बवाल: पति ने चचेरे भाई पर चाकू से किया हमला, दोनों अस्पताल में भर्ती

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर के कोतवाली थाना क्षेत्र के जय प्रकाश उद्यान पार्क में एक अजीब घटना सामने आई। जमालपुर के वलीपुर निवासी प्रेम कुमार(22) अपनी चचेरी भाभी रूपा कुमारी के साथ पार्क में घूम रहे थे। इस दौरान रूपा के पति राहुल दास वहां पहुंच गए। राहुल ने जब अपनी पत्नी को प्रेम के साथ देखा तो उसने चाकू से हमला कर दिया। प्रेम के सीने के बाएं हिस्से, गाल और पैर में चोटें आईं। इस झड़प में राहुल के हाथ की उंगली में भी चोट लगी। किसी ने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया।



### एक साल से चल रहा था प्रेम-प्रसंग

रूपा ने बताया कि वह प्रेम के साथ घूमने आई थी। दो बच्चों की मां रूपा का पिछले एक साल से देवर प्रेम के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह अब देवर के साथ रहना चाहती है। प्रेम ने इसे घर का मामला बताते हुए कुछ भी कहने से मना कर दिया। राहुल ने भी मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया। वहीं सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ हर्षवर्धन ने बताया कि पारिवारिक मामले में दो चचेरे भाई में झगड़ा और चाकूबाजी की घटना हुई है। प्रेम कुमार के सीने में गंभीर चोटें आई है और उसे रेफर किया जा रहा है।

### पति ने एफआईआर करने से किया मना

कोतवाली थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि कंपनी गार्डन में चाकूबाजी की घटना हुई है। देवर भाभी का प्रेम प्रसंग था, उसी में महिला के पति ने चाकू मारा है। पुलिस गई थी, लेकिन उन लोगों ने केस करने से मना कर दिया और बताया कि हमलोग मैनेज कर लेंगे।

## बिहार में दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन में भीषण चोरी, 5 कोच में यात्रियों के बैग और फोन उड़ाए

**गयाजी, एजेंसी।** बिहार के गयाजी में चलती ट्रेन में भीषण चोरी की घटना सामने आई है। नई दिल्ली से भुवनेश्वर जा रही दुरंतो एक्सप्रेस में गुरुवार आधी रात को करीब 2 बजे चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया। चोरों ट्रेन के 5 कोच में सवार यात्रियों के बैग, लैपटॉप, मोबाइल फोन समेत अन्य सामान चुरा लिए। फिर चेन खींचकर ट्रेन को रोक दी और उतरकर भाग गए। इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना डीडीयू-गया सेक्शन पर हुई। परैया और कष्ठा के बीच अपराधियों ने ट्रेन को वैक्यूम कर रोक दिया। करीब आधे घंटे से ज्यादा समय तक ट्रेन रुकी रही। बाद में उसे रवाना कर दिया गया। चोरी की वारदात से ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। किसी का मोबाइल, किसी का पर्स, तो किसी लैपटॉप और बैग चोरी हो गए। करीब दर्जन भर यात्रियों के सामान चोरी होने की बात कही जा रही है।सूचना मिलने पर रेल पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। रेल डीएसपीए के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है।



## बिहार चुनाव से पहले वोटर लिस्ट का गहन पुनरीक्षण शुरू, क्या-क्या दस्तावेज दिखाने होंगे

**पटना, एजेंसी।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू हो गया है। इस दौरान चुनाव आयोग घर-घर जाकर मतदाताओं का सर्वे करेगा। इसके आधार पर नए वोटरों को जोड़ने और फर्जी मतदाताओं को हटाने का काम किया जाएगा। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा सभी मतदाताओं के वैध दस्तावेजों की जांच की जाएगी। फिर सत्यापन कर वोटर लिस्ट को अपडेट किया जाएगा।

बिहार में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लगभग 22 साल बाद हो रहा है। आखिरी बार यह काम साल 2003 में हुआ था। ऐसे में मतदाताओं के मन में सवाल है कि उन्हें निर्वाचन आयोग को क्या-क्या दस्तावेज दिखाने होंगे? बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय ने इस संबंध में विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। इसके अनुसार बीएलओ आगामी 27 जुलाई तक मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इसके लिए हर वोटर को एक फॉर्म भरना होगा। यह फॉर्म बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा। मतदाता इसे भरकर डॉक्यूमेंट के साथ इसे वापस बीएलओ को देंगे। वोटर इस फॉर्म को निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी अपलोड कर सकते हैं।

### 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे लोगों के लिए


जिन मतदाताओं का जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ है, उन्हें अपनी जन्म तिथि या स्थान की सत्यता स्थापित करने के लिए कोई एक वैध दस्तावेज उस फॉर्म के साथ देना होगा।

### 1987 से 2004 के बीच जन्म हुआ है तो

जिन मतदाताओं का जन्म 1 जुलाई 1987 से लेकर 2 दिसंबर 2004 के बीच भारत में हुआ है, तो उन्हें अपने साथ-साथ अपने माता-पिता में से किसी एक का वैध दस्तावेज भी देना होगा।

### 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे युवा मतदाताओं के लिए

इसी तरह, 2 दिसंबर 2004 के बाद भारत में जन्मे मतदाताओं को अपना और अपने माता-पिता का वैध दस्तावेज फॉर्म के साथ देना होगा।



अगर माता-पिता में से कोई भी भारतीय नहीं है, तो उन्हें अपने जन्म के समय का अपने माता-पिता के वैध पासपोर्ट और वीजा की सेल्फ अटेस्टेड प्रति देनी होगी।

### ये दस्तावेज होंगे मान्य

1. कोई भी पहचान पत्र या केंद्र/राज्य सरकार के नियमित कर्मचारियों अथवा पेंशनभोगियों को मिलने वाला पेंशन भुगतान आदेश
2. 1 जुलाई 1987 से पहले जारी कोई भी पहचान पत्र/प्रमाण पत्र/सरकार, स्थानीय निकाय, बैंक, पोस्ट ऑफिस, एलआईसी या पीएसयू द्वारा जारी कोई भी दस्तावेज
3. जन्म प्रमाण पत्र
4. पासपोर्ट
5. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड द्वारा जारी शैक्षणिक प्रमाण पत्र या मैट्रिक का सर्टिफिकेट
6. राज्य सरकार की किसी संस्था द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र
7. ओबीसी, एससी या एसटी का जाति प्रमाण पत्र
8. वन अधिकार प्रमाण पत्र
9. राज्य सरकार या स्थानीय निकाय का फैमिली रजिस्टर
10. सरकार द्वारा जारी किसी जमीन या घर का प्रमाण पत्र

### मतदाता सूची को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**भागलपुर, एजेंसी।** आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा। इसको लेकर कहलगांव प्रखंड स्थित ट्रायसम भवन में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार मंडल की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र 155 के बीएलओ, सुपरवाइजर और सेक्टर पदाधिकारयों के साथ बैठक हुई। दोनों पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करना है।

बीएलओ घर के सदस्यों से प्रमाणित करवाएंगे कि मतदाता सूची में शामिल सभी सदस्य सही हैं। मृतक का सूची से नाम काटा जाएगा। वहीं नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ना है। एसडीओ ने अनुमंडल सभागार में राजनीतिक पार्टी के सदस्यों के साथ बैठक की।

# अगले डेढ़ वर्षों में पाइपलाइन से मिलेगी गैस : राधामोहन सिंह

## भारत पेट्रोलियम ने किया शहरी गैस वितरण परियोजना का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** मोतिहारी में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा शहरी गैस वितरण परियोजना के तहत एमडीपीई गैस पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री व सांसद राधामोहन सिंह ने किया। इस अवसर पर सांसद ने बताया कि भारत सरकार देश को गैस आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य कर रही है। वर्ष 2030 तक प्राकृतिक गैस की खपत को 15% तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।





उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक देश में केवल 15,340 किमी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन ही बिछाई गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में यह बढ़कर 25,000 किमी हो गई है, और 10,000 किमी अतिरिक्त पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है।

27 जून 2025 से मोतिहारी में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्राकृतिक गैस (घ्गाक्क) की आपूर्ति हेतु अंडरग्राउंड एमडीपीई पाइपलाइन का कार्य प्रारंभ किया गया है। पीएनजीआरबी द्वारा भारत पेट्रोलियम को पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिलों में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना हेतु अधिकृत किया गया है। गोरखपुर से होकर देवरिया, सीवान, गोपालगंज, पिपराकोठी, मोतिहारी, बेतिया और रक्सौल तक स्टील पाइपलाइन डाली जा रही है।

गोरखपुर से देवरिया की सीमा तक का कार्य पूर्ण हो चुका है, और अगले डेढ़ वर्ष में सभी जिलों में गैस की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इसका लाभ न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा, बल्कि होटल, रेस्टोरेंट और उद्योग भी इसका उपयोग कर सकेंगे।

राधामोहन सिंह ने कहा कि प्राकृतिक गैस, एलपीजी की तुलना में सस्ती, अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक है। इससे उपभोक्ताओं को सिलिंडर भरवाने की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर भारत पेट्रोलियम के क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक प्रताप सिंह ने परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक प्रमोद कुमार, उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, गांधी संग्रहालय के सचिव चंद्रभूषण पांडेय, अमरनाथ साहू समेत बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# वास्तविक मतदाताओं को हो हरसंभव सुविधा, वृद्ध, बीमार दिव्यांगजन व वंचित न हों परेशान : उप निर्वाचन आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 को लेकर शुक्रवार को मोतिहारी के महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में तिरहुत एवं सारण प्रमंडल के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों व सहायक अधिकारियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त भानु प्रकाश येतुरु, निदेशक मनोज सी. एवं सचिव पवन दीवान ने उपस्थित अधिकारियों को पुनरीक्षण संबंधी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उप निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आयोग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वास्तविक मतदाता, विशेषकर वृद्ध, बीमार, दिव्यांग (घ्डक), गरीब व अन्य वंचित वर्गों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी और हर घर जाकर सत्यापन कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर में पूर्व-प्राप्त एन्यूमरेशन फॉर्म दो प्रतियों में वितरित किए जाएंगे और मतदाताओं को भरने में मार्गदर्शन दिया जाएगा। बीएलओ कम से कम तीन बार जाकर फॉर्म लेने का प्रयास करेंगे। इच्छुक मतदाता फॉर्म को ऑनलाइन डाउनलोड कर भर सकते हैं और संबंधित दस्तावेज अपलोड भी कर सकते हैं। फॉर्म 6, 6क, 7 और 8 के तहत प्राप्त सभी आवेदन एक्न की वेबसाइट पर प्रतिदिन अपडेट किए जाएंगे। आयोग ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें, जो बीएलओ के साथ सहयोग कर त्रुटियों को प्रारंभिक चरण में ही दूर कर सकें। मौके पर तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त राजकुमार, सारण प्रमंडल के आयुक्त राजीव रौशन सहित नौ जिलों के जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## फरार चल रहे दो लोगों के घरों में हुई कुर्की


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने पूर्व के केश में फरार चल रहे दो लोगो के घरों में न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि कुर्था गांव निवासी सनी दयाल पासवान एवं सरेन गांव निवासी सोनारिका मांझी के घर कुर्की जब्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि इन लोगों के विरुद्ध पूर्व में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें ये लोग फरार चल रहे हैं। वहीं न्यायालय के आदेश पर दोनों के घरों में कुर्की जब्ती का तामिला कराया गया है।

# सौतेले पिता ने की 10 साल के बच्चे की गला घोंटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के कसियावां गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक सौतेले पिता ने अपने 10 वर्षीय मासूम बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद भागने की कोशिश कर रहे आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। मृतक बच्चे की पहचान राकेश कुमार के रूप में हुई है वहीं आरोपित सौतेले पिता का नाम हनुमान चौधरी है, जो उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का निवासी और दिव्यांग बताया जा रहा है। घटना के बाद वह साइकिल से




भागने की फिराक में था, तभी ग्रामीणों ने उसे एकंगरसराय के पास पकड़ लिया और बुरी तरह पीट दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

**ऐसे रची गई हत्या की कहानी**

जानकारी के अनुसार, मृतक राकेश की मां गांवों देवी की पहली शादी नूरसराय निवासी शत्रुघ्न मांझी से 2014 में हुई थी। इस शादी से पांच बच्चे हुए। बाद में वह अपने पति को छोड़कर दो बच्चों राकेश और रीता को लेकर गोरखपुर चली गई और दिव्यांग हनुमान चौधरी से दूसरी शादी कर ली लेकिन कुछ समय बाद गांवों देवी ने हनुमान को भी छोड़ दिया और उसके भाई करन चौधरी के साथ चेन्नई चली गई। राकेश और रीता को नानी लखिया देवी के पास कसियावां गांव में छोड़ दिया। हनुमान चौधरी समय-समय पर बच्चों से मिलने क़सियामा आते रहता था। बताया जाता है कि घटना वाली रात नानी रिश्तेदार के यहां गई हुई थी। बेटी रीता पड़ोसी के घर सो रही थी और राकेश घर में अकेला था। इसी दौरान हनुमान ने राकेश का गला घोंटकर हत्या कर दी।

**सुबह भागते समय ग्रामीणों ने दबोचाः** सुबह आरोपित साइकिल से फरार होने की कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों को शक हुआ तो पीछा कर एकंगर सराय में उसे पकड़ लिया और गांव लाकर जमकर पीटा। सूचना पाकर पहुंची हुलासगंज पुलिस ने आरोपित को भीड़ से छुड़ाया और इलाज के लिए हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहीं, बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**नानी की तहरीर पर केस दर्ज**

मृतक की नानी लखिया देवी के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। हुलासगंज थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने अपने सौतेले बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित का इलाज चल रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और लोग आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# एसएफसी के लेखापाल राजेश कुमार के छह ठिकानों पर आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी

## भारी मात्रा में दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार राज्य खाद्य निगम लिमिटेड (एसएफसी), मोतिहारी में पदस्थापित लेखापाल राजेश कुमार के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई, पटना ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ छह ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में राजेश कुमार के मोतिहारी स्थित सरकारी आवास, कार्यालय, हाजीपुर, पटना, मुजफ्फरपुर स्थित पैतृक आवास एवं एक रिश्तेदार के यहां एक साथ कार्रवाई की गई।

ईओयू टीम को छापेमारी के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज, संदिग्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़े कागजात और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, लेखापाल राजेश कुमार पर आय से 201.94 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। ईओयू की लंबी जांच और वर्षों से जारी पत्राचार व पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के लिए ईओयू पटना टीम ने न्यायालय से विधिवत सर्च वारंट प्राप्त किया था। एसएफसी मोतिहारी कार्यालय परिसर में छापेमारी की खबर से जिलेभर में हड़कंप मच गया। कार्यालय को चारों ओर से सुरक्षा घेरे में लेकर दस्तावेजों की गहन छानबीन की जा रही है। ईओयू की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ी प्रशासनिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। टीम की छानबीन जारी है और बरामद दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में सुनी गईं 61 जन समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जैसा कि ज्ञात हो प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर, शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। आज के जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान कुल 61 मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें प्रमुख रूप से –भूमि विवाद एवं अतिक्रमण,प्रधानमंत्री आवास योजना, बंदोबस्त एवं भू-अर्जन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विद्युत



आपूर्ति, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड पंजीकरण, नल-जल योजना से संबंधित मुद्दे शामिल रहे।उप विकास आयुक्त द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम से बाहर के मामलों को भी शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार कार्यक्रम में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र प्रसाद, वरीय उप समाहर्ता नेहा, होमा इरफान, डीआरडीए निदेशक रोहित कुमार मिश्रा, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूनम कुमारी, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग माला कुमारी सहित कई अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परसौनी वाजिद में एमएमडीपी क्लिनिक का उद्घाटन, रोगियों को किट वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, परसौनी वाजिद में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एमएमडीपी क्लिनिक का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. वेद प्रकाश, मुखिया पति कृष्ण महतो एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से क्लिनिक का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान 16 फाइलेरिया रोगियों की जांच की गई और उन्हें एमएमडीपी किट प्रदान की गई। रोगियों को फाइलेरिया रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और एमएमडीपी किट के उपयोग को



लेकर प्रायोगिक प्रदर्शन (डेमो) के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित किया गया। किट के प्रभावी उपयोग और नियमित देखभाल के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश साझा किए गए। जिला स्तर से आए पिरामल स्वास्थ्य संस्था के प्रतिनिधि धीरेंद्र प्रसाद ने न केवल फाइलेरिया बल्कि कालाजार से बचाव और जागरूकता को लेकर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीआरआई सदस्य, एएनएम, फैसिलिटेटर पूनम कुमारी, सभी आशा कार्यकर्ता, जीविका समूह की महिलाएं, यूनिसेफ से विनय कुमार एवं पंकज कुमार, फ़ेथ लीडर, यूथ वॉलंटियर्स तथा पिरामल संस्था के कार्यक्रम पदाधिकारी सुमित कुमार और पप्पू कुमार की सराहनीय भूमिका रही। स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और फाइलेरिया उन्मूलन के इस प्रयास को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## एक नजर

### सर्पदंश से तीन वर्षीय मासूम की मौत

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** कोटवा थाना क्षेत्र के कररिया पंचायत अंतर्गत जागीर कररिया वार्ड संख्या-3 में तीन वर्षीय मासूम की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मेघु मुखिया के पुत्र धीरज कुमार के रूप में की गई है। मंगलवार को दोपहर के समय धीरज अपने घर के बाहर खेल रहा था, इसी दौरान उसे सांप ने डंस लिया। लेकिन बच्चा दर्द को समझ नहीं पाया और परिजनों से सिर्फ इतना कहा कि पैर में कांटा चुभ गया है। काफी समय बीत जाने के बाद जब बच्चे को उल्टी और बेचैनी होने लगी, तब परिजन स्थिति को गंभीर मानते हुए आनन-फानन में सदर अस्पताल, मोतिहारी लेकर पहुंचे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने धीरज को मृत घोषित कर दिया।

मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मासूम की असामयिक मौत से पूरा इलाका गमगीन है। इस दुखद घटना की जानकारी वार्ड सदस्य रामाकांत मुखिया ने दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं सर्पदंश से बचाव हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने की मांग की है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**चिरैया (पूर्वी चम्पारण)।** ढाका-मोतिहारी मुख्य पथ पर स्थित मीरपुर गांव के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रक और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि सुबोध पांडे (25 वर्ष), पिता शिव चंद्र पांडे, निवासी श्रीपुर, छौड़ादानो थाना क्षेत्र, अपनी स्प्लेंडर बाइक से ढाका से मोतिहारी जा रहे थे। इसी दौरान मनरेगा पार्क के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक का सिर फट गया और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। राहगीरों ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल, ढाका में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की बाइक को जब्त कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा गया है। ट्रक चालक फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### 19 कार्टन विदेशी शराब जब्त, धंधेबाज गिरफ्तार

**कोटवा।** कोटवा थाना क्षेत्र के वनवीरवा ईदगाह के पास बुधवार देर रात पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 19 कार्टन विदेशी शराब जब्त की है। इस दौरान एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अमरेश पासवान, निवासी जसौली पट्टी, गोसाईबारी के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान दो अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। दरोगा शिवरूप राम के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में बताया गया कि सूचना मिलने पर दीपउ कट के समीप बाइक और ई-रिक्शा से शराब की खेप लाने की पुष्टि हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ऑफिसर चॉइस 180 एमएल की 887 पीस फ्रूटी पैक जब्त की, जिसकी कुल मात्रा 159.48 लीटर बताई गई है। फरार तस्करों में एक रामबाबू यादव, निवासी कोइरगांव, कोटवा थाना क्षेत्र, और दूसरा मोती पासवान, निवासी गोसाईबारी बताया गया है। थानाध्यक्ष प्रत्यूष कुमार विक्की ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर और दोनों फरार आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### गहवा माई मंदिर से निकली भव्य रथयात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल/बीरगंज (पूर्वी चंपारण)।** नेपाल के बीरगंज स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ गहवा माई मंदिर से शुक्रवार को भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इस पावन अवसर पर भारत और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों सहित कई जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे। रथ यात्रा में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन गहवा माई मंदिर के नवनिर्मित भवन के 13 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। यह रथ यात्रा उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी मंदिर की परंपरा से प्रेरित होकर निकाली जाती है। खास बात यह रही कि लकड़ी से निर्मित रथ को श्रद्धालुओं ने खींचते हुए पूरे नगर में परिभ्रमण कराया। गहवा माई मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि यह यात्रा आस्था, एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। रथ यात्रा को लेकर नगर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। हर चौक-चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती रही, वहीं श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शीतल पेयजल का भी प्रबंध किया गया था

# अड्डा बाजार के दो घरों में चोरी, लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर चोर फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीपराकोठी।** थाना क्षेत्र के अड्डा बाजार स्थित मुर्दाचक गांव में गुरुवार की रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह वारदात तब हुई जब दोनों घरों के परिवार अपने-अपने निवास स्थान से बाहर थे।

घटना की जानकारी तब हुई जब शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने घर के दरवाजे खुले और सामान बिखरा हुआ देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। चोरों ने विपिन प्रसाद और नवलकिशोर प्रसाद के घर में इस वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार, विपिन प्रसाद गुरुवार को अपने पूरे परिवार के साथ जयगांव गए थे, जबकि नवलकिशोर प्रसाद बुधवार को नेपाल के हथौड़ा गांव गए हुए थे। घर सुनसान देख चोरों ने मौके का फायदा उठाया।

चोरों ने दोनों घरों की अलमारी, पेटी व बक्सों को तोड़कर उसमें रखे नकद, आभूषण और कीमती सामान चुरा लिए। चोरी गई संपत्ति की अनुमानित कीमत लाखों में बताई जा रही है। हालांकि, वास्तविक नुकसान का आंकलन पीड़ित परिवारों के लौटने के बाद ही हो सकेगा।

सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ में जुट गई है।

स्थानीय लोगों ने इलाके में बढ़ते चोरी की घटनाओं पर गंभीर चिंता जताई है और रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजलीपुर गांव में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायल हुए लोगों की पहचान लालबाबू यादव, टुनटुन यादव और राजू यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के देवी मंदिर परिसर में विवादित जमीन को लेकर पंचायत चल रही थी, इसी दौरान बात इतनी बढ़ गई कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही 112 पुलिस सहायता वाहन मौके पर पहुंचा और सभी घायलों को इलाज के लिए मखदुमपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। इस मामले में घायल राजू यादव के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रंगदारी व जमीन कब्जा कांड में चार आरोपितों ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**हरैया।** हरैया थाना क्षेत्र में दर्ज रंगदारी और जबरन जमीन कब्जा करने के मामले में फरार चल रहे चार आरोपितों ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। यह कार्रवाई हरैया थाना कांड संख्या 63/25 दिनांक 20/05/25 के तहत बीएनएस की धारा 308(4)/351(2) के अंतर्गत दर्ज मामले में हुई। थानाध्यक्ष की लगातार दबिश और सख्ती के कारण आरोपितों को कोर्ट में सरेंडर करने के लिए बाध्य होना पड़ा। आत्मसमर्पण करने वालों में शामिल हैंः

मोनू कुमार सिंह एवं सोनू कुमार सिंह, पिता - देवव्रत सिंह और वीरेंद्र सिंह, पिता - चंद्रिका सिंह (तीनों निवासी - चिकनी, थाना हरैया) और पवन कुमार यादव, पिता - विरजलाल यादव (निवासी - जोकियारी, थाना रक्सौल)। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

# बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में, राजगीर में 29 जून को होगा ऐतिहासिक आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आगामी 29 जून को राजगीर (नालंदा) में आयोजित किए जा रहे बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इसी क्रम में जिला अतिथि गृह में जिला अध्यक्ष प्रिंस कुमार की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष सह पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष रानी चौधरी ने कहा कि 29 जून बहुजन समाज के लिए एक ऐतिहासिक दिन साबित होगा। देश का बहुजन समाज एक मजबूत नेतृत्व की प्रतीक्षा में है और यह रैली उस दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगी। उन्होंने दावा किया कि जहानाबाद जिले से लगभग 25 हजार समर्थक राजगीर में होने वाले समागम में भाग लेने के लिए रवाना होंगे। प्रेस वार्ता को प्रदेश महासचिव संजय चौधरी, बक्सर जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह, पटना जिला अध्यक्ष चंदन यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठन की मजबूती और बहुजन समाज की भागीदारी को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आरा जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान, कैमूर जिला अध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव, महिला प्रदेश महासचिव विनीता सिंह, युवा नेता सनी चौहान, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुंदन कुमार समेत सभी प्रखंड एवं पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

## जहानाबाद में राजद नेता डॉ. अजीत कुमार यादव आज होंगे भाजपा में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले की राजनीति में एक बड़ा उलटफ़ेर देखने को मिला है। राजद के चर्चित नेता डॉ. अजीत कुमार यादव भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने जा रहे हैं। वे अपने करीब 300 समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पटना भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। मीडिया से बात करते हुए डॉ. यादव ने बताया कि उनकी इच्छा थी कि उनका भाजपा में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम जहानाबाद में भव्य रूप से आयोजित किया जाए, लेकिन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष स्वर्गीय सोहन प्रसाद उर्फ कक्कू जी के असामयिक निधन के चलते कार्यक्रम को पटना स्थानांतरित करना पड़ा।राजद छोड़ने के अपने कारणों पर उन्होंने साफ कहा कि उन्हें पार्टी में सम्मान और अपेक्षित स्थान नहीं मिल रहा था। डॉ. यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' और सनातन धर्म के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। अब मैं राष्ट्र निर्माण की दिशा में भाजपा के साथ नई ऊर्ज़ा से काम करूंगा।

# बिजली तार की चोरी से पेयजल संकट गहराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 18 के लोगों को इन दिनों भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। दरधा नदी किनारे स्थित जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी की बिजली आपूर्ति लाइन को चोरों ने 14 जून की रात काट लिया, जिससे टंकी का संचालन पूरी तरह ठप हो गया है। पम्प संचालक रौशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रोज़ाना की तरह सुबह टंकी चालू करने पहुंचे तो बिजली आपूर्ति बाधित पाई गई। जांच करने पर पता चला कि बिजली का मुख्य तार चोरी हो चुका है। इस मामले की सूचना तत्काल संबंधित ठेकेदार को दी गई, जिनके निर्देश पर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

हालांकि अब तक बिजली का तार दोबारा नहीं जोड़ा गया है, जिससे वार्ड 18 की पूरी पेयजल आपूर्ति बाधित है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह टंकी शुरू से ही नियमित जल आपूर्ति में विफल रही है और अब तार चोरी के बाद पूरी व्यवस्था ठप हो गई है। गर्मी और उमस के बीच लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।

# रजिस्ट्री आफिस के पास चली गोली



## ▸ दो लोग हुए जख्मी
## ▸ जांच के आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र स्थित निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री ऑफिस) के पास गुरुवार को अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब वहां गोली चलने की आवाज सुनाई दी। घटना में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोली चलते ही मौके पर भगदड़ मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। बताया गया है कि यह फायरिंग रजिस्ट्री ऑफिस में तैनात एक सुरक्षा गार्ड की दोनाली बंदूक से भूलवश हुई, जिससे दो लोगों के हाथ और पैर में गोली लगी।

घटना की जानकारी मिलते ही गांधी मैदान थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पटना सेंट्रल एसपी सुश्री दीक्षा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और बताया कि यह गोली गार्ड की लापरवाही से चली है। उन्होंने कहा कि घायलों को तुरंत पीएमसीएच भेजा गया है और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरी घटना की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह पता लगाया जा रहा है कि सुरक्षा में तैनात गार्ड से गोली कैसे चल गई और इस लापरवाही के पीछे जिम्मेदारी किसकी है। गोली चलने की घटना के बाद स्थानीय लोग काफी दहशत में हैं। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में इस तरह की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामला पूरी तरह से नियंत्रण में है और जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्भेदन

## ▸ पति-पत्नी मिलकर चला रहे थे धंधा, गिरफ्तार
## ▸ मेड इन यूएसए लिखा पिस्टल और मैगजीन बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** सोहसराय थाना पुलिस ने आशानगर मोहल्ले में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, हथियार बनाने के उपकरण को बरामद करते हुए पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है।

एसपी भारत सोनी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि सूचना के आधार पर राहुल कुमार पिता ताराचंद के घर में किरायेदार अभिषेक कुमार उर्फ अभिषेक विश्वकर्मा के कमरे में छापेमारी की गई। इस दौरान कमरे से हथियार बनाने के उपकरण, अधबने हथियार, लोहे से बने पिस्टल, मैगजीन, पाइप, ग्राइंडर, ड्रिल मशीन, गोलियां, वेल्डिंग मशीन और अन्य सामान की बरामदगी हुई। आरोपी का ननिहाल मुंगेर जिला में है। उन्होंने बताया कि आरोपी के कनेक्शन का पता लगाया जा रहा है। हथियार का निर्माण किस मकसद के लिए किया जा रहा था, इसकी जांच की जा रही है। आशंका जाहिर की जा रही है कि आरोपी दंपती इस इलाके में लगभग पांच साल से इस काम को कर रहे थे।

मकान में हथियार बनाने के कई सामान की बरामद की हुई और इसकी भनक मकान मालिक या आसपास के लोगों को नहीं थी। मेड इन यूएसए लिखा पिस्टल और मैगजीन, अधनिर्मित पिस्टल बॉडी और स्लाइड, भारी मात्रा में लोहे से बने पिस्टल, मैगजीन, पाइप, हैंडल, हेक्सा ब्लेड,ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, वेल्डिंग मशीन, फायरिंग बनाने के औजार समेत कुल 52 तरह के हथियार निर्माण उपकरण और सामग्री बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में डीएसपी नुरुल हक, सोहसराय थानाध्यक्ष, राजमणि, दारोगा चंद्रशेखर कुमार, राजेश कुमार ठाकुर, अलीम अंसारी, मनीष कुमार, गौरी शंकर ठाकुर के अलावा बल के जवान शामिल थे।

# नहाने के दौरान चार डूबे
## दो के शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** नरकटियागंज के हड़बोड़ा नदी में शुक्रवार की दोपहर बाद नहाने के दौरान चार बच्चे डूब गए। इसमें से दो बच्चों का शव नदी से निकाला जा चुका है। दो अन्य बच्चों की तलाश हो रही है।

सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें पहुंची। चारों बच्चों की उम्र 12-13 वर्ष के आसपास है। मृतक बच्चे नरकटियागंज पुरानी बाजार निवासी मुस्तफा आलम का पुत्र दिलशाद और अनवर मियां का पुत्र आसिफ अंसारी है।

इस घटना की खबर मिलने के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जो दो बच्चे अभी लापता हैं, उनके परिजन भी नदी के घाट पर पहुंचे हैं। चारों बच्चे नगर के गोपाला स्थान के सामने नदी में नहाने के लिए गए थे। घटनास्थल पर शिकारपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में बच्चों की खोज हो रही है।

# बिहार के थाने होंगे हाईटेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार पुलिस खुद को अब और हाईटेक बनाने जा रही है। बिहार पुलिस की कोशिश पीपुल फ्रेंडली बनने की थी। मगर अब वो ह्यईको फ्रेंडली भी बनने जा रही है। जी हां, राज्य के पुलिस थाने और पुलिस लाइन ईको फ्रेंडली या पर्यावरण अनुकूल होंगे। बिहार पुलिस की ओर से इस दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पुलिस विभाग के एडीजी (आधुनिकीकरण, एससीआरबी एवं ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जहां भी 50 किलोवॉट से अधिक बिजली की खपत हो रही है, वहां सोलर पैनल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा, ऐसे सभी भवनों की पहचान की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडीजी ने बताया कि साल 2007-08 से अब तक कुल 1014 थाना भवनों के निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। जिनमें से 737 भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इनमें से 277 भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इस साल 17 नए थानों की स्वीकृति दी गई है। जिनमें से 37 भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

एडीजी सुधांशु कुमार ने जानकारी दी कि बिहार पुलिस के पास 80 ऐसे पुलिस थाने हैं, जिन्हें अब तक भवन या जमीन नहीं मिल सकी है। इनके लिए जमीन की तलाश जारी है। वहीं, 34 ऐसे थाने भी हैं, जहां चिन्हित भूमि पर विवाद के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन विवादों को जल्द सुलझाकर भवन निर्माण शुरू किया जाएगा।

राज्य के 43 साइबर थानों और 43 यातायात थानों के लिए भी अलग से भवन बनाए जाएंगे। 28 नए ट्रैफिक थाना भवनों की स्वीकृति मिल चुकी है, जिनका निर्माण शीघ्र शुरू होगा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे 327 ई पर तारन चौक के पास सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। ट्रक बहादुरगंज की ओर जा रहा था। पंजीयन संख्या आरजे 52 जीए 8252 वाले ट्रक ने तारण गांव निवासी मोहम्मद मुश्किल को टक्कर मारी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे सदर अस्पताल अररिया भेजा। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

दुर्घटना के बाद ट्रक तेज रफ्तार में जोकीहाट की ओर भागा। ग्रामीणों ने पीछा कर टोल टैक्स के पास ट्रक को पकड़ लिया। जोकीहाट पुलिस मौके पर पहुंची। चालक और खलासी को हिरासत में लिया गया। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। एनएच 327ई पर कट क्रॉसिंग के कारण हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है

# मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**पूसा।** उत्तर बिहार के लोगों को फिलहाल मानसून की अच्छी वर्षा के लिए कुछ और दिन इंतजार करना पड़ेगा। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के मौसम वैज्ञानिक डॉ. ए. सत्तार ने बताया कि अगले 2 दिनों तक क्षेत्र में अच्छी वर्षा की संभावना नहीं है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन व्यापक स्तर पर वर्षा की उम्मीद नहीं है।

हालांकि 30 जून से 1 जुलाई के बीच पूर्वी और पश्चिमी चंपारण सहित उत्तर बिहार के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

पूर्वानुमान के अनुसार, अगले दो दिनों तक पूर्वी हवाएं 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं, इसके बाद पछिया हवा का प्रभाव रहेगा। मौसम की इस स्थिति को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव जारी किए हैं।

# पानी की तेज बहाव से बहा डायवर्सन, आवागमन ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुंगेर के खड़गपुर-तारापुर मुख्य मार्ग के बीच महकोला बासा के समीप गुहिया नदी पर बना डायवर्सन पानी के दबाव के कारण बह गया है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। इसके कारण आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डायवर्सन टूट जाने के कारण कई स्कूली छात्र-छात्राएं फंस गए, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से किसी तरह जान जोखिम में डालकर पार कराया गया।ग्रामीणें का कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खड़गपुर-तारापुर मुख्य सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। यहां पर कई जगहों पर पुल बन रहे हैं। इस दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए जगह-जगह डायवर्सन बनाए गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डायवर्सन का निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। इसलिए वह टूट गया। उन्होंने कहा कि इस मुख्य सड़क पर वाहनों का दबाव हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले और अतिशीघ्र डायवर्सन का निर्माण करवाए। कार्य करवा रहे कार्यकारी एजेंसी के इंजीनियर से पूछा गया कि डायवर्सन कैसे टूटा, तो उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों में लगी मूंग की फसल डूब रही थी, जिसके कारण सिंचाई विभाग की ओर से गुहिया नदी में बने गेट को खोला गया। इससे नदी में पानी का दबाव बढ़ा और डायवर्सन टूट गया। उन्होंने कहा कि आज रात तक डायवर्सन का निर्माण कर दिया जाएगा।

## वारंटी गिरफ़्तार

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र के बल्लीपुर गांव में पुलिस ने बीती रात छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान बल्लीपुर गांव के स्व. कौशलेंद्र नारायण चौधरी के पुत्र दिवाकर चौधरी उर्फ गिरधारी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरधारी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था।

# होटल मौर्या के संचालक को मिली जान से मारने की धमकी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** होटल मौर्या के संचालक को अपराधियों ने जान से मारने की धमकी दी है। होटल संचालक प्रवीण शर्मा ने कंकड़बाग थाना में मामला दर्ज करवाते हुए जान माल के सुरक्षा की गुहार लगायी है। थाना में दिए गये आवेदन में बताया है कि उन्हें 24 घंटे में गोली मारने की धमकी दी है। इससे पहले कुछ अपराधियों ने उनकी रेकी भी की थी।

होटल मौर्य के संचालक प्रवीण शर्मा ने अपने आवेदन में बताया कि लगभग 10 की संख्या में आए अपराधियों ने 1 घंटे तक उनकी रेकी की जिसकी सूचना थाना के मोबाइल पर देने की कोशिश की गई, लेकिन थाना का कोई भी पदाधिकारी कॉल रिसीव नहीं किया। प्रवीण शर्मा ने उस स्थिति में नजदीक के होटल में छिप कर अपनी बचाई। उन अपराधियों में से एक कुख्यात अपराधी गुलशन कुमार भी था जो पूर्व में भी कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

पुलिस का कहना है कि यह घटना 23 जून मंगलवार की देर शाम की है। गुलशन मूल रूप से बिहटा थाना अंतर्गत आनंदपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की सूचना लिखित रूप में कंकड़बाग थाने में दी गई है। जिस मोबाइल नंबर से धमकी भरा कॉल आया वह मोबाइल संख्या और उसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को मुहैया कराई गई है। गुलशन के द्वारा कहा गया कि 10 दिन के अंदर गोली मार दंगे। होटल मौर्य के संचालक प्रवीण शर्मा ने आज पटना के पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार से मिलकर अपनी जान की गुहार लगायी है। प्रवीण शर्मा को सिटी एसपी ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। साथ ही कंकड़बाग थाना अध्यक्ष को फटकार लगायी है। राजधानी के एसएसपी ने कहा कि अपराधियों के साथ कोई भी सॉफ्ट कॉर्नर नहीं रखा जाएगा। दोषियों को पकड़ कर सीसीए एक्ट लगाया जाएगा, जिससे अपराधी लंबे समय तक जेल में ही रहे।

# दुबई में फंसे झारखण्ड के 15 प्रवासी मजदूर

## ▸ इंटरनेट के माध्यम से बतायी अपनी दुर्दशा
## ▸ सरकार से लगायी वतन वापसी की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के धनबाद, गिरिडीह व हजारीबाग के 15 प्रवासी मजदूर दुबई में फंस गए हैं। धनबाद के तोपचांची प्रखंड के नेरो गांव निवासी संजय कुमार महतो तीन महीने से फंसे हैं। संजय ने दो दिन पूर्व स्वजन को दूरभाष पर इसकी जानकारी दी। इसके बाद से स्वजन परेशान हैं।

स्वजन ने बताया तीन नवंबर 2024 को संजय मजदूरी करने दुबई गया था। कंपनी की ओर से एक वर्ष तक काम करने का दबाव दिया जा रहा है। बात नहीं मानने पर तीन महीने से सभी मजदूरों का वेतन रोक दिया गया है। जिसकी वजह से मजदूरों की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है।

संजय की मां सोनिया देवी ने बताया कि उनके बेटे को पिछले कुछ माह से कंपनी वेतन नहीं दे रही है। लगातार शोषण किया जा रहा है। नेरो पंचायत के मुखिया उमेश कुमार महतो ने कहा कि मजदूर संजय के सकुशल वापसी के लिए विधायक तथा संसद को पत्र लिखा जाएगा।



दुबई में फंसे बगोदर गिरिडीह के दो प्रवासी मजदूरों ने वतन वापसी के लिए सहायता मांगी है। स्वजन के मुताबिक मजदूरों को तीन माह से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ। इस कारण खाने-पीने में दिक्कत हो रही है। दुबई में फंसे मजदूरों ने बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो साझा कर दुर्दशा सुनाई। केंद्र व राज्य सरकार से वतन वापसी की गुहार लगाई। दुबई में फंसे बगोदर अंबाडीह के मजदूर बैजनाथ महतो की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक करने व बच्चों की अच्छी पढ़ाई करने को लेकर पति दुबई गए थे। मजदूरी नहीं मिल रही है। बैजनाथ के दो पुत्र हैं। पैसे के अभाव में बेटे की पढ़ाई बाधित है।

दुबई में फंसे मजदूरों के नाम गिरिडीह के बगोदर प्रखंड के अंबाडीह के बैजनाथ महतो, महेंद्र महतो, डुमरी मकान के सीताराम महतो, मूरत महतो, हजारीबाग के बिष्णुगढ़ प्रखंड के अलखरीखुर्द के चुरामन महतो, चंद्रिका महतो, कैलाश महतो शामिल हैं। वहीं, उदयपुर के बिशुन महतो, जगन्नाथ सिंह, चितरामो के लखन सिंह, सुखदेव सिंह, गोविंदपुर के अर्जुन महतो, आंगो थाना क्षेत्र जोलमी के त्रिलोकी महतो, पलमा के बालेश्वर महतो व धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र के नेरो के संजय कुमार महतो दुबई में फंसे हैं।

प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से इन मजदूरों की सकुशल वतन वापसी कराने की मांग की है।

बगोदर प्रखंड के दोंदलो के फलजीत महतो, संजय महतो, राजू महतो, चंद्रिका महतो व मुंडरो के उत्तम महतो को पश्चिमी अफ्रीका के नाइजर में हथियारबंद अपराधियों ने अपहरण कर लिया है। इस घटना के दो माह बाद भी अपहरण मजदूरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

# कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल बना स्टंटबाजों का अड्डा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बाइक पर चढ़कर स्टंट करते हुए युवकों का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक राजनीतिक पार्टी का गाना सेट कर-के युवक पुल पर स्टंट करते दिख रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर एक नहीं बल्कि कई कई वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहे हैं।

वायरल वीडियो वैशाली के कच्ची दरगाह बिदुपुर सिक्स लेन पुल का बताया जा रहा है। वीडियो में बाइक पर खड़ा होकर युवक स्टंट करते हुए दिख रहा है। दूसरी वीडियो पिकअप स्टंट करते हुए वायरल हो रही है। जिसमें पिकअप पर चालक के अलावा एक अन्य लड़का बैठा हुआ है और पिकअप को सिक्स लाइन पुल पर स्टंट कर रहा है।

बाइक और पिकअप स्टंट का वीडियो पिछले दो दिनों से इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो प्रसारित होने के बाद स्थानीय प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

गौरतलब हो कि बीते 23 जून को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कच्ची दरगाह बिदुपुर सिक्स लाइन पुल का उद्घाटन किया था। उद्घाटन के बाद बाइक सवार युवक सिक्स लाइन पुल पर स्टंट करके लगातार रील बना रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिस पर पुलिस की तरफ से कार्रवाई न किए जाने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

बीते दिनों कच्ची दरगाह बिदुपुर सिक्स लाइन पुल के पाया नंबर 15 के निकट दो बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जूझ रहा है।

प्रसारित वीडियो के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।। चर्चा है कि सरकार के द्वारा सिक्स लाइन पुल का उद्घाटन कर दिया गया। पुल पर पुलिस की ड्यूटी नहीं लगाई गई, जिसके कारण स्थानीय युवक बाइक पर स्टंट कर-के रील बना रहे हैं।

## ट्रक ने गैस भरे टंकर को मारी ठोकर, गैस लीक से अफरातफरी

**बक्सर।** पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब नया भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाडेरा गांव के समीप एक पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार ट्रक ने गैस से भरे टैंकर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टैंकर से गैस का तेज रिसाव शुरू हो गया। हालात की गंभीरता को देखते हुए नया भोजपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों ओर करीब एक किलोमीटर तक का क्षेत्र खाली करा दिया। डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि टक्कर के बाद आग लगने का खतरा बना हुआ था। दोनों वाहन चालक मौके से फरार हो गए, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही रात करीब 2:00 बजे फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और टैंकर को ठंडा करने के लिए उस पर पानी का छिड़काव शुरू किया। इसी दौरान साहस नया भोजपुर थानाध्यक्ष और पुलिसकर्मियों ने साहस का परिचय देते हुए रिसाव को बंद करने का प्रयास किया। हालांकि, रिसाव पूरी तरह नहीं रुका।

# फुटबॉल टीम का आवासीय प्रशिक्षण शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब के सौजन्य से शुक्रवार को नेताजी सुभाष स्टेडियम में एक रोमांचक मैच का आयोजन किया। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय के बाद किया। क्लब के सचिव इश्तियाक आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि अररिया में युवा खिलाड़ियों की कमी नहीं है। इसलिए क्लब ने ये फैसला लिया है कि उभरते हुए खिलाड़ियों को निःशुल्क और आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 45 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है ।

उन्होंने कहा कि अररिया की पहचान पूरे देश में फुटबॉल को लेकर है। यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी पैदा हुए हैं। फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब पिछले कई वर्षों से निरंतर प्रयास कर रही है। क्लब के अध्यक्ष सत्यन शरण ने बताया कि निकट भविष्य में अररिया को एक बेहतरीन फुटबॉल टीम मिलेगा। जिला खेल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा खेल से बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास का रास्ता प्रशस्त होता है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने पर आशा कार्यकर्ता को सरकार देगी 15 रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** डीएम के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रभात कुमार के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गढ़पुरा में सभी सीएचओ, एएनएम, आशा फेसिलिटेटर एवं आशा कार्यकताओं के साथ आयुष्मान कार्ड से संबंधित समीक्षात्मक बैठक बुधवार को की गई। इस दौरान उन्मुखीकरण प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। इसमें सभी आशा को निर्देश दिया गया कि आयुष्मान कार्ड के छूटे हुए लाभार्थियों के घर-घर जाकर सभी का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। आशा के द्वारा बनाए गए आयुष्मान कार्ड में प्रति आयुष्मान कार्ड उन्हें 15 रुपये दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह की पांच तारीख को आयुष्मान कार्ड निर्माण से संबंधित प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा।

आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी राशन कार्डधारी परिवार के सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान कार्ड बनाना अनिवार्य है। बेगूसराय जिला में 31 निजी अस्पताल एवं 19 सरकारी अस्पताल इस योजना अंतर्गत सूचीबद्ध है। इसमें 70 वर्ष के ऊपर के सभी वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि प्रखंड में अब तक आयुष्मान कार्ड 52780 लाभार्थियों का बन चुका है। जबकि पंचायत स्तर पर कुम्हारसो पंचायत में सात हजार, रजौड़ पंचायत में छह हजार, दुनही पंचायत में छह हजार, कोरियामा पंचायत में चार हजार, सोनमा पंचायत में आठ हजार नौ सौ, मौजी हरिसिंह पंचायत में आठ हजार पांच सौ, कोरैय पंचायत में आठ हजार चार सौ, गढ़पुरा पंचायत में सात हजार तीन सौ, मालीपुर पंचायत में आठ हजार चार सौ लाभार्थी बचे हैं, इनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है।

## आशा दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मनरेगा सभा भवन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार ने की। बैठक में आगामी 11 जुलाई से 31 जुलाई तक होने वाले परिवार नियोजन पखवाड़ा के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही एम आशा पोर्टल पर किए गए सभी कार्यों को पोर्टल में एंट्री करने संबंधित जानकारी दी गई।

# युवक का शव मिलने से लोगों में अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवहर।** जिले के पिपराही थाना क्षेत्र के परसौनी बैज गांव में शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव के पास बने बांध के किनारे एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान गांव के ही ललन प्रसाद श्रीवास्तव के 42 वर्षीय बेटे गुड्डू कुमार श्रीवास्तव के रूप में हुई है।

गुड्डू गांव में घूम-घूमकर बिजली ठीक करने का काम करता था। बताया गया कि वह गुरुवार शाम से लापता था। परिजन रातभर उसे ढूंढते रहे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे कुछ लोगों ने जब बस के पास झाड़ियों में देखा तो वहां शव पड़ा हुआ था। इसकी जानकारी तुरंत गांव के मुखिया भाग नारायण साह को दी गई और फिर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पिपराही थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार मेहता मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शव की हालत देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक के गले में गमछा लिपटा हुआ था और सिर पर चोट के निशान थे। शरीर के कुछ हिस्सों से खून भी निकल रहा था। लोगों ने बताया कि गुड्डू एक मेहनती और मिलनसार युवक था। उसकी शादी नहीं हुई थी और वह अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करता था। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। मां पर तो जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि यह हत्या है या आत्महत्या, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। फिलहाल, परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है।

**पूर्व रेलवे**

**संशोधनी**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा पूर्व प्रकाशित **खुली निविदा सूचना संख्या: 12-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक: 20.06.2025** के संबंध में संशोधनी। कार्य का नाम "आसनसोल मंडल- (1) अप सिक लाइन और बीओएक्सएन डिपो में बुनियादी ढांचे के विस्तार और (2)अप सिक लाइन और बीओएक्सएन डिपो में बुनियादी ढांचे के विस्तार के संबंध में पीए सिस्टम के प्रावधान के संबंध में दूरसंचार कार्य" के बदले **"आसनसोल मंडल: अंडाल में अप सिक लाइन और बीओएक्सएन डिपो में बुनियादी ढांचे के विस्तार के संबंध में पीए सिस्टम के प्रावधान के संबंध में दूरसंचार कार्य"** पढ़ें। निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। निविदा सूचना, निविदा दस्तावेज और संशोधनी वेबसाइट **http://www.er.indianrailways.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं।

(ASN-99/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway

@easternrailwayheadquarter

# डीआरएम जयंत कुमार चौधरी ने 80 कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर मुख्यालय स्थित 'अधिकारी क्लब' में '69 वां रेल सप्ताह' का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी एवं शालिनी चौधरी, अध्यक्षा, दानापुर महिला कल्याण संगठन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जयंत कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि आज 69वां रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर आप सबको हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। जैसा कि आप सब जानते हैं 16 अप्रैल 1853 को बम्बई से थाने के बीच शुरू हुई एक छोटी सी यात्रा, आज विश्व के विशालतम संगठनों में शुमार भारतीय रेल के रूप में हमारे सामने है। हम समारोह के माध्यम से उस यादगार क्षण तथा इस गौरवशाली विकास यात्रा को याद करते हैं। हमें गर्व है कि हम सब इस समृद्ध परम्परा की वर्तमान कड़ी है। जैसा कि आपको मालूम है कि प्रतिवर्ष आपकी निष्ठा, अनुकरणीय कर्तव्यपालन एवं प्रशंसनीय कार्यों के परिणामस्वरूप मंडल स्तर पर आपको पुरस्कृत करने का यह एक प्रयास है। देश के नवनिर्माण में भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। दानापुर मंडल भारतीय रेल का एक महत्वपूर्ण मंडल है जो अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाए हुए है। दानापुर मंडल अटूट प्रतिबद्धता के साथ समेकित प्रयास से यात्रियों की सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण यात्रा हेतु निरंतर प्रयत्नशील है। इस प्रयास में आप सभी का योगदान सराहनीय



रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय रेल के स्टेशनों के पुनर्विकास एवं आधुनिकीकरण के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशीला रखी जिनमें दानापुर मंडल के 20 स्टेशनों को भी शामिल किया गया है जिसकी लागत खर्च लगभग 350 करोड़ रूपये है। जयंत कुमार चौधरी ने दानापुर मंडल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दानापुर मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान यात्री किराया, माल भाड़ा एवं अन्य कोचिंग आय से होने वाली आय में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है जिससे कुल 1700 करोड़ रू. की आय हुई है तथा स्क्रैप की बिक्री से लगभग 48 करोड़ मूल्य की आय प्राप्त हुई है। किउल-गया सेक्शन लाइन का दोहरीकरण का कार्य पूरा किया गया। करनौती स्टेशन से बख्तियारपुर लिंक केबिन स्टेशन के बीच लगभग 4.2 किलोमीटर लंबी रेल ओवर रेल का निर्माण किया गया। किउल और बड़हिया के बीच अशोकधाम में ब्लॉक स्टेशन स्थापित किया गया जिसमें इलेट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था भी स्थापित की गई है। पटना जंक्शन प्लेटफार्म सं. 1 पर एक आरपीएफ ऑफिस एवं बैरक का निर्माण किया गया। स्वदेश में निर्मित विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन भारतीय रेल की पहचान बन रही है। हमें गर्व है कि कई वंदे भारत ट्रेन एवं 01 नमो भारत ट्रेन की सौगात दानापुर मंडल को मिली है और इसका संचालन एवं अनुरक्षण मंडल द्वारा किया जा रहा है। वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण त्योहारों जैसे कि दुर्गापूजा, दीपावली एवं छठ में और समर होलीडे सीजन में यात्रियों के भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु 10,6,65 पूजा स्पेशल ट्रेन ट्रिप्स चलाई गई। इस्लामपुर-नटेसर सेक्शन के बीच सेक्सलन स्पीड को 60 किलोमीटर से बढ़ाकर 110 किलोमीटर प्रतिघंटा किया गया जिससे परिचालन एवं समय पालन में अतिरिक्त सुधार हुआ है। दानापुर मंडल के इतिहास में पहली बार दो लोडेड माल गाड़ियों को एक साथ जोड़कर रक्सौल के लिए चलाया गया। तीन खाली मालगाड़ियों को एक साथ जोड़कर एनाकोंडा नामक मालगाड़ी एनटीपीसी बाढ़ से धनबाद मंडल के लिए चलाई गयी।

## तिब्बत की आजादी, कैलाश मुक्ति और चीनी सामानों के बहिष्कार को लेकर दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तिब्बत की स्वतंत्रता, कैलाश मानसरोवर की मुक्ति और चीनी वस्तुओं के बहिष्कार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर भारत-तिब्बत सहयोग मंच की राष्ट्रीय परिषद की बैठक आगामी 28 एवं 29 जून 2025 को नई दिल्ली स्थित शांति ज्ञान निकेतन, गोयला डेयरी, नजफगढ़ में आयोजित की जा रही है। यह दो दिवसीय बैठक मंच की भावी रणनीति, संगठनात्मक विस्तार और राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान की दिशा को लेकर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में भारत के विभिन्न राज्यों से मंच के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी भाग लेंगे। दक्षिण बिहार प्रांत से राष्ट्रीय मंत्री शिवाकांत तिवारी, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अनिल श्रीवास्तव, प्रांत अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार, सह-क्षेत्र संयोजक पूनम सिन्हा, प्रांत महामंत्री डॉ. मुकेश कुमार ओझा तथा ओम स्वस्तिक प्रिया सहित अन्य प्रतिनिधिगण बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हो चुके हैं। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए प्रांत महामंत्री डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने बताया कि भारत-तिब्बत सहयोग मंच का मूल उद्देश्य तिब्बत को चीनी आधिपत्य से मुक्त कर एक स्वतंत्र और शांतिपूर्ण राष्ट्र के रूप में पुनः स्थापित करना है।

## डायरिया की रोकथाम को लेकर चलेगा 'स्टॉप डायरिया कैंपेन' : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि शिशु स्वास्थ्य और बच्चों में डायरिया से बचाव के उद्देश्य से राज्य में 'स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025' का अभियान चलाया जाएगा। अभियान की शुरुआत 15 जुलाई से होगी, जो दो माह यानी 14 सितंबर तक मनायी जायेगी। दो माह के इस अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के प्रति बच्चों के बीच ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोली का वितरण एवं उनके अभिभावकों को डायरिया नियंत्रण संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा डायरिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए ओआरएस और जिंक की ससमय आपूर्ति एवं वितरण जरूरी है। ओआरएस और जिंक के समय से उपयोग के जरिए डायरिया के कारण शिशुओं में होने वाली मौतों को शून्य किया जा सकता है। इस लिहाज से अभियान का लक्ष्य



ओआरएस और जिंक की समय पर आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने के साथ समुदाय में इसके महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी है। अभियान का संचालन राज्य भर में अंतर विभागीय समन्वय और सहयोग से किया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ आईसीडीएस एवं शिक्षा विभाग की भी सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घरों में जाकर पांच वर्ष उम्र तक के प्रति बच्चों को ओआरएस का एक पैकेट और जिंक की 14 गोलियों का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के तहत पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 1.94 करोड़ बच्चों के 2 करोड़ 50 लाख घरों को लक्षित किया गया है।

श्री पांडेय ने कहा कि अभियान के दौरान अभिभावक को डायरिया से बचाव, टीकाकरण, स्तनपान, अनुपूरक आहार, विटामिन'ए' एवं ओआरएस-जिंक के महत्व के साथ ओआरएस बनाने की विधि आशा कार्यकर्ता बताएंगी। जिलों के सभी निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम को अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए ओ.आर.एस. जिंक कॉर्नर संचालित करने के अनुरोध किए गए हैं। अभियान की सफलता के लिए इसकी निगरानी एवं नियमित रिपोर्टिंग पर जोर दिया जाएगा। साथ ही अभियान के दौरान कॉल सेंटर स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। सरकार डायरिया से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारी को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर

## म्यूच्यूअल ट्रांसफर का शिक्षकों ने किया विरोध, फैसला वापस नहीं होने पर करेंगे सामूहिक आत्मदाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के ट्रांसफर प्रक्रिया में अचानक बदलाब से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बीते दिनों सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा था कि ट्रांसफर की प्रक्रिया अब शिक्षकों द्वारा परस्पर ही की जाएगी। इस पत्र का शिक्षक संघ ने कड़ा विरोध किया है। बिहार विद्यालय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव तथा महासचिव अनीश सिंह ने कहा की खेल के बीच में नियम बदलना कहीं से न्यायोचित नहीं है। म्यूच्यूअल ट्रांसफर से एक फीसदी भी शिक्षकों को उनके पसंदीदा स्थान पर ट्रांसफर नहीं मिल सकेगी। सबसे ज्यादा परेशानी अंतर जिला में पदस्थापित शिक्षकों को होगी। उन्होंने शिक्षा विभाग से तत्काल इस प्रक्रिया पर रोक लगाकर रिक्ति के अनुसार ट्रांसफर करने की मांग की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपांकर गौरव ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यह आदेश तुरंत ही वापस होने चाहिए वरना ट्रांसफर से वंचित शिक्षक शिक्षा विभाग के सामने ही सामूहिक आत्मदाह करेंगे। बताते चले कि शिक्षा विभाग ने विशेष समस्या से ग्रसित शिक्षकों से पिछले साल ही अभ्यावेदन प्राप्त किया था तथा 1 लाख 30 हजार शिक्षकों का ट्रांसफर ग्रीष्मावकाश तक करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक मात्र 62 हजार शिक्षकों का ही स्थानांतरण हुआ है। सबसे अधिक परेशानी पुरुष शिक्षकों की है ,दूरी के आधार पर अंतर जिला एक भी पुरुष शिक्षक का ट्रांसफर विभाग ने नहीं किया है ।

## तेजस्वी यादव ही होंगे महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार : कन्हैया कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले महागठबंधन के अंदर मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी संशय की स्थिति समाप्त हो गई है। महागठबंधन के अहम सहयोगी कांग्रेस के नेता कन्हैया कुमार ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में अगर महागठबंधन को बहुमत मिला तो मुख्यमंत्री राजद से ही होगा। कन्हैया कुमार ने शुक्रवार को कहा कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का मुख्य चेहरा बनाने को लेकर महागठबंधन में कोई भ्रम या विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे पर कोई संशय नहीं है। तेजस्वी यादव के नाम पर भी कोई विवाद नहीं है। कन्हैया कुमार के इस बयान के बाद साफ हो गया है कि तेजस्वी यादव ही महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। दरअसल, कांग्रेस के कुछ नेताओं ने बीते दिनों मुख्यमंत्री पद पर तेजस्वी के नाम पर फाइनल सहमित नहीं दी थी। लेकिन, अब कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के इस बयान से तेजस्वी यादव के महागठबंधन के अंदर मुश्किल आसान हो गई है। कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के जीतने पर सबसे बड़े घटक दल के रूप में राजद का नेता ही स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री होगा। कन्हैया कुमार ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा को जैसे ही मौका मिलेगा, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जगह अपने किसी नेता को बिहार का मुख्यमंत्री बना देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह परंपरा रही है कि वो पहले क्षेत्रीय पार्टी का समर्थन लेती है और फिर धीरे-धीरे उसे निगल जाती है। कन्हैया कुमार ने दावा किया कि बिहार में पिछले विधानसभा चुनावों की तुलना में 'परिवर्तन की हवा' अधिक मजबूत है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऑपरेशन सिंदूर को चुनावी मुद्दा नहीं बना रही है क्योंकि उसे पता है कि बिहार के लोग इसे देश के सम्मान का मामला मानते हैं और किसी भी पार्टी को इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह भी तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने का समर्थन किया था। उन्होंने तेजस्वी यादव से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा था कि तेजस्वी नहीं तो कौन मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार में महागठबंधन की अगुवाई राजद कर रही है। इस गठबंधन में वामदल, कांग्रेस और वीआईपी शामिल है। पिछले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के सबसे बड़े घटक राजद ने 144 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 75 सीटें हासिल की थी।

## बिहार के सभी जिलों में कार्य करने लगे हैं बीएसएनएल की 4जी सेवा : रवीन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत संचार निगम लिमिटेड बिहार परिमंडल ने 4जी सेवा के तहत स्वदेशी तकनीक से निर्मित 2958 4जी उपकरण स्थापित करने का काम पूरा कर लिया है। बीएसएनएल बिहार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक रविन्द्र कुमार चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि बीएसएनएल की 4जी सेवा बिहार के सभी जिलों में एवं दूर सराज के क्षेत्रों में बहाल में हो चुकी है। अगले 15 दिनों में 4जी सेवा सुचारू रूप से कार्य करने लगेगा। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल ने ग्राहकों के विश्वास और प्यार को देखते हुए तथा उनको हो रही परेशानियों के मद्देनजर त्वरित कार्रवाई की है और 4जी सेवा की समस्याओं को दूर कर लिया गया है। रवीन्द्र चौधरी ने बताया कि यदि किसी स्थान पर कालिंग अथवा डेटा की समस्या हो तो हमारे टाल फ्री नंबर 1503 पर संपर्क कर सकते हैं। 4जी सेवा लगातार सुधार के कारण 80 हजार जीबी डेटा की खपत प्रतिदिन हो रही है और वायस ट्रैफिक भी लगातार बढ़ते हुए 10 हजार एरलाग को पार कर गया है। 4जी ग्राहकों को, यदि वायस कालिंग की कोई समस्या हो तो अपने सेट में उपलब्ध वोल्ट सुविधा को स्वयं सक्रिय कर लें। वोल्ट सुविधा अभी तक 2.5 लाख उपभोक्ताओं को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल 4जी उपयोग करने वाले ग्राहकों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हमारे सभी बीएसएनएल ग्राहक धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने हमारी सेवाओं पर अपना विश्वास एवं भरोसा कायम रखा है। उन्होंने बताया कि अब तक 4जी सेवाओं से संबंधित वैसे ग्रामीण इलाके जहां पहले कभी 4जी का सिग्नल नहीं था, में भी 100 मोबाइल टावरों को चालू कर दिया गया है जो रोहतास, कैमूर, गया, नवादा, मुंगेर, जमुई और लखीसराय जिलों में फैले हुए हैं। ग्राहकों की सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए बीएसएनएल लागातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल की 4जी सेवाओं की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बीएसएनएल मुख्यालय द्वारा 1000 नए बीटीएस लगाने के लिए भी स्वीकृती दे दी गई है जो जुलाई माह से प्राप्त होनी की संभावना है।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल संसदीय समिति की बैठक

### सांसदों ने जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, डीडीयू के सभागार में किया गया। बैठक में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा की गयी। बैठक में सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर



पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की इस बैठक में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, सासाराम के सांसद मनोज कुमार, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, काराकाट के सांसद राजा राम सिंह तथा राज्य सभा की सांसद दर्शना सिंह एवं साधना सिंह उपस्थित थे। इनके अलावा केन्द्रीय मंत्री सह गया के सांसद जीतन राम मांझी के प्रतिनिधि राजेश कुमार पाण्डेय, बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह के प्रतिनिधि अजीत, औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार सिन्हा के प्रतिनिधि संजय कुमार उपस्थित थे। बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण एवं सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक रेलवे एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य संवाद का एक सशक्त माध्यम है और आपके सुझाव हमें सेवा की गुणवत्ता में और सुधार लाने हेतु प्रेरित करते हैं।

## राजद नेता अजीत यादव समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इस साल के होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत में जोड़तोड़ की राजनीति शुरू हो गई है। राजद के वोट बैंक में भाजपा ने बड़ी सेंधमारी कर दी है। इस से चुनाव से पहले राजद को तगड़ा झटका लगा है। जहानाबाद के पार्टी के वरिष्ठ नेता अजीत यादव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राजद छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। दरअसल, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण साधने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां जहानाबाद के राजद नेता अजीत यादव ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अजीत यादव सहित दर्जनों समर्थकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान दिलीप जायसवाल ने दावा किया कि बिहार में सबसे अधिक यादव विधायक और सांसद भाजपा के पास है जो लोग जाति के नाम पर राजनीति करते हैं, उन्हें अब यह समझना चाहिए कि यादव समाज का असली प्रतिनिधित्व भाजपा ही कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा यादव समाज के नेताओं और कार्यकर्ताओं को उचित प्रतिनिधित्व देगी।

दिलीप जायसवाल ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस जाति के वोट बैंक पर राष्ट्रीय जनता दल गर्व करता था, अब उस जाति ने भी सच्चाई को समझ लिया है। यादव समाज अब जान चुका है कि अगर कोई पार्टी वास्तव में उन्हें प्रतिनिधित्व दे रही है तो वह भाजपा है। कुल मिलाकर, आज का मिलन समारोह केवल अजीत यादव के पार्टी में शामिल होने की घोषणा नहीं थी, बल्कि यह भाजपा की ओर से यादव समाज को स्पष्ट संदेश देने की कोशिश भी थी कि अब वह उनके साथ मजबूती से खड़ी है।

## चालू योजना के तहत 2976 पैक्सों में स्थापित हुई कृषि बैंक

### योजना की उपयोगिता एवं लाभ से राज्य सरकार अवगत : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में पैक्सों के किसानों को उन्नत खेती के लिए इनपुट प्रदान करने हेतु कृषि संयंत्र बैंक की स्थापना मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना के द्वारा कराई जा रही थी। यह योजना वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक स्वीकृत थी। इस अवधि में राज्य की 8463 पैक्सों में 2976(35) पैक्सों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। इस योजना के लिए 439.05 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था जो कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, नई दिल्ली द्वारा केन्द्र सरकार की सेन्ट्रल सेक्टर इन्ट्रीगेटेड स्कीम ऑन एग्रीकल्चरल कॉरपरेशन योजना के अन्तर्गत चल रही है। राज्य के पैक्सों को इस योजना के तहत 15 लाख रुपये ऋण तथा अनुदान के रूप में दी जाती है। विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार अभी 1271 पैक्सों के द्वारा इस योजना से लाभान्वित होने के लिए प्रस्ताव दिया गया है। इस योजना के तहत पैक्सों को ट्रेक्टर, ट्रॉली, रोटोवेटर, सीडर, बान्डर, रीपर, हार्वेस्टर इत्यादि उपलब्ध कराया जा रहा है। पैक्सों द्वारा सरकारी ई-पोर्टल जेम पर स्वंय को क्रेता के रूप में निबंधित कर



ऑनलाइन उपस्कर क्रय किया जाता है जो एक पारदर्शी निविदा व्यवस्था है। मंत्री डॉ प्रेम कुमार सहकारिता विभाग द्वारा बताया गया कि इस योजना की उपयोगिता एवं लाभ से राज्य सरकार अवगत है। आगामी वर्षों में राज्य के शेष पैक्सों को भी इस योजना से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से योजना स्वीकृति की संभावना तथा राज्य स्तर से भी इस योजना को कार्यान्वित करने पर विचार किया जा रहा है। शीघ्र ही इस योजना को विस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## रजत जयंती पर आस्था से सराबोर रहा शक्तिधाम, भजन सुन विभोर हुए श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर का रजत जयंती और स्थापना दिवस शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने कहा कि आज आषाढ़ सुदी दूज के पावन अवसर पर दादी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शक्तिधाम के 25 वर्ष पूरे होने पर यहां की आभा देखते बनी। दिनभर मंदिर परिसर भक्तों की आस्था और भजनों से सराबोर रहा। श्री दादीजी का विशेष श्रृंगार किया गया था और पूरे मंदिर को मेहंदी, पुष्पों व पारंपरिक सजावटी वस्तुओं से सजाया गया। संध्या बेला में विशेष भोग अर्पित किया गया और सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक लाल-पीली साड़ी और चुनरी धारण कर मंदिर पहुंचीं। शक्तिधाम महिला मंडल की शकुन्तला अग्रवाल, रेखा मोदी, चंदा पोद्दार, प्रेमलता गोयल, सरिता बंका, रिमझिम सर्राफ, रेणु अग्रवाल, रेणु बजाज, सुमित्रा मित्तल,



बनारस की प्रसिद्ध भजन गायिका सुगंधा वर्मा

अनुसूईया खेतान, प्रीति अग्रवाल, सीमा माखरिया सहित अन्य ने दादीजी की आराधना की और भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वाराणसी की प्रसिद्ध भजन गायिका सुगंधा वर्मा रहीं जिनकी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने जब गाया 'मंदिर सज गया प्यारा प्यारा, कीर्तन की है रात' 'दादी तेरे मंदिर में दरबार ये झुंझुनवाली का' दादीजी तू बिन कौन सहारा, तू ही जीवन की है धारा... और मेरा हर सांस तेरा नाम पुकारे दादी मां, तेरे चरणों में ही जीवन हमारा दादी मां... जैसे भजन प्रस्तुत किए तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 2 जुलाई को

### बैठक में बारह सौ प्रमुख नेता और कार्यकर्ता लेंगे हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। भाजपा की बिहार प्रदेश कार्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक 2 जुलाई को पटना में होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ज्ञान भवन में होने वाली इस बैठक में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। दिलीप जायसवाल ने बताया कि इस बैठक में पूरे बिहार से लगभग 1200 प्रमुख नेता और कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि इनमें प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल होंगे।

दिलीप जायसवाल ने बताया कि दिन भर चलने वाले सत्र में पार्टी के आगामी रणनीतिक प्रस्तावों पर गहन चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन और अन्य केंद्रीय नेताओं की उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होने की उम्मीद है। बैठक बिहार भाजपा के लिए भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस दौरान दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि बेचैन आत्मा राजनीति में अपनी दुकानदारी चलाने के लिए कुछ भी वादा करने को तैयार हैं, इसका मतलब क्या है? उसका कोई फायदा नहीं है जिसको सरकार में आना ही नहीं है, वह कुछ भी वादा कर ले। उन्होंने कहा कि कल तक जो लाठी बांटे रहे वे अब कलम बांट रहे हैं। हाथी के दांत दिखाने के अलग और खाने के अलग हैं।

## बहुत गहरी हैं लघुकथा की जड़ें : डॉ रामवचन राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लघुकथा को विधागत मान्यता दिलाने के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के प्रणेता और अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के प्रतिष्ठापक डॉ सतीशराज पुष्करणा की 5वीं पुण्यतिथि पर जगजीवन राम शोध संस्थान में स्मृति पर्व का आयोजन किया गया। लघुकथाकारों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए साहित्य में उनके योगदान की विस्तार से चर्चा की। मौके पर वरिष्ठ लघुकथाकार डॉ कमल चोपड़ा द्वारा संपादित लघुकथा केंद्रित वार्षिक पत्रिका 'संरचना' के 17वें अंक का



लोकार्पण किया गया एवं लघुकथाकारों ने अपनी -अपनी लघुकथाओं का पाठ भी किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ रामवचन राय ने कहा कि लघुकथा की जड़ें बहुत गहरी हैं और इसे सींचने में सतीशराज पुष्करणा का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लघुकथा की समृद्धि और नवोदित लघुकथाकारों की बेहतरी के लिए न्योछावर कर दिया था। अध्यक्षता करते हुए नई धारा के संपादक डॉ शिवनारायण ने कहा कि लघुकथा को आज जो देशव्यापी प्रतिष्ठा प्राप्त है, उसके पीछे लघुकथा आंदोलन के राष्ट्रीय प्रणेता सतीशराज पुष्करणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## तेज प्रताप यादव ने स्वीकारा तेजस्वी यादव से दूरी की बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने शुक्रवार को खुद को 'दूसरा लालू' घोषित किया। एक निजी टीवी चैनल के इंटरव्यू में उन्होंने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव से रिश्तों को लेकर पहली बार खुलकर बात की। तेज प्रताप ने माना कि दोनों भाइयों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि वह रिश्तों को संभालना चाहते हैं और बड़े भाई की भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अभी थोड़ा-बहुत उथल-पुथल जरूर है, लेकिन मैं रिश्ता बिगाड़ना नहीं चाहता। मैं हर रिश्ते को ठीक रखने की कोशिश करता हूं। चाहे घर का सदस्य हो या बाहर का कोई, मेरे लिए रिश्ते अहम हैं। तेजप्रताप ने अपने खिलाफ साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग मेरे खिलाफ साजिश कर रहे हैं, उन्हें मैं वक्त आने पर जवाब दूंगा। दुश्मन घर का हो या बाहर का, पहचानना मुश्किल होता है। कई बार दुश्मन आपके बहुत पास होता है।

## संपादकीय

# सबसे बड़ा अधिकार

उत्तराखंड हाई कोर्ट का फैसला – कि अतिक्रमित भूमि पर रहने की वजह से किसी को मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता– भारतीय लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों को दोहराता है । वोटिंग का अधिकार संविधान की ओर से दिया गया है और इसका आधार जमीन का टुकड़ा नहीं हो सकता। न यह अधिकार इतना कमजोर है कि इसे किसी सरकारी फरमान से छीना जा सके। उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के कुछ लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राज्य सरकार के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि सरकारी, जंगल या किसी और जमीन पर अतिक्रमण करके रहने वालों को पंचायत चुनावों में मतदान करने या इलेक्शन लड़ने से वंचित किया जाएगा। हाई कोर्ट ने इस पर साफ किया कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मताधिकार सुरक्षित है और न्यायपालिका या सरकार कोई भी इसे वापस नहीं ले सकता। राज्य सरकार का यह आदेश अगर लागू हो जाता, तो एक खतरनाक मिसाल बन सकता था। देश के कई हिस्सों में आज भी लाखों लोग ऐसी जमीनों पर रह रहे हैं, जिनका स्वामित्व स्पष्ट नहीं है, खासतौर पर शहरों के बीच बसी झुग्गियों, गांवों और आदिवासी क्षेत्रों में। देश में वैसे भी जमीन से जुड़े मुकदमे बरसों तक चलने के लिए बदनाम हैं। कई मामलों में पीढ़ियां बदल गईं और फैसला नहीं आया। लेकिन, इसका यह मतलब नहीं है कि इन्हें अतिक्रमणकारी बताकर इनके संवैधानिक अधिकार से वंचित कर दिया जाए। लोकतंत्र में मताधिकार केवल चुनावी प्रक्रिया का एक अंग नहीं है। इसी से भागीदारी और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होता है। संविधान ने देश के लोगों को यह अधिकार दिया है जब अनुच्छेद 326 के ड्राफ्ट आर्टिकल को शामिल किया जा रहा था, तब भी इस पर आपत्ति उठाई गई थी। एक सदस्य ने वयस्क मताधिकार का विरोध करते हुए अंदेशा जताया था कि अगर मतदाता जागरूक और शिक्षित न हुआ, तो संसदीय लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती। हालांकि वक्त ने इस अंदेशे को हवा में उड़ा दिया। हर नागरिक, जो निर्धारित आयु पूरी कर चुका हो और कुछ विशेष आधारों पर अयोग्य न हो, उसे मतदाता बनने का अधिकार है। शुरुआत में यह आयु 21 वर्ष थी, जिसे 61वें संविधान संशोधन के जरिये घटाकर 18 वर्ष किया गया। इसका मतलब कि देश का अपने लोगों पर यकीन और पक्का हुआ। जमीन से जुड़े विवाद को लेकर इस यकीन को तोड़ा नहीं जा सकता। हां, अतिक्रमण बड़ी समस्या है, पर उससे निपटने का तरीका वह नहीं, जो उत्तराखंड सरकार ने खोजा।

**नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 26 जून को नशीली दवाओं मुक्त दुनिया को निर्मित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने, कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और नशीली दवाओं के बारे में तथ्यों को साझा करना है। साथ ही साक्ष्य आधारित रोकथाम, स्वास्थ्य जोखिमों और विश्व नशीली दवाओं की समस्या, उपचार और देखभाल से निपटने के लिए उपलब्ध समाधानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अवैध ड्रग्स एवं तस्करी मानव के लिए बहुत बड़ी पीड़ा एवं संकट का स्रोत हैं। सबसे कमज़ोर लोग, खास तौर पर युवा लोग, इस संकट का खामियाजा भुगतते हैं।**

# नशीली दवाओं के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध का आह्वान

**(ललित गर्ग)**

भारत में नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक बढ़ता हुआ संकट है, जो भौगोलिक रूप से कमजोर, बढ़ती उपलब्धता और कम उम्र में इसकी शुरुआत से प्रेरित है। यह समस्या सभी आयु समूहों में फैली हुई है, लेकिन युवाओं में यह विशेष रूप से चिंताजनक है, जिसके स्वास्थ्य और सामाजिक परिणाम महत्वपूर्ण हैं।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 26 जून को नशीली दवाओं मुक्त दुनिया को निर्मित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने, कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और नशीली दवाओं के बारे में तथ्यों को साझा करना है। साथ ही साक्ष्य आधारित रोकथाम, स्वास्थ्य जोखिमों और विश्व नशीली दवाओं की समस्या, उपचार और देखभाल से निपटने के लिए उपलब्ध समाधानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अवैध ड्रग्स एवं तस्करी मानव के लिए बहुत बड़ी पीड़ा एवं संकट का स्रोत हैं। सबसे कमज़ोर लोग, खास तौर पर युवा लोग, इस संकट का खामियाजा भुगतते हैं। ड्रग्स का इस्तेमाल करने वाले और नशे की लत से जूझ रहे लोग अंधेरी दुनिया में भटकते हुए कई चुनौतियों का सामना कर रहे है। नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के खुद के हानिकारक प्रभाव, उनके द्वारा झेला जाने वाला कलंक, स्वास्थ्य संकट और भेदभाव और अक्सर उनकी स्थिति के प्रति कठोर और अप्रभावी प्रतिक्रियाएं दुनिया को एक महासंकट में धकेल रही है। इसलिये नशे एवं नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन एवं तस्करी को रोकने के लिये दुनिया को एकजुट होकर इस महत्वाकांक्षी युद्ध को सफल बनाना नितांत अपेक्षित है।

हर साल संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) वैश्विक जागरूकता अभियानों और नीति सिफारिशों का मार्गदर्शन करने के लिए एक थीम निर्धारित करता है। 2025 की थीम है- ''जंजीरों को तोड़ना- सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति!'' यह नारा सामुदायिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने में वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर देता है। यूएनओडीसी की विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट 2020 के अनुसार, वर्ष 2018 में वैश्विक स्तर पर 269 मिलियन लोगों ने मादक पदार्थों का उपयोग किया, जो वर्ष 2009 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है; तथा अनुमान है कि 35 मिलियन लोग मादक पदार्थ उपयोग विकारों से पीड़ित हैं। यह दिवस न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और वैकल्पिक आजीविका सहित रोकथाम में निवेश का आह्वान करता है-जो टिकाऊ लचीलेपन के निर्माण के साथ उन्नत एवं स्वस्थ मानव जीवन का आधार हैं। दुनिया में सभी राष्टों में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, सभी देशों में बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि दुनिया 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रही है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। जिससे समय के साथ दुनिया में हेरोइन,




अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है।

नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे लाखों व्यक्ति, परिवार और समाज प्रभावित हो रहे हैं। इसीलिये यह दिवस एक स्वस्थ और नशीली दवाओं से मुक्त समाज बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियों, सामुदायिक सहभागिता और नुकसान कम करने की रणनीतियों के महत्व पर प्रकाश डालता है। पिछले वर्ष विश्वभर में 15-64 वर्ष की आयु के 300 मिलियन से अधिक लोगों ने नशीले पदार्थों का उपयोग किया है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार से पीड़ित 8 में से 1 व्यक्ति को उपचार मिल पाता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंच की तत्काल आवश्यकता उजागर होती है। वैश्विक नशीली दवाओं का व्यापार प्रतिवर्ष 400 बिलियन डॉलर से अधिक उत्पन्न करता है, जिससे संगठित अपराध, भ्रष्टाचार और हिंसा को बढ़ावा मिलता है। इस बड़े संकट की रोकथाम की आवश्यकता को महसूस करते हुए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसंबर, 1987 को संकल्प 42/112 के माध्यम से आधिकारिक तौर पर इस दिवस को स्थापित किया। इसका लक्ष्य नशीली दवाओं से संबंधित समस्याओं से निपटने में वैश्विक सहयोग को मजबूत करना और दंडात्मक उपायों के बजाय सार्वजनिक स्वास्थ्य-आधारित प्रतिक्रियाओं को बढ़ावा देना है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग शरीर में लगभग हर प्रणाली को प्रभावित करता है, जिससे गंभीर अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणाम सामने आते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन से दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थितियाँ पैदा होती हैं, जिसमें ओपिओइड, मेथ और सिंथेटिक ड्रग्स सबसे ज्यादा मृत्यु दर और दीर्घकालिक अंग क्षति का कारण बनते हैं। इसके अलावा, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मानसिक स्वास्थ्य परिणाम उपयोगकर्ता से परे तक फैल जाते हैं, जिससे अक्सर परिवार टूट जाते हैं, रोजगार छिन जाता है और अपराध दर बढ़ जाती है।

भारत में नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक बढ़ता हुआ संकट है, जो भौगोलिक रूप से कमजोर, बढ़ती उपलब्धता और कम उम्र में इसकी शुरुआत से प्रेरित है। यह समस्या सभी आयु समूहों में फैली हुई है, लेकिन युवाओं में यह विशेष रूप से चिंताजनक है, जिसके स्वास्थ्य और सामाजिक परिणाम महत्वपूर्ण हैं। नशा मुक्त भारत अभियान - जागरूकता, शिक्षा और सामुदायिक कार्रवाई वाला एक राष्ट्रीय अभियान है। सीमा नियंत्रण और नारकोटिक्स ब्यूरो (एनसीबी)- बढ़ते नशीली दवाओं एवं नशे उत्पादों की तस्करी से निपटता है। यह नशीली दवाओं की जब्ती और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर काम करता है। नशे एवं ड्रग्स के धंधे की रोकथाम एवं जन-जागृति के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, नयी-नयी योजनाओं को लागू किया है। मोदी सरकार नशीली दवाओं के दुरुपयोग के शिकार लोगों के कल्याण, नशामुक्ति एवं नशामुक्त भारत को निर्मित करने के प्रतिबद्ध है।

पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स को व्यापक स्तर पर फैलाया है, जिसके दुष्परिणाम विशेषतः पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। देश के युवा अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं, पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी के चक्र को तोड़ने के लिए समन्वित दीर्घकालिक कार्रवाई की आवश्यकता है। जरूरत है दुनिया की इस बड़े संकट एवं नासूर बनती इस समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिये सरकारों के साथ गैर-सरकारी संगठन कमर कसे। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं।

# हर काल, दर्द का वही हाल

**(सरयूसुत मिश्रा)**

अजीब हालात हैं। देश के दोनों राष्ट्रीय दल बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे को संविधान का हत्यारा साबित करने में जुटे हुए हैं. दो पाटों के बीच पिस कर तो कोई भी नहीं बचता। बीजेपी आपातकाल के पचास साल के दिन को संविधान हत्यादिवस के रूप में मना रही है तो कांग्रेस संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान को लेकर बीजेपी को कटघरे में खड़ा कर रही है.. !!

आपातकाल कांग्रेस का अतीत और इतिहास का अन्याय काल रहा है, जबकि अंबेडकर के अपमान का आरोप राजनीति के अलावा कुछ भी नहीं कहा जा सकता. ऐसा लगता है, दिवंगत महापुरुषों का सम्मान से ज्यादा अपमान के मामलों में नाम उछाला जाता है. अगर स्मृतियों को जीवंत रखने में अपमान की घटनाएं इतनी कारगर हैं तो फिर यह दाग अच्छे ही हैं।

राजनीतिक दलों का एजेंडा अलग है। इसको देश के एजेंडे से घालमेल नहीं किया जा सकता। संविधान की हत्या का संघर्ष जारी है। यह आगे भी जारी रहेगा। एक आम नागरिक की दृष्टि से हर अन्याय काल, आपातकाल जैसा ही होता है. जो दर्द भोगता है, उसे ही पता होता है कि, हर काल का दर्द वही होता है।

आपातकाल के पचास साल पूरे होने पर अतीत की घटनाओं पर वार-पलटवार हो रहे हैं। हम इस दिन को वर्तमान की नजर से देखना चाहते हैं। आपातकाल के पचास साल के पहले सप्ताह की खबरों का हाल बिना कुछ कहे सब कुछ बता रहा है। एक ही दिन 25 जून में पांच खबरें पढ़ने को मिली।

पहली मामला भूखे सिस्टम द्वारा रूपये 858 करोड़ के झूठे पोषण आहार वितरण से जुड़ी हुई है। यह गड़बड़ी कैग द्वारा पकड़ी गई है। लोकायुक्त ने इस पर जांच भी प्रारंभ की है। पोषण आहार उनको दिया जाता है जो कुपोषित हैं, जिनका जीवन संकट में है। संकट में समाधान देना जिस सिस्टम की जिम्मेदारी है, वही अपने लाभ के लिए उसका उपयोग करने लगे तो फिर इसे कौन सा काल कहा जाएगा? आपातकाल नहीं तो कम से कम इसे अन्याय काल तो कहा ही जा सकता है।

दूसरा मामला आगर-राजगढ़ जिले की सीमा पर बने कुंडलिया डैम में मुआवजा घोटाले से संबंधित है। अफसरों ने फर्जी आधार से बच्चों को अठ्ठारह साल का दिखाकर मुआवजा हड़प लिया. जो वास्तविक हकदार थे, वह तो तड़पते रहे लेकिन फर्जी लोगों के नाम पर मुआवजा अफसरों ने हजम कर लिया. जनधन हड़पने की सिस्टम की यह नीति और कार्य प्रणाली के दुष्प्रभाव क्या आपातकाल से कम कहे जा सकते हैं?तीसरा मामला-रेरा द्वारा स्मार्ट सिटी के सभी रेजिडेंशियल कमर्शियल प्रोजेक्ट रोके जाने की है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि दी गई है। यह प्रोजेक्ट वर्ष 2015 में शुरू किया गया था. स्मार्ट सिटी मिशन अपने दस साल पूरे कर चुका है। इस मिशन के अंतर्गत आम जनता को जो सपने दिखाए गए थे, वह इतने वर्षों बाद भी पूरे नहीं हुए हैं. अब हालात यह है कि मिशन ही अपने अस्तित्व के संकट के दौर से गुजर रहा है।

रेरा के खिलाफ़ स्मार्ट सिटी मिशन हाईकोर्ट गया है. रेरा भी एक संवैधानिक संस्था है और राज्य सरकार एवं उसके द्वारा गठित मिशन भी संविधान के अंतर्गत ही कार्य करते हैं। रेरा ने कुछ शर्त लगाई है तो निश्चित रूप से वह नियम के अंतर्गत ही होगी। यह अलग बात हैकि, सरकारी प्रोजेक्ट में इतनी रिजिड होने की आवश्यकता नहीं है. स्मार्ट सिटी के लिए जिन हजारों लोगों को बेघर किया गया था, जिन मकानों को ध्वस्त कर दिया गया था, जो प्लान बनाया गया था, उस पर अब तक अमल नहीं हो सका है।

क्या यह सिस्टम की निरंकुशता और ज्यादती नहीं कही जाएगी? इसके लिए क्या किसी आपातकाल की आवश्यकता है? ऐसी घटनाएं सिस्टम में अतार्किक और तानाशाही पूर्ण कार्य शैली की ओर इशारा करती हैं।

चौथा मामला-आदिवासी बाहुल्य अलीराजपुर के बीईओ कार्यालय में बीस करोड़ के गबन से जुड़ी हुई है। इस मामले में ईडी द्वारा डाले गए छापे पर यह खबर है, जो पैसा आदिवासियों के हित के लिए खर्च किया जाना था, उसका गबन हो जाए, वास्तविक हकदार वंचित रहे और सिस्टम के चोर लाभ उठाएं, वंचित हकदार का दर्द आपातकाल में भी वही होगा और सामान्य काल में भी वही रहेगा. दर्द की अनुभूति में कोई अंतर नहीं होगा।

पांचवा मामला- मुख्यमंत्री दुधारु पशु योजना में गड़बड़ी से जुड़ी है। आदिवासियों के हिस्से की भैंस दबंग पी गए हैं। दबंगों ने कुछ भैंस बेच दी और कुछ अपने बाड़े में बांध ली। यह योजना बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति के परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए थी। सार यह है कि, जो पीड़ित है, वंचित है, उसके लिए तो हर काल आपातकाल है. उसके अधिकारों और हक का जहां भी हनन हो रहा है वह आपातकाल ही कहा जाएगा।

भले ही यह खबरें मध्य प्रदेश से संबंधित हैं लेकिन किसी भी राज्य में हर दिन ऐसी ही खबरें सामने आती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि, ऐसी खबरें भी सिस्टम को विचलित नहीं करती है। संवेदनशील कहे जाने वाला प्रशासन इतना असंवेदनशील हो गया है, कि उन्हें यह खबरें भी परेशान नहीं करती। जो सार्वजनिक रूप से तथ्यों के साथ सामने आ चुका है, उन पर सिस्टम का इतना नकारात्मक रवैया है तो फिर जो उजागर नहीं हुए हैं उन पर तो क्या कहना?

सिस्टम निर्मित हादसे और कार्य प्रणाली से जिनको भी दर्द मिल रहा है, उनके लिए हर काल मानो आपातकाल है। इसे कालखंड के रूप में देखने से समाधान नहीं हो सकता। इसे एक मानसिकता के रूप में समझना पड़ेगा. उसको बदलना पड़ेगा. शासन चाहे एक्स के नियंत्रण में हो चाहे वाय के, लेकिन दर्द में दोनों को समान होना चाहिए।

बातों से ना संविधान बचेगा ना आपातकाल का वायरस मिटेगा। सच कहना, सुनना, बोलना और उसके लिए लड़ना पड़ेगा। सिस्टम और दर्द का सच एक है. इस सच को राजनीति से बहुत लंबे समय तक भटकाया नहीं जा सकता। जैसे जन्म में मृत्यु छुपी होती है, वैसे शुरुआत में ही अंत छुपा होता है. जिसके पास जितना भी काल है, वंचित का थोड़ा भी दर्द कम कर सके तो जीवन सफल माना जाएगा। (यह विचार लेखक के अपने हैं)

# आपातकाल- आधी रात जब छिन गए थे जनता के सारे अधिकार

**इंदिरा गांधी की सरकार ने अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया, मीडिया की आजादी छीन ली, लोगों के मौलिक अधिकारों को रौंदा, मानवाधिकारों का उल्लंघन किया और आम नागरिकों को बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और हत्या तक की गई। इस दौर में संविधान को भी कमजोर किया गया। हालांकि, आपातकाल का हर पहलू चौंकाने वाला था, लेकिन खासकर छात्रों पर किए गए अत्याचार बेहद निंदनीय थे। सब कुछ सिर्फ एक परिवार की तानाशाही को बरकरार रखने के लिए।**

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

इंदिरा गांधी की सरकार ने अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया, मीडिया की आजादी छीन ली, लोगों के मौलिक अधिकारों को रौंदा, मानवाधिकारों का उल्लंघन किया और आम नागरिकों को बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और हत्या तक की गई।

50 वर्ष पूर्व 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन देश में आपातकाल की घोषणा कर दी। पूरा देश इस फैसले से भौंचक रह गया। भारतीय इतिहास में लोकतंत्र का काला दिन था। आपातकाल लगाया गया, जो मार्च 1977 तक चला। इस दौरान भारत में लोकतंत्र लगभग खत्म कर दिया गया और एक तानाशाही शासन की शुरुआत इस दौरान नागरिक अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हुआ था।

इंदिरा गांधी की सरकार ने अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया, मीडिया की आजादी छीन ली, लोगों के मौलिक अधिकारों को रौंदा, मानवाधिकारों का उल्लंघन किया और आम नागरिकों को बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और हत्या तक की गई। इस दौर में संविधान को भी कमजोर किया गया। हालांकि, आपातकाल का हर पहलू चौंकाने वाला था, लेकिन खासकर छात्रों पर किए गए अत्याचार बेहद निंदनीय थे। सब कुछ सिर्फ एक परिवार की तानाशाही को बरकरार रखने के लिए।

पहली बार ऐसा मौका था जब देश में अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल की घोषणा की गई थी। लोगों को आपातकाल के मतलब भी नहीं पता था। आपातकाल की घोषणा के साथ ही आम जनता के सभी मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे। किसी तरह की अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार ही नहीं, लोगों के पास जीवन का अधिकार भी नहीं रह गया था। आम जनता, मीडिया समूह, रेडियो, और अन्य प्रचार के माध्यमों पर पूरी पाबंदी लगा दी गई थी। आपातकाल की घोषणा के कुछ घंटे के भीतर की प्रमुख समाचार पत्रों के कार्यालयों में बिजली की आपूर्ति काट दी गई थी।

आपातकाल की सूचना के बाद से ही देश में ढूंढ-ढूंढ कर विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो गया था। तत्कालीन समय के बड़े नेता जयप्रकाश नारायण, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, जॉर्ज फर्नांडिस को जेल में डाल दिया गया। विपक्षी नेताओं के साथ साथ समाज में प्रभाव रखने वाले कांग्रेस के विपरीत विचारधारा वाले सभी लोगों और आम जनता में बेगुनाहों को भी जेल में भर दिया गया था, जेलों में जगह नहीं बची थी। करीब 1,40,000 लोगों आपातकाल में बिना किसी सुनवाई के राजनीतिक बंदी बनाया गया।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आपातकाल के दौरान पूरे देश का नियंत्रण गांधी-नेहरू परिवार के हाथ में था। कांग्रेस ने आपातकाल की आड़ में वो सभी काम किए जो ना सिर्फ राजनीतिक लिहाज से अशोभनीय थे बल्कि अमानवीय भी थे। प्रेस में सरकार या आपातकाल की आलोचना करना अपराध की श्रेणी में आ चुका था। प्रेस-मीडिया पर भी सेंसरशिप लगा दी गई थी। हर अखबार में सेंसर अधिकारी तैनात किया गया था। हालात यह थे कि कांग्रेस समर्थित उस अधिकारी के अनुमति के बाद ही कोई समाचार छप सकता था। सरकार विरोधी समाचार छापने पर बिना किसी सुनवाई के गिरफ्तारी हो रही थी।

यही नहीं, कांग्रेस का विरोध करने वाले 26 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। 4 जुलाई 1975 को राष्ट्रीय विचार और भारतीयता के लिए काम करने वाले संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल के मुखर आलोचक रहे फिल्मी कलाकारों को भी इसका दंश झेलना पड़ा। किशोर कुमार के गानों को रेडियो और दूरदर्शन पर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देव आनंद को भी अनौपचारिक प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था।

देश में आपातकाल लागू होने के बाद कई त्रासद घटनाएं हुईं। दिल्ली का तुर्कमान गेट कांड भी इनमें एक था। मुस्लिम बहुल उस इलाके को संजय गांधी ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर खाली करा दिया। यह काम लोगों की सहमति से नहीं, बल्कि जबरन किया गया गया। बुल्डोजर से लोगों के घर ढहाए गए। जिन्होंने विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। विरोध के दौरान पुलिस ने लाठियां बरसाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने गोलियां भी चलाईं। चार लोगों की जान चली गई।

संजय गांधी की सनक के चलते सड़क से भिखारियों, झोपड़पट्टी के लोगों और राहगीरों को पकड़ कर जबरन नसबंदी के टार्गेट पूरे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 18 अक्टूबर 1976 को नसबंदी अभियान का विरोध कर रहे आंदोलनकारियों पर पुलिस ने सीधी फायरिंग कर दी थी। जिसमें 42 बेगुनाहों की मौत हो गई थी। मृतकों की स्मृति में यहां शहीद चौक बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान देशभर में 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी।

21 महीने के बाद जयप्रकाश का आंदोलन निर्णायक मुकाम तक जा पहुंचा। इंदिरा गांधी को सिंहासन छोड़ना पड़ा। मोरारजी देसाई की सरकार ने 28 मई 1977 में आपातकाल के दौरान हुए ज्यादतियों को जानने के लिए जस्टिस जे सी शाह की अध्यक्षता में शाह कमीशन गठित किया। शाह आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया था कि जिस वक्त आपातकाल की घोषणा की गई उस वक्त ना देश में आर्थिक हालात खराब थे और ना ही कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोई अड़चन थी। इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल अपनी इच्छा के अनुसार लगाया था और इस संबंध में उन्होंने अपने पार्टी के कुछ लोगों को छोड़कर किसी भी सहयोगी से कोई विमर्श नहीं किया था।

आपातकाल में गिरफ्तार किए गए अधिकतर सम्मानित और बुजुर्ग नेताओं को चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता थी, जो उन्हें अस्पताल में मौजूद नहीं कराई गई। इंदिरा गांधी की तानाशाही का एक नमूना इस बात से भी पता चलता है कि शाह आयोग ने नसबंदी कार्यक्रम पर सरकार के रवैए की बेहद आलोचना की थी। आयोग ने कहा था कि पटरी पर रहने वाले और भिखारियों की जबरदस्ती नसबंदी की गई इसके साथ-ऑटो रिक्शा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए नसबंदी सर्टिफिकेट दिखाना अनिवार्य कर दिया गया था। आयोग ने यह स्पष्ट रूप से माना था कि सरकारी तंत्र का उपयोग कर कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए इस पूरे आपातकाल का इस्तेमाल किया गया।

जनवरी 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह स्वीकार किया कि वर्ष 1975 में आपातकाल के समय नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ था। तत्कालीन अटॉर्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। आपातकाल के दौरान प्रेस की स्थिति को लेकर एक श्वेत पत्र 1 अगस्त 1977 में संसद में पेश किया गया। सत्या सी पेज के श्वेत पत्र से यह स्पष्ट हुआ कि तानाशाही की इच्छा रखने वाली इंदिरा गांधी ने अपनी अध्यक्षता में तय किया था कि प्रेस काउंसिल को भंग कर दिया जाए और तत्कालीन चारों समाचार एजेंसियों को मिलाकर एक कर दिया जाए, जिससे उन्हें सेंसर करने और संभालने में आसानी होगी।

राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के जो नेता पिछले कुछ समय अक्सर लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे हैं। संसद से सड़क तक वे संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, उन्हें याद दिलाना जरूरी है कि उनकी पार्टी के नेता ने दादागिरी करके इस देश पर 21 महीने आपातकाल लगाकर लोगों को जेल में ठूंस दिया था। असल में, 1975 में लगाया हुआ आपातकाल इंदिरा गांधी की गलती नहीं थी, बल्कि इंदिरा गांधी का 'अहंकार' था। दिसंबर 2024 को सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल का उल्लेख किया और कहा, ''दुनिया में जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो कांग्रेस के माथे से कभी यह कलंक मिट नहीं सकेगा क्योंकि लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। भारतीय संविधान निर्माताओं की तपस्या को मिट्टी में मिलाने की कोशिश की गई थी।'' (लेखक (स्वतंत्र पत्रकार) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### पोटका में धूल फांक रही व्हीलचेयर, जवाबदेही तय हो : भाजपा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पोटका प्रखंड कार्यालय परिसर में सैकड़ों की संख्या में व्हीलचेयर वर्षों से धूल फांक रही हैं। इनमें से कई अब कबाड़ बनने की स्थिति में पहुंच चुकी हैं। करदाताओं की गाढ़ी कमाई से खरीदी गई ये व्हीलचेयर उन दिव्यांगों तक नहीं पहुंच पाई, जो वर्षों से सहायता के लिए प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के चक्कर काट रहे हैं। प्रशासन की इस लापरवाही पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पोटका प्रखंड कार्यालय की कार्य संस्कृति सवालों के घेरे में है। सैकड़ों व्हीलचेयर वितरण के बजाय धूल फांक रही हैं। यह लापरवाही नहीं, जनसेवा के नाम पर मजाक है। इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। दिनेश ने झारखंड के मुख्यमंत्री और पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से इस मामले में जवाबदेही तय करने और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह दृश्य प्रशासनिक संवेदनहीनता का प्रतीक है और दिव्यांगों को सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में सरकार की कथनी-करनी के अंतर को उजागर करता है।

### साकची में आमबगान के पास कार में तोड़-फोड़

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साकची में आमबगान के पास गुरुवार रात 9 बजे असामाजिक तत्वों ने कार में तोड़फोड़ की। इस दौरान कार के शीशे तोड़ दिए गए और कार सवार प्रेमी युगल के साथ मारपीट की गई। सूचना पाकर पीसीआर वाहन मौके पर पहुंची। पीसीआर को देख हंगामा कर रहे युवक मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक कार पर प्रेमी युगल बैठे थे। इस दौरान पास ही कुछ युवकों से उनका विवाद हो गया। युवकों ने प्रेमी युगल को कार से निकालने का प्रयास किया पर दोनों कार से बाहर नहीं निकले। इसी दौरान युवकों ने कार का शीशा तोड़ दिया और कार के ऊपर चढ़ गए। साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रा ने बताया कि मामला आपसी विवाद का था, किसी ने भी लिखित शिकायत नहीं की है।

### ट्रांसफर पॉलिसी वापस नहीं करने पर आंदोलन उग्र : फेडरेशन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार-झारखंड इनकम टैक्स इंप्लाई फेडरेशन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। गुरुवार को फेडरेशन की जमशेदपुर इकाई ने कार्यालय परिसर में काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार को 9 जुलाई तक अल्टीमेटम दे दिया। प्रदर्शन के दौरान फेडरेशन के उपाध्यक्ष ने कहा कि उनकी सबसे अहम मांग ट्रांसफर नियमावली 2025 को तुरंत वापस लेने की है। उन्होंने कहा कि पुरानी नीति में महिला एवं दिव्यांग कर्मचारियों को विशेष राहत दी गई थी, जिसे नई नीति में खत्म कर अन्यायपूर्ण तरीके से सबको सामान्य प्रक्रिया में डाल दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने कार्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। उपाध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों को मूलभूत संसाधनों की अनुपलब्धता के कारण कार्य में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। फेडरेशन ने सरकार से मांग की कि जल्द आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। फेडरेशन ने चेतावनी दी कि काले बिल्ले के बाद आंदोलन का दूसरा चरण हाफ डे और फुल डे वॉकआउट का होगा। यदि 9 जुलाई तक सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो आंदोलन को राज्यव्यापी स्तर पर तेज किया जाएगा।

### मानगो की समस्याओं को लेकर जदयू सक्रिय

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता दल (यूनाइटेड) उलीडीह एवं मानगो थाना समिति के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को बालीगुमा स्थित साई रेजिडेंसी में आयोजित की गई। बैठक में जद (यू) जिला महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नू और महानगर अध्यक्ष अजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रत्येक रविवार को चल रहे संपर्क समस्या समाधान अभियान की समीक्षा की गई। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सामने आई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। तय किया गया कि मानगो नगर निगम क्षेत्र की जटिल समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किया जाएगा। जदयू प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उपनगर आयुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा। पार्टी नेताओं ने मानगो की बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताई। विशेष रूप से डिमना रोड पर नजदीकी स्थानों पर स्थापित चेकिंग प्वाइंट से आम जनता को हो रही परेशानियों की आलोचना की गई। साथ ही मानगो पुल पर लगने वाले जाम को लेकर प्रशासन की उदासीनता पर नाराजगी जताई गई।

### बच्चों ने कोलियरी क्षेत्र में जागरुकता रैली निकाली

**धनबाद/झरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संशोधित झरिया मास्टर प्लान की मंजूरी मिलने के बाद कोलफील्ड चिल्ड्रन क्लासेस के बच्चों ने झरिया शहर और कोलियरी क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने मांग किया कि कोयला खदानों में चोरी छुपे कोयला खनन करने वाले बाल श्रमिकों के कल्याण के लिए योजना लाए तथा झरिया को बचाने की मांग सरकार से की। कहा कि आग प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षित करें। लेकिन आग से भी शहर को बचाने का काम करें। मास्टर प्लान से झरिया के अस्तित्व के खतरा मुक्त करें। रैली झरिया के चिल्ड्रन पार्क स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया जो लिलोरी पथरा, पांडे बेरा सहित कई क्षेत्रों का भ्रमण किया। रैली का नेतृत्व समाज सेवी व शिक्षक पिनाकी राय कर रहे थे।

### अंडर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**धनबाद/मैथन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय विद्यालय मैथन डैम में शुक्रवार को केवीएस रांची संभाग अंतर्गत क्षेत्रीय दो दिवसीय अंडर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि दामोदर घाटी निगम मैथन के परियोजना प्रमुख सुमन प्रसाद सिंह और विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में रांची संभाग के पांच विद्यालय के बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों में केवी हीनू पाली 1 एवं 2, दीपाटोली, लातेहार और मैथन डैम हैं। खिलाड़ियों की संख्या 80 है। मुख्य अतिथि ने हार-जीत से बढ़कर बच्चों को खेल भावना बनाए रखने लिए उत्प्रेरित किया। खेल के महत्व पर प्रकाश डाला।

### अधीक्षण अभियंता का बयान भ्रामक

**धनबाद/झरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया के व्यावसायिक संगठनों ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड धनबाद के अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप के बयान को भ्रामक बताया है। अधीक्षण अभियंता के मुताबिक झरिया विद्युत आपूर्ती प्रमंडल में 22 घंटे बिजली वितरण किया जाता है। व्यवसाईयों ने कहा कि एक दिन पूर्व रात्रि आठ बजे बिजली आपूर्ति बाधित हुई। जो सुबह में ही आई। पूरे दिन कही तार टूटना, कही जम्फर तो कही फ्यूज का कार्य होते रहते हैं। जिसका प्रमाण बिजली विभाग द्वारा संचालित झरिया जनता बिजली ग्रुप के वॉट्सअप से मिल जाएगा। अधीक्षण अभियंता से व्यवसायियों ने आग्रह किया है कि झरिया में विद्युत आपूर्ती सुचारू रूप से वितरण करने में सहयोग करे। उक्त बातें झरिया के विभिन्न व्यवसाई संगठनो के उपेन्द्र गुप्ता, शिवचरण शर्मा, श्रीकांत अंबष्ट, अरिंदम बनर्जी, सत्यनारायण भोजगारीय, अमित साहू दीपु, उमाचरण रजवार, अनूप साव ने कही।

# मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से रन फॉर मैराथन दौड़ का आयोजन

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** रन मैराथन के माध्यम से जन-जन को मादक पदार्थों के कारण हो रहे दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक किया गय जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में लोग शमिल हुए, नशा करने से रोकने हेतु संकल्प लिया गयालिए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज में एक स्वस्थ एवं जागरूक वातावरण का निर्माण करना है गिरिडीह जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता अभियान को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर आमजनों को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक, पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रन फॉर मैराथन की शुरूआत की। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस मैराथन दौड़ में बड़ी संख्या में लोग शमिल हुए। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि नशा करने से स्वयं को रोकने एवं अन्य को भी नशा नहीं करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान आमजनों से नशा मुक्ति अभियान में जिला प्रशासन की सहयोग की बात कही गई। तथा युवा वर्ग तथा अगली पीढ़ी को नशा की चपेट में जाने से रोका जाय। लोगों से अपील किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को मादक पदार्थों के सेवन के दुरुपयोग से अवगत करवाया जा सकें। यह दौड़ गिरिडीह स्टेडियम से शुरू होकर महेशलुंडी होते हुए वापस गिरिडीह स्टेडियम तक संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों बालक-बालिका धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना और समाज में एक स्वस्थ एवं जागरूक वातावरण का निर्माण करना है मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि गिरिडीह जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से आज का यह मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है ताकि इस अभियान के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जाय और लोगों को नशे की चपेट में आने से बचाया जा सके। इस दौरान उपायुक्त ने नशा से होने वाले दुष्परिणाम की विस्तृत जानकारी दी। नशा से सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होते हैं। समाज में फैल रहे नशे को हमसभी को मिलकर रोकना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी को नशा के सेवन से दूर किया जा सकें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान में समाज के हर वर्ग की भूमिका अहम है। सबको मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करना होगा तभी हमलोग नशे के विरुद्ध इस अभियान में सफल होंगे। मौके पर पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने कहा कि युवाओं के इस उत्साह की सराहना की और कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा में जोड़ना नशे से दूर रखने का एक सशक्त जरिया है। मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जनभागीदारी की आवश्यकता है। इसके साथ ही वर्तमान में सबसे जरूरी है जागरूकता। जागरूकता एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए आमजनों को नशा छोड़ने के उपाय, इससे दूर रहने से संबंधित सलाह आदि भी दी जा सकती है। वर्तमान समय में युवा सबसे ज्यादा नशा में चपेट में आ रहे है, इससे बचने की आवश्यकता है। उन्होंने आशा जताई कि जिला प्रशासन और युवाओं के सहयोग से झारखंड जल्द ही नशा मुक्त राज्य बनेगा इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह (पूर्वी) ने भी युवाओं को संबोधित किया। समापन सत्र में उपायुक्त, गिरिडीह, पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह (पूर्वी), द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। विजेता खिलाड़ियों को मेडल,ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त , गिरिडीह ने सभी खिलाड़ियों, नगर वासियों से अपील कि वे अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए नियमित व्यायाम, जॉगिंग, वॉकिंग करें तथा नशे से दूर रहें तदोपरांत उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह मिनी मैराथन आयोजन नशा मुक्त समाज की स्थापना की दिशा में एक प्रेरक प्रयास रहा, जिसमें युवाओं, खिलाड़ियों एवं नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की सफलता में जिला प्रशासन, गिरिडीह की अहम भूमिका रही।

## उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित बैठक संपन्न

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**




**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने (बी.एल.ओ और बी.एल.ओ सुपरवाइजर को दिए गए प्रशिक्षण कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में सभी ईआरओ को निर्वाचन से जुड़े हरेक महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया गया। जिसमें मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेसिंग आदि के बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसके लिए मतदान केंद्रों के लिए नजरी नक्शा, गुगल अर्थ व्यू मैप एवं की मैप भी तैयार करा लेने की बात कही गई। कहा गया कि त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन किया जाए। बताया गया कि मतदाताओं की सुविधा हेतु जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जिओ फेसिंग के माध्यम से चिन्हित एवं ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे बी.एल.ओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं एवं उनके घरों तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रक्रिया के संपन्न होने के पश्चात सभी बीएलओ के अपने-अपने क्षेत्र निर्धारित होंगे एवं ऑनलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता अपने लोकेशन से ही अपने मतदान केंद्र, उसका लोकेशन एवं अपने बीएलओ को जान पाएंगे। इसके अलावा मतदाताओं को अपने नजदीकी मैदान केंद्र पर सूचीबद्ध करने की बात कही गई। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बगोदर गिरिडीह में सी : सीपीडी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**




**गिरिडीह।** सीपीडी प्रशिक्षण कार्यक्रम - बगोदर, गिरिडीह (2025) जिला शिक्षा एवं प्राचीन संस्थान, बगोदर (गिरिडीह) के तत्वावधान में सीसीडी प्रशिक्षण 2 मई से निरंतर रूप से संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में जिले के कुल 7186 चयनित शिक्षकों को 6 घंटे के सत्र में विविध शैक्षिक मॉड्यूलों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रतिभागी संख्या जिनको प्रशिक्षण दिया जाना है कई विद्यालयों के शिक्षक 5285 जिसमें रेगुलर 1901 हैं। प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु प्रशिक्षण विभिन्न आधुनिक शिक्षण विधियों और उपकरणों पर केंद्रित है, जिनमें प्रमुखत निम्नलिखित मॉड्यूल शामिल हैं बैग लेस डे एन ई पी 20, पैडलेट, एक्सेल डाटा शीट असेसमेंट है प्रशिक्षण का संचालन डाइट गिरिडीह की वरिष्ठ फैकल्टी एवं मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया जा रहा है।आशीष कुमार दुबे, विकास कुमार सिंह,उमा कुमारी द्विवेदी, निसार अहमद, धर्मेंद्र कुमार है।मास्टर ट्रेनर नागेश्वर महतो,प्रशांत रजक,संदीप पाठक,राजेश राजेश्वरी लाल है।प्रतिभागी शिक्षक 6 घंटे के इस प्रशिक्षण को गहन और उपयोगी दृष्टिकोण से आत्मसात कर रहे हैं। प्रशिक्षण में विभिन्न व्यावहारिक उदाहरण और शैक्षिक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए जा रहे हैं। आगामी प्रशिक्षण योजना जेसीआरटी रांची के तहत 20 घंटे का आवासीय प्रशिक्षण, जिसमें 18 घंटे का प्रशिक्षण एवं 2 घंटा आकलन सम्मिलित है हायर सेकेंडरी शिक्षकों के लिए 24 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण पूर्ण होने की प्रक्रिया में है। इसके उपरांत 6 घंटे का ऑफलाइन प्रशिक्षण जेसीईआरटी राँची द्वारा सूची मिलने के साथ ही प्रारंभ कर किया जाएगा स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम अंतर्गत (आरोग्य दूतो) प्रशिक्षण डाइट गिरिडीह के माध्यम से 16 थीम अंतर्गत 5 दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण भी चलाया जा रहा है, जिसमें चयनित शिक्षक आरोग्य दूत के रूप में प्रशिक्षित हो रहे हैं।प्रमुख प्रशिक्षक किरण कुमारी,अनुज कुमार,रामेश्वर महतो, शवप एचडब्लूएएस के प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागी को स्कूल स्तर पर स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित 16 मॉडल पर कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को "मिनी डॉक्टर" के रूप में तैयार करना है, ताकि वे अपने विद्यालयों में स्वास्थ्य, स्वच्छता और मानसिक कल्याण से संबंधित गतिविधियों को मजबूती से लागू कर सकें। प्रशिक्षक शिक्षक लिंक भरने, रिपोर्टिंग, बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता और शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य सुधार जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान संस्थान, बगोदर (गिरिडीह)के प्राचार्या कंचन कुमारी प्रशिक्षण को निर्देशित एवं मार्गदर्शन सतत रूप से कर रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक गिरिडीह द्वारा भी डाइट को बेहतर संचालन हेतु सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता है,जिसके कारण गिरिडीह डाइट का चयन 2023-24 में मॉडल डाइट के लिए हुआ है।

## उपायुक्त ने की सामान्य विधि उच्च न्यायालय मानवाधिकार से संबंधित बैठक, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** सभी विभागों से संबंधित लंबित वादों की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए आज समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में सामान्य विधि उच्च न्यायालय मानवाधिकार से संबंधित बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी विभागों से संबंधित लंबित वादों की विस्तृत समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में जिला उपायुक्त ने विभागवार बारी-बारी समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने लंबित वादों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि वे मामलों का ससमय निष्पादन कराने हेतु शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई करें। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में देने की बात कही, ताकि तत्वरित तरीके से उसका हल निकाला जा सके। इसके अलावा, बैठक में उच्च न्यायालय और विधि से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अदालती मामलों में प्रभावी ढंग से सहयोग करें। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, निदेशक डीआरडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, जिला उप रजिस्ट्रार, सभी अंचलाधिकारी, गिरिडीह जिला, खनन इंस्पेक्टर, सामान्य शाखा, विधि शाखा के प्रधान सहायक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पत्नी की हत्या कर फरार था पति, पुलिस की मुस्तैदी से हुआ गिरफ्तार

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** बिरनी प्रखंड के पूर्वी बलगो से दिल द, हला देने वाला मामला सामने आया है ,जहाँ एक शख्स ने अपनी ही पत्नी का गला दबाकर बेरहमी से ह त्या करके फरार था। बताया गया कि आरोपी एनुअल अंसारी ने बीते दिन अपनी पत्नी गुलेशा खातून की हत्या कर फरार हो गया था, लेकिन गिरिडीह पुलिस की तत्परता और तकनीकी निगरानी से उसे गिरफ्तार कर दिया गया। बताया गया कि अप आरोपी के खिलाफ भरकट्टा ओपी में कांड संख्या 165/2025 के तहत दर्ज था , तथा इस मामले में पुलिस ने तकनीकी सेल की मदद से आरोपी को बिहार के सीतामढ़ी से गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि आरोपी नेपाल भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया। इस बाबत मंगलवार को सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम और भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी।

## अपने जन्मदिवस पर अवश्य लगाएं 'एक पेड़ मां के नाम' : शालिनी बैसखियार




**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान की शुरूआत की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है इस पहल को सार्थकता प्रदान करने की दिशा में महिला चौपाल के द्वारा गुरुवार को सर.जे.सी बॉस स्कूल में भाजपा जिला मंत्री सह महिला चौपाल अध्यक्ष शालिनी बैसखियार की अध्यक्षता में एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत आज एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती बैसखियार ने स्कूल परिसर में पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण व मातृत्व के सम्मान का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि माँ धरती की तरह पोषण व संरक्षण का प्रतीक हैं, और इस अभियान के माध्यम से हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं मौके पर शालिनी ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति जंगलों में प्रकृति के बीच पुष्पित पल्लवित और विकसित हुई है। सनातन संस्कृति के व्यवहार संस्कार सभी प्रकृति से जुड़े हैं। सनातन में प्रकृति 'मां' जैसी पूजनीय है। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक सुरक्षा पर्यावरण की सुरक्षा से ही संभव है कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के बीच तुलसी पौधों का वितरण भी किया गया। " तुलसी जिन्हे घर घर मे पूजा जाता है, जिन्हे भारतीय संस्कृति में औषधीय गुण से परिपूर्ण और पवित्र माना जाता है, को अपने घरों में लगाने व उसकी देखभाल करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया गया। सभी छात्रा ने भी प्रतिज्ञा ली कि वे अपने-अपने जन्मदिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' का अवश्य लगायेंगी और वे पेड़ की सुरक्षा भी करेंगी विद्यालय की ऊप प्रधानाचार्या पापिया सरकार, शिक्षिका कुसुम कुमारी व अध्यापकगण सहित अनेक छात्राएं इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुईं और पर्यावरण-संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में शालिनी बैसाखियार के साथ मोनिका देवी, रूबी गुप्ता, स्वाति सिन्हा, स्वर्णा गुप्ता सहित महिला चौपाल की अनेक सदस् य शामिल रही।

# गिरिडीह ऑफिस में हुई माले की स्थाई कमिटी का बैठक

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**



गिरिडीह। 9 जुलाई को मजदूरो के सवालों पर वाम दलों के ट्रेड यूनियन के आवाहन पर ट्रेड यूनियन का देशव्यापी कार्यक्रम में, भाकपा माले का जिले भर बड़ा आंदोलन,सभी प्रखंडों और जिला मुख्यालय में भी होगा कार्यक्रम - विनोद सिंह भाकपा माले स्थाई कमिटी की एक बैठक जिला सचिव *कॉमरेड अशोक पासवान की अध्यक्षता में पार्टी जिला कार्यालय पपरवाटांड में हुई,जिला सचिव ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूर विरोधी नीति लगातार ला रही है जिसका भाकपा माले विरोध करता है,पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर विरोध करने की जरूरत है,प्रवासी मजदूरो के साथ लगातार ज्याददाती हो रही है इसको लेकर केंद्र सरकार को कानून बनाना होगा,झारखंड विधानसभा में इस विषय को लेकर आवाज बुलंद करने की जरूरत है,मजदूरों के विषय को विस्तार से चर्चा हुई,मजदूर विरोधी कानून के विरोध में आगामी 9 जुलाई को देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाने हेतु पूरे जिले में व्यापक तैयारी जिसे नुक्कड़ सभा मशाल जुलूस, सहित बड़ी गोलबंदी कर 9 जुलाई को ट्रेड यूनियन के आह्वान ओर तमाम वाम दलों की ओर से की जा रही देश व्यापी हड़ताल, चक्काजाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारी पर विचार विमर्श किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से स्थाई कमिटी परमेश्वर महतो, पूरण महतो , राजेश सिन्हा, मुस्तकीम अंसारी, जयंती चौधरी, मीना दास. सीताराम सिंह, कयूम अंसारी, मनूवर हसन बंटी, रीतलाल वर्मा, भोला मंडल, लालमणि यादव,कन्हाई पाण्डेय ने अपने अपने विचार रखा। एप्वा नेत्री जयंती चौधरी ने कहा गिरिडीह क्षेत्र,शहरी और मुफ्फसिल इलाकों में साथ ही साथ पीरटांड़ इलाको मे महिला संगठन बढ़ाने की बात कही वही माले के राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह फैक्ट्री इलाकों में 70 प्रतिशत मजदूर राज्य के बाहर रखे जाते है,इसको रोकना होगा,जल्द इस विषय के लिए भी पार्टी संबंधित कार्यालय में करेगा आंदोलन, मजदूरों के सवाल पर माले मिलेगा गिरिडीह उपायुक्त से दिया जाएगा ज्ञापन शुरूआत में इस कार्यक्रम को सफल करने में गिरिडीह के साथियों ने अहम भूमिका निभाई उपस्थित थे राज कुमार राय, प्रखण्ड सचिव, मधुसूदन कोल्ह, धरम हज्जाम, मंगरू कोल की अहम भूमिका रही

## बेंगाबाद के ग्रामीण इलाकों में चला चलंत लोक अदालत, लोगों को मिली कानूनी जानकारी

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के चपुवाडीह और मोतीलेदा गांव में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गिरिडीह के तत्वावधान में चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों और विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थाई लोक अदालत के सदस्य अशोक कुमार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायक अधिवक्ता प्रियांशु शेखर उपस्थित रहे। दोनों ने सड़क दुर्घटना, बाल विवाह, सर्पदंश, भूमि विवाद, पेंशन, आवास योजना समेत कई विषयों पर कानून संबंधी जानकारी दी। साथ ही नालसा, झालसा एवं डालसा की कार्यप्रणाली और मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में भी लोगों को अवगत कराया स्थाई लोक अदालत की उपयोगिता और इसके माध्यम से सुलझाए जाने वाले मामलों की प्रक्रिया पर अशोक कुमार ने विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्थानीय मुखिया मो. शमीम ने कहा कि चलंत लोक अदालत जैसी पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अब अपने कानूनी अधिकारों और सहायता योजनाओं की जानकारी सीधे गांव में ही प्राप्त कर पा रहे हैं, जो सराहनीय कदम है मौके पर पीएलभी जयप्रकाश वर्मा, संतोष कुमार पाठक, पूनम भदानी, संपा सिंह, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, गोविंद वर्मा, दिव्या कुमारी सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

CMYK

# भारत -अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनी

**वॉशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को भारत के साथ बहुत बड़े और शानदार व्यापार समझौते का संकेत दिया। यह बात दोनों देशों के अधिकारियों की टीम की ओर से व्यापार समझौते पर चार दिवसीय बंद बातचीत के कुछ सप्ताह बाद कही गई। यह बातचीत बंद कमरे में की गई थी। व्हाइट हाउस में बिग ब्यूटीफुल इवेंट को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनका बहुत बड़ा सौदा होने जा रहा है।

ट्रंप ने कहा, हर कोई सौदा करना चाहता है। उसका हिस्सा बनना चाहता है। याद कीजिए कुछ महीने पहले मीडिया कह रही थी कि क्या वाकई कोई ऐसा है, जिसकी कोई दिलचस्पी हो खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन सौदे कर रहे हैं। हम एक और सौदा करने वाले हैं, शायद भारत के साथ। बहुत बड़ा सौदा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका हर दूसरे देश के साथ व्यापार समझौते नहीं करेगा। उन्होंने कहा, हम हर किसी के साथ सौदे नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर बहुत-बहुत धन्यवाद कहेंगे। आपको 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करना है। यह ऐसा करने का आसान तरीका है। मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते।





## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का मकसद

मामले से परिचित लोगों ने बताया कि मेगा व्यापार सौदे पर चार दिवसीय वार्ता में कथित तौर पर दोनों देशों में औद्योगिक और कृषि उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच, टैरिफ में कटौती और गैर–टैरिफ अड़चनों पर मुख्य रूप से फोकस किया गया था। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों ने किया था, जबकि व्यापार मंत्रालय के वार्ताकारों की भारतीय टीम का नेतृत्व राजेश अग्रवाल (वाणिज्य एवं उद्योग सचिव) ने किया था।

## द्विपक्षीय व्यापार समझौते को समझिए

कथित तौर पर समझौते के लिए बातचीत का मकसद दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 190 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 बिलियन डॉलर करना है। 10 जून को वार्ता समाप्त होने पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत और अमेरिका एक निष्पक्ष और न्यायसंगत व्यापार समझौते पर बातचीत करने की प्रक्रिया में हैं, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप फरवरी 2025 में मिले, हमारे दोनों नेताओं ने एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते में प्रवेश करने का फैसला किया है, जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं, दोनों पक्षों के व्यवसायों और दोनों देशों के लोगों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी होगा।

# नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत नए रोल में

## कनाडाई अरबपति की कंपनी में बने वरिष्ठ सलाहकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडाई अरबपति प्रेम वत्स की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि उसने नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत को वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया है। फेयरफैक्स ने एक बयान में कहा कि पूर्व जी–20 शेरपा कांत की आर्थिक विकास, नवाचार और सतत विकास में व्यापक विशेषज्ञता से भारत में कंपनी के दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है। बयान के अनुसार, चूंकि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी रोडमैप पर काम कर रहा है, फेयरफैक्स को उम्मीद है कि इसके और इसके सहयोगियों, जिसमें फेयरफैक्स इंडिया होल्डिंग्स कॉरपोरेशन (फेयरफैक्स इंडिया) भी शामिल है, के लिए विकसित भारत पहल में भाग लेने और लाभ उठाने के कई अवसर होंगे, जिसका उद्देश्य भारत को 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था से 30




ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था में बदलने में मदद करना है। फेयरफैक्स के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रेम वत्स ने कहा, हम अमिताभ का हमारे फेयरफैक्स परिवार में स्वागत करते हुए वास्तव में उत्साहित हैं। भारत की जी–20 अध्यक्षता के दौरान कांत एक प्रमुख व्यक्ति थे, जिसकी परिणति ऐतिहासिक नई दिल्ली लीडर्स घोषणापत्र में हुई। कंपनी ने कहा कि नीति आयोग के सीईओ के रूप में, वे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के पीछे एक प्रेरक शक्ति थे, जिसने भारत के कुछ सबसे वंचित क्षेत्रों में बदलाव किया। कंपनी ने कहा कि उद्योग व आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव के रूप में उनके कार्यकाल में मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया अभियान सहित महत्वपूर्ण सुधार हुए, जिससे कारोबार सुगमता रैंकिंग में 79 स्थानों का उल्लेखनीय सुधार हुआ।

# टैक्सपेयर के साथ नरमी बरतें आयकर अधिकारी, सीबीडीटी ने दिए निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने देशभर में आयकर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे करदाताओं के रिटर्न की जांच और मूल्यांकन के लिए नोटिस जारी करते समय उचित सोच सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, सीबीडीटी ने इस बात पर जोर दिया है कि सभी प्रश्न प्रासंगिक और विशिष्ट होने चाहिए। प्रत्यक्ष कर प्रशासन के लिए नीति–निर्माण निकाय ने विभाग के सभी क्षेत्र प्रमुखों (पीसीसीआईटी या आयकर के प्रधान मुख्य आयुक्त) से भी कहा है कि वे अपने मूल्यांकन अधिकारियों पर प्रभावी निगरानी रखें और सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा करदाताओं को भेजे गए प्रश्न उचित हों।

## क्या है सीबीडीटी के पत्र में

सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल के कार्यालय द्वारा पीसीसीआईटी को भेजे गए पत्र में निर्देश दिया गया है कि एफएओ (फेसलेस असेसिंग ऑफिसर) द्वारा करदाताओं को भेजे जाने वाले प्रश्न संबंधित मामले की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुसार प्रासंगिक, विशिष्ट और आधारित होने चाहिए। पत्र में कहा गया है कि मूल्यांकन इकाई प्रमुख (आयकर के अतिरिक्त या संयुक्त आयुक्त) ऐसे नोटिस और मूल्यांकन आदेश की गुणवत्ता के लिए प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होंगे, क्योंकि इसमें उन्हें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# हीरा उद्योग में गिरावट की आशंका

## कमजोर मांग, एलजीडी चुनौती और अमेरिकी टैरिफ का पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर वैश्विक मांग, लैब-ग्रोन डायमंड (एलजीडी) से बढ़ती प्रतिस्पर्धा और अमेरिका टैरिफ के कारण भारतीय हीरा उद्योग को दोहरे दबाव का सामना करना पड़ सकता है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ही हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2026 में कट और पॉलिश हीरे (सीपीडी) के निर्यात में 7 से 10 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025 में यह गिरावट 17 प्रतिशत रही थी। तब से ही इस क्षेत्र का दृष्टिकोण नकारात्मक बना हुआ है।

**सीपीडी निर्यात 20 साल के निचले स्तर पर पहुंचा-** आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि सीपीडी निर्यात वित्त वर्ष 2025 में 20 साल के निचले स्तर 13.3 अरब डॉलर पर आ गया। यह वैश्विक व्यापक आर्थिक मंदी और सस्ते एलजीडी के लिए बढ़ती उपभोक्ता पसंद से प्रभावित है। ये अब पॉलिश किए गए हीरे के निर्यात का 8 प्रतिशत हिस्सा है, जो वित्त वर्ष 2019 में केवल 1 प्रतिशत था।

**अमेरिकी टैरिफ ने चिंता बढ़ाई -** इसके अलावा हाल ही में अमेरिका द्वारा 27 प्रतिशत टैरिफ



लगाए जाने से भारत के नुकसान होने की संभावना है। अमेरिका भारत के सीपीडी निर्यात का एक तिहाई से अधिक हिस्सा रखने वाला एक प्रमुख बाजार है। हालांकि वर्तमान में 10 प्रतिशत अंतरिम टैरिफ लगाकर इसे रोक दिया गया है लेकिन निर्यातक अभी भी चिंतित हैं। कई भारतीय कंपनी अब दुबई और बेल्जियम जैसे कम टैरिफ वाले केंद्रों के जरिए शिपमेंट को फिर से भेज रहे हैं ताकि प्रभाव को कम किया जा सके।

**परिचालन लाभ मार्जिन में आई गिरावट -** रिपोर्ट में बताया गया कि सीपीडी फर्मों के लिए परिचालन लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2025 में 400 आधार अंक घटकर लगभग 4 प्रतिशत रह गया है। वहीं आईसीआरए ने वित्त वर्ष 2026 में 3.6 से 3.7 प्रतिशत की और गिरावट का अनुमान लगाया है।

**कीमतों में आई भारी गिरावट -** इस बीच, वित्त वर्ष 2025 में कच्चे हीरों की कीमत में 8 प्रतिशत और पॉलिश हीरों की कीमत में 7 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

# भारत ने पंजाब से यूएई और कतर को लीची का निर्यात किया

## एपीईडीए ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य मंत्रालय की शाखा कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) ने शुक्रवार को बताया कि भारत ने इस महीने पहली बार पंजाब से दोहा और दुबई को 1.5 टन लीची का निर्यात किया है। भारत के बागवानी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, एपीईडीए ने 23 जून को पंजाब के पठानकोट से दोहा के लिए 1 टन गुलाब–सुगंधित लीची की पहली खेप और दुबई के लिए 0.5 टन इसी फल की खेप को रवाना करने में सहायता की है। यह



पहल प्राधिकरण द्वारा पंजाब के बागवानी विभाग और लुल्लू ग्रुप के सहयोग से की गई। 2023–24 के दौरान, पंजाब का लीची उत्पादन 71,490 टन होगा, जो भारत के कुल लीची उत्पादन का 12.39 प्रतिशत हिस्सा होगा। उसी वर्ष भारत से कुल 639.53 टन लीची का निर्यात किया गया। सरकार फलों और सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। 2024–25 में ये निर्यात साल–दर–साल 5.67 प्रतिशत बढ़कर 3.87 अरब डॉलर हो गया।

## इंडसइंड बैंक को नए सीईओ की तलाश

# 3 उम्मीदवार रेस में, शेयर खरीदने दौड़े निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के इंडसइंड बैंक के मैनेजमेंट में बड़े बदलाव होने वाले हैं। दरअसल, बैंक के सीईओ पद के लिए उम्मीदवारों की तलाश जारी है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो एक्सिस बैंक के राजीव आनंद, इसके सीईओ पद के लिए मजबूत उम्मीदवार हैं। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि एचडीएफसी बैंक के राहुल शुक्ला और बजाज फाइनेंस के अनूप साहा भी इस पद के लिए दौड़ में शामिल हो सकते हैं। बता दें कि अप्रैल के अंत में सुमंत कठपालिया ने इंडसइंड बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में पाई गई विसंगतियों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया था। इसी के बाद से नए सीईओ की तलाश जारी है।




एक्सिस बैंक के डिप्टी सीईओ राजीव आनंद बैंक के सीईओ पद के लिए एक मजबूत उम्मीदवार हो सकते हैं। अगर उन्हें नियुक्त किया जाता है, तो आनंद इंडसइंड बैंक के पूर्व सीईओ सुमंत कठपालिया की जगह लेंगे। इससे पहले, एक्सिस बैंक ने 25 अप्रैल को घोषणा की थी कि उसके उप प्रबंध निदेशक राजीव आनंद 3 अगस्त को ऋणदाता के बोर्ड में निदेशक के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करने के साथ ही अपनी सेवाओं से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। बैंक ने कहा था कि अपनी सेवानिवृत्ति के बाद आनंद एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में एक्सिस समूह से जुड़े रहेंगे।

### ये दो नाम भी हैं रेस में

इसी तरह, एचडीएफसी बैंक के कॉमर्शियल और ग्रामीण बैंकिंग के समूह प्रमुख राहुल शुक्ला भी पद के लिए दौड़ में शामिल हो सकते हैं। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, शुक्ला फिलहाल अवकाश पर हैं। बजाज फाइनेंस के प्रबंध निदेशक अनूप साहा भी इस दौड़ में शामिल बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडसइंड बैंक का बोर्ड इन तीनों उम्मीदवारों के नाम आरबीआई को मंजूरी के लिए भेजने वाला है।

### शेयर में बंपर उछाल

इस खबर के बीच 27 जून को इंडसइंड बैंक के शेयरों में 4 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। इंडसइंड बैंक के शेयर दिन के उच्चतम स्तर 880.85 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए। मार्च 2025 में शेयर की कीमत 605.40 रुपये तो पिछले साल 1,514.95 रुपये तक पहुंच गई थी। यह दोनों भाव शेयर का लो और हाई लेवल है।

# मकानों के दाम 11 प्रतिशत बढ़ने से पहली तिमाही में बिक्री 20 फीसदी घटी, एनसीआर में सर्वाधिक 27 प्रतिशत बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में शीर्ष सात शहरों में मकानों की कीमतें सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़ने से बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट आई। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक के अनुसार, इस दौरान बिक्री घटकर 96,285 यूनिट रह गई, जो एक साल पहले समान तिमाही में 1.20 लाख यूनिट थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बंगलूरू, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता में घरों की बिक्री में गिरावट आई है। केवल चेन्नई में मांग बढ़ी है। अप्रैल-जून तिमाही मकानों की खरीद बिक्री के लिए उतार-चढ़ाव भरी रही, जिसमें देश और विदेश में तनाव का भी योगदान रहा। युद्ध जैसे माहौल ने घर खरीदने वालों को प्रतीक्षा और निगरानी की स्थिति में धकेल दिया है। घरेलू तनाव कम होने और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में कटौती से नए सिरे से आशावाद में तेजी आई है। इससे आने वाले समय में खरीदी में सुधार दिख सकता है।

सालाना आधार पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में सबसे अधिक 27 प्रतिशत कीमत बढ़ी। बंगलूरू में 12 और हैदराबाद में 11 प्रतिशत की वृद्धि रही। इससे बिक्री 14 प्रतिशत घटकर 14,255 यूनिट रह गई, जो एक वर्ष पहले 16,550 इकाई थी। मुंबई एमएमआर में बिक्री 41,540 यूनिट से 25 प्रतिशत घटकर 31,275 यूनिट रही। बंगलूरू में 8 प्रतिशत घटकर 15,120 इकाई व पुणे में 27 प्रतिशत घटकर 15,410 इकाई रह गई।

# डेल्हीवरी में कई बड़े दिग्गजों ने बेची हिस्सेदारी, 461 करोड़ में डील फाइनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लॉजिस्टिक्स सॉल्युशन प्रोवाइडर-डेल्हीवरी में एक बड़ी डील हुई है। दरअसल, मॉर्गन स्टेनली, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स सिंगापुर और छह अन्य संस्थाओं ने गुरुवार को ओपन मार्केट ट्रांजैक्शन के माध्यम से डेल्हीवरी में 1.6 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह डील 461 करोड़ में हुई है। इसके अलावा, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड (एमएफ), एक्सिस एमएफ, टाटा एमएफ, एएसके एसेट एंड वेल्थ मैनेजमेंट, हिल फोर्ट कैपिटल और हांगकांग निवेश प्रबंधक विरिडियन एएम ने एनएसई पर ब्लॉक डील के अनुसार गुरुग्राम स्थित डेल्हीवरी के शेयर खरीदे।

**किस भाव पर डील-** संस्थाओं ने 387 की औसत कीमत पर डेल्हीवरी में 11.9 मिलियन से अधिक इक्विटी शेयर या 1.6 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी, जिससे संयुक्त मूल्य 461 करोड़ हो गया। इस बीच, वेंचर कैपिटल फर्म नेक्सस वेंचर पार्टनर्स ने अपने सहयोगियों नेक्सस ऑपर्चुनिटी फंड




और नेक्सस वेंचर्स थर्ड के माध्यम से समान कीमत पर समान संख्या में शेयर बेचे। आपको बता दें कि मार्च तिमाही में नेक्सस वेंचर्स थर्ड के पास डेल्हीवरी में 5.88 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इस बीच, गुरुवार को डेल्हीवरी के शेयर एनएसई पर 0.54 प्रतिशत गिरकर 386.05 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए।

# जियो-ब्लैकरॉक को ब्रोकिंग लाइसेंस मिलने से अंबानी की कंपनी के शेयर उछले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंबानी की कंपनी जियो फाइनेंशियल के शेयर आज सुबह बीएसई पर लगभग 5 प्रतिशत उछल गए। ऐसा इसलिए हुआ , क्योंकि बाजार नियामक सेबी ने जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग को स्टॉकब्रोकर और शेयर बाजार के सदस्य (क्लियरिंग मेंबर) के तौर पर काम करने की मंजूरी दे दी है। आज शुक्रवार, 27 जून को जियो फाइनेंशियल का शेयर भाव पिछले बंद भाव 312.40 के मुकाबले 313.85 पर खुला। फिर यह 4.5 प्रतिशत चढ़कर दिन के सबसे ऊंचे स्तर 326.55 तक पहुंच गया। सुबह करीब 11:05 बजे तक यह शेयर 4.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 326 पर कारोबार कर रहा था। यह इस शेयर की लगातार चौथी बढ़त वाला दिन होने वाला था।

**सेबी ने दी मंजूरी-** जियो फाइनेंशियल ने 27 जून को बाजार को बताया कि सेबी ने 25 जून, 2025 को जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड को स्टॉकब्रोकर/क्लियरिंग मेंबर के रूप में काम करने का पंजीकरण प्रमाणपत्र दे दिया है। जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग, जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड की पूरी तरह से अपनी कंपनी (सब्सिडियरी) है।

**कंपनी ने क्या कहा-** जियो

### कंपनी ने क्या कहा

जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ मार्क पिल्ग्रेम ने कहा, जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के जरिए हम छोटे निवेशकों को व्यक्तिगत सलाह दे पाएंगे। अब ब्रोकरेज के साथ, हम अपने दम पर निवेश करने वालों (सेल्फ-डायरेक्टेड इन्वेस्टर्स) के लिए एक एक्जीक्यूशन प्लेटफॉर्म भी लाएंगे।




ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ मार्क पिल्ग्रेम ने कहा, जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के जरिए हम छोटे निवेशकों को व्यक्तिगत सलाह दे पाएंगे। अब ब्रोकरेज के साथ, हम अपने दम पर निवेश करने वालों (सेल्फ-डायरेक्टेड इन्वेस्टर्स) के लिए एक एक्जीक्यूशन प्लेटफॉर्म भी लाएंगे। अंबानी की कंपनी जियो फाइनेंशियल के शेयर आज सुबह बीएसई पर लगभग 5 प्रतिशत उछल गए। ऐसा इसलिए हुआ , क्योंकि बाजार नियामक सेबी ने जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग को स्टॉकब्रोकर और शेयर बाजार के सदस्य (क्लियरिंग मेंबर) के तौर पर काम करने की मंजूरी दे दी है। आज शुक्रवार, 27 जून को जियो फाइनेंशियल का शेयर भाव पिछले बंद भाव 312.40 के मुकाबले 313.85 पर खुला। फिर यह 4.5 प्रतिशत चढ़कर दिन के सबसे ऊंचे स्तर 326.55 तक पहुंच गया। सुबह करीब 11:05 बजे तक यह शेयर 4.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 326 पर कारोबार कर रहा था। यह इस शेयर की लगातार चौथी बढ़त वाला दिन होने वाला था।

**सेबी ने दी मंजूरी-** जियो फाइनेंशियल ने 27 जून को बाजार को बताया कि सेबी ने 25 जून, 2025 को जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड को स्टॉकब्रोकर/क्लियरिंग मेंबर के रूप में काम करने का पंजीकरण प्रमाणपत्र दे दिया है। जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग, जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड की पूरी तरह से अपनी कंपनी (सब्सिडियरी) है।

### पहले भी मिली थीं मंजूरियां

इससे पहले, 11 जून को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने बताया था कि जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स को सेबी से इन्वेस्टमेंट एडवाइजर (निवेश सलाहकार) के तौर पर काम करने की मंजूरी मिल गई थी। मई में ही, जियो ब्लैकरॉक म्यूचुअल फंड को भारत में अपने म्यूचुअल फंड बिजनेस के लिए निवेश प्रबंधक (इन्वेस्टमेंट मैनेजर) के रूप में काम शुरू करने की सेबी की मंजूरी मिली थी।

**सर्विस पोर्टफोलियो तैयार-** ब्लैकरॉक के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख रेचल लॉर्ड ने कहा, सेबी की यह तीसरी मंजूरी हमारे संयुक्त उद्यम (जेवी) की पेशकशों की रेंज को पूरा करती है। इन तीन कंपनियों के जरिए, जियोब्लैकरॉक भारतीय निवेशकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों की ओर काम करने में मदद करने के लिए निवेश सेवाओं का पूरा पैकेज देगा।

### पेमेंट्स बैंक में निवेश

इस बीच, कंपनी ने अपने पेमेंट्स बैंक हिस्से, जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 190 करोड़ का निवेश किया है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने इस पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी में 10 वाले 19 करोड़ इक्विटी शेयर नकद में अंकित मूल्य पर खरीदे हैं।

**शेयर की कैसी रही चाल-** इस साल अब तक जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का शेयर लगभग 7 प्रतिशत चढ़ा है, जो बीएसई सेंसेक्स की 7 प्रतिशत की बढ़त के अनुरूप है। हालांकि, पिछले एक साल में यह शेयर करीब 8

# आवास से वंचित 96 लाभुकों को मिला मौका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** पांच साल तक जमानत राशि के अलावा किस्त का एक भी पैसा जमा नहीं करने पर नगर परिषद ने दो सप्ताह पहले 96 लोगों को आवंटित आवास को रद्द कर दिया था।

अब इन लोगों को फिर से बसाने के लिए नगर परिषद ने नोटिस भेजा है। अब इन लाभुकों को आवास तभी आवंटित किया जाएगा, जब तक ये लोग बकाया सारा पैसा एक साथ जमा नहीं कर देते हैं।

दरअसल नगर परिषद ने छह साल पहले प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए किफायती आवास योजना शुरू की थी। इसके तहत दुधानी में सात करोड़ की लागत से चार समूह में 128 आवास का निर्माण कराया गया था।

वर्ष 21 में नगर परिषद ने जमानत राशि लेने के बाद 96 बेघरों को आवास आवंटित किया था, लेकिन एक भी लाभुक ने बकाया किस्त का एक भी पैसा जमा नहीं किया। जिस कारण 11 जून को नगर परिषद ने सभी 96 का आवंटन रद्द कर दिया था।

जुडको ने सात करोड़ की लागत से एक ही परिसर में चार जगह पर 128 आवास का निर्माण कराया। एक आवास की कीमत 5.46 लाख रुपए रखी गई थी। इसमें लाभुक को केवल 2.96 लाख रुपया ही जमा करना था। बाकी का एक लाख राज्य सरकार और डेढ़ लाख केंद्र को वहन करना था।

आवास हासिल करने के लिए लाभुक को पहले 25 हजार रुपया जमानत राशि के रूप में जमा करना था। बाकी का पैसा उसे किस्त के माध्यम से चुकाना था। वर्ष 21 में नगर परिषद ने 96 लोगों से जमानत राशि लेने के बाद आवास आवंटित कर दिया।

इसके बाद किसी ने बाकी किस्त जमा करना जरूरी नहीं समझा। कई बार नोटिस के बाद भी लाभुकों ने पैसा जमा नहीं किया, जिस कारण नगर परिषद को आवंटन रद्द करना पड़ा। नगर परिषद ने आवास रद्द करने के बाद फिर से सभी को एक मौका देते हुए नोटिस भेजा है। जिसमें कहा गया है कि अगर वे आवास के इच्छुक हैं तो फिर आवेदन दे सकते हैं।

इस बार जिला प्रशासन की ओर से आवास आवंटित किया जाएगा। आवास के लिए सभी लाभुकों को एक मुश्त बकाया पैसा जमा करना होगा।

# राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक की श्रद्धांजलि सभा में उमड़े लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर प्रखंड के हरैयाटांड निवासी व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक धनपत रजक के श्रद्धांजलि सभा में कई गणमान्य शामिल हुए। लोगों ने नम आंखो से उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते श्रद्धांजलि दी। मौके पर भारतीय रेलवे के एडीआरएम पद पर कार्यरत प्रेमचंद ने कहा कि शिक्षक धनपत रजक सिर्फ व्यक्ति नहीं एक विचारधारा का नाम है। जिसे जमाना ने खो दिया। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। उन्होंने शिक्षक जीवन काल में बिना कोई भेदभाव किए सभी बच्चों को कामयाबी के शिखर पर पहुंचने के लिए उचित मार्गदर्शन के साथ-साथ अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके पढ़ाए हुए बहुत सारे विद्यार्थी देश के उच्च पदों पर पहुंचकर देश के विकास में निरंतर अपने सेवा दे रहे हैं। सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में डिजाइन मैनेजर के पद पर दुबई में कार्यरत उनके बड़े बेटे कुमार संजय ने कहा कि उनके पिताजी शिक्षक, मार्गदर्शक व प्रेरणाश्रोत के साथ-साथ एक आदर्श पिता थे। पिताजी समाज के उत्थान के लिए सांगठनिक रूप से अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। घर में तमाम सुख सुविधाओं की व्यवस्थाएं होने के बावजूद गृह त्याग कर समाज के सेवा में लग गए। उन्होंने अंतिम सांस भी समाज के बीच में ही लिया। छोटे पुत्र बिजनेस ऑपरेशन मैनेजर के रूप में लंदन में कार्यरत मृत्युंजय मृणाल ने कहा कि पिताजी भारी जीवन जीते हुए समाज को एक नई दिशा देने के क्षेत्र में कार्य किया है। उन्होंने दूरदर्शिता सोच के साथ समाज में एक परिवर्तन की नींव रखी।

श्रद्धांजलि सभा में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्वेत प्रतिमा, कुमारी रोशनी, कविता कृति आनंद, डॉ संतोष कुमार, विजय त्रिशरण, जादूगर विजय कुशवाहा, रामप्रवेश पासवान, सरयू मेहता, रामेश्वर मेहता, रामजन्म राम सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# चलेगी सावन मेला स्पेशल ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** 11 जुलाई से सावन माह शुरू होगा। धनबाद से पहली बार सावन स्पेशल ट्रेन चलेगी। रेलवे ने गोमो से जयनगर के बीच बाबा नगरी जसीडीह होकर सावन मेला स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की है। इस ट्रेन का ठहराव तेतुलमारी में भी होगा जिससे कतरास व आसपास के यात्रियों को भी वैकल्पिक ट्रेन मिल सकेगी। जसीडीह, झाझा, बरौनी व समस्तीपुर होकर पूरे सावन माह में चलने वाली स्पेशल ट्रेन की तिथि की घोषणा होगी।

धनबाद रेल मंडल से धनबाद से जयनगर के लिए सावन स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भेजा था। मैकेनिकल विभाग ने धनबाद कोचिंग डिपो में ट्रेनों के अत्यधिक दबाव के कारण गोमो से चलाने की सिफारिश की। गोमो के वॉशिंग पिट की क्षमता अधिकतम 15 कोच की है।

गोमो से रात 11:00 बजे प्रस्थान कर 11:18 पर तेतुलमारी व 11:40 पर धनबाद आगमन होगा। रात 11:45 पर रवाना होगी और अगले दिन 11:45 पर जयनगर पहुंचेगी।

# 81 वर्षीय दिशोम गुरु की हालत स्थिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत स्थिर बनी हुई है। 81 वर्षीय दिशोम गुरु दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं, जहां वरीय चिकित्सकों का दल उनकी देखरेख कर रहा है।

गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनकी स्थिति और उपचार पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन दिल्ली में मौजूद हैं।

शुक्रवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी भी शिबू सोरेन का हालचाल लेने दिल्ली पहुंचे। शिबू सोरेन को किडनी की गंभीर समस्या है।

उनकी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए न्यूरोलाजी, कार्डियोलाजी और नेफ्रोलाजी के विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है। गुरुजी की अस्वस्थता के कारण हेमंत सोरेन शुक्रवार को रांची में आयोजित होने वाली रथयात्रा में शामिल नहीं हो सके।

हेमंत सोरेन ने इसका उल्लेख करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि महाप्रभु भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का ऐतिहासिक और पावन महापर्व होता है। हर साल मैं वहां उपस्थित होता हूं। अभी बाबा दिशोम गुरुजी अस्वस्थ हैं, इसलिए मैं रथयात्रा में शामिल नहीं हो पाया हूं।

भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि वे जल्द से जल्द स्वस्थ होकर हम सभी के बीच आएं और हमेशा की तरह अपना आशीर्वाद बनाएं रखें। भगवान जगन्नाथ सभी का कल्याण करें।

# जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ निकली रथ यात्रा



एसपी रिष्मा रमेशन ने सोने के झाड़ू से रथयात्रा मार्ग को बुहारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*__मेदिनीनगर (पलामू)।__ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शहर में बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। निकाली गई रथ यात्रा में अधिक संख्या में युवतियां, महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। सभी भगवान जगन्नाथ, बलदेव व सुभद्रा की एक झलक पाने को बेताब दिखे। सभी रथ की डोर को खींचते हुए आगे बढ़ रहे थे। साथ ही भक्तजन जय जगन्नाथ -जय जगन्नाथ, गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो.... के जयकारे लगा रहे थे। रथ का नेतृत्व गौरधाम दास प्रभु ने किया। जबकि रथ यात्रा का नेतृत्व हरे कृष्ण यूथ कमेटी सह मेदिनीनगर नगर निगम के उप महापौर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह व हरे कृष्ण यूथ कमेटी के अध्यक्ष सुंदर माधव दास उर्फ संजय पांडेय ने किया। रथ यात्रा स्थानीय पुलिस लाइन रोड स्थित हरे कृष्ण निवास से निकली गई। रथ यात्रा के पूर्व दिन में गौर धाम दास प्रभु ने कथा सुनाई। महासंकीर्तन किया। छप्पन भोग लगाए गए। भगवान जगन्नाथ की आरती हुई व रथ का पूजन किया गया। इसके पश्चात भगवान जगन्नाथ को झूला झुलाते हुए व हरे कृष्णा- हरे कृष्णा, कृष्णा- कृष्णा, हरे -हरे.... हरि नाम के साथ रथ पर आरूढ़ किया गया। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, प्रथम मेयर अरुणा शंकर, भाजपा नेता मनोज सिंह, प्रथम डिप्टी मेयर राकेश सिंह ने भगवान जगन्नाथ रथ की आरती की व नारियल फोड़ा। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने स्वर्ण जड़ित झाड़ू से मार्ग को बुहारकर रथ यात्रा की शुरूआत की। रथ यात्रा साहित्य समाज चौक होते गीता भवन पहुंची। वहां पर अरविंद प्रभु व इस्कॉन के सदस्यों ने रथ पर पुष्प वर्षा कर भगवान जगन्नाथ की आरती की। शनि मंदिर के पास मानवाधिकार परिषद की संध्या देवी व रुचिर तिवारी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के बीच बिस्कुट व शीतल जल वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा पर पुष्प वर्षा की। रथ यात्रा स्टेशन रोड व कचहरी चौक से ओवर ब्रिज होते हुए रेड़मा चौक पर पहुंची। रथ यात्रा बैरिया चौक से रेलवे ओवरब्रिज होते हुए साहित्य समाज चौक पहुंची। वहां से पुनः हरे कृष्ण निवास पर पहुंच कर यात्रा संपन्न हुई।*

*हरे कृष्णा यूथ कमिटी के अध्यक्ष सुंदर माधव दास प्रभु उर्फ संजय पांडेय ने बताया कि शहर में 14 किलोमीटर की रथ यात्रा में 50 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस बार शहर वह पलामू जिले के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का आगमन हुआ था।*

# श्रद्धालुओं के बीच बिस्किट- पानी का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जगन्नाथ रथ यात्रा के अवसर पर मानवाधिकार परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अस्पताल चौक के शनि मंदिर के पास श्रद्धालुओं व जरूरतमंदों के बीच शीतल पानी व बिस्कुट का वितरण किया गया। मौके पर मानवाधिकार परिषद की अध्यक्ष संध्या सिंह ने सभी भक्तों व श्रद्धालुओं के खुशहाली की कामना की। कहा कि हजारों श्रद्धालु एक साथ भगवान जगन्नाथ के रथ को खींच रहे हैं। यह मनोरम दृश्य व अविरल व अद्भुत छटाएं देखते ही बन रही थी। मानों भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों को आशीर्वाद देने स्वयं आ रहे हों।

मौके पर डालटनगंज विधानसभा के पूर्व विधायक उम्मीदवार सह मानवाधिकार परिषद के लीगल सेल प्रभारी रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ पूरे शहर भ्रमण करते हुए आज मौसीबाड़ी में प्रवेश किया। शहर में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। चारों और भगवान जगन्नाथ के जयकारा गूंज रहा था। उन्होंने शहर वासियों को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की बधाई के साथ सुखमय जीवन की कामना की। मौके पर चेयर पर्सन बलिराम शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ सीमा, गणेश राय, रवि रंजन शुक्ला, असतोरा देवी, रामराज तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, शाश्वत कुमार, कृष्णा चौरसिया, सरवन कुमार, पंकज कुमार, शीला वर्मा, नमी सिंह सहित कई ने श्रद्धालुओं के बीच पानी व बिस्कुट का वितरण किया।

# वज्रपात की घटना में 12 बकरियों की मौत

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के कुंडी गांव में शुक्रवार की दोपहर वज्रपात की घटना हुई। जिसमें 12 बकरियां मर गई। वहीं पशुपालक किसान घटना में बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी रेहला थाना को दी है।

जानकारी के अनुसार प्रत्येक दिन की तरह शंखा गांव के पशुपालक किसान अपनी गाय बकरियों को लेकर कुंडी गांव की ओर चराने आए थे। दोपहर के लगभग 1 बजे अचानक पानी होने लगी। बकरियों की झुंड दौड़कर पास एक महुआ के पेड़ के नीचे चले गए। इसी बीच वज्रपात की घटना हुई, जिसमें 12 बकरियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसमें पशुपालक किसान सुनील चंद्रवंशी का सात, ननकईल पासवान का तीन , शंभू चौधरी का एक व सुकन चौधरी का एक बकरी शामिल है। यहां वही कहावत चरितार्थ हो रही है जाको राखे साइयां मार सके ना कोय। बकरियां दौड़ते हुए पेड़ के नीचे चली गई जो वज्रपात की घटना में मारी गई। वहीं किसान दौड़कर पेड़ के नीचे नहीं पहुंच पाए।

# 30 लाख के जेवर चोरी का पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा

## 3 लाख के जेवर सहित आंध्र प्रदेश व उड़ीसा के अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस ने इंटर स्टेट गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर 13 लाख रुपए के जेवर बरामद किए हैं। आरोपियों ने 20 जून को लेस्लीगंज में सोना महल दूकान के मालिक की बाइक की डिक्की से 30 लाख रुपए के सोना-चांदी के जेवर चुराए थे।

पुलिस ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम निवासी 27 वर्षीय दुर्गा प्रसाद व 25 वर्षीय उड़ीसा के गंजम जिला निवासी बलराम को चैनपुर थाना क्षेत्र के लादी गांव से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी छह महीने से यहां किराए के कमरे में रह रहे थे। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने लेस्लीगंज जेवर लूट कांड का खुलासा करते हुए कहा कि चोरी में कूल चार अपराधी शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों ने दुकानदार की



गतिविधियों की रेकी की थी। उनके दो साथियों ने चोरी को अंजाम दिया। अगली सुबह साढ़े तीन बजे कुछ जेवर लेकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों से 135 ग्राम सोना, 1150 ग्राम चांदी, एक मोटरसाइकिल व डिक्की खोलने का औजार बरामद किया है। बलराम पहले भी बिहार व उड़ीसा में गिरफ्तार हो चुका है। यह गैंग बाइक से लंबी दूरी का सफर तय करता है। इसमें सिर्फ रिश्तेदार ही शामिल होते हैं। गैंग पहले 20 दिन इलाके में रेकी करता है। फिर दुकानदार की गतिविधियों पर नजर रखता है। इस बार उन्होंने दुकानदार का ध्यान भटकाने के लिए बाइक के हैंडल में ग्रीस लगा दी थी। जब दुकानदार हाथ साफ करने गया तो डिक्की से जेवर चुरा लिए। बताया कि गैंग ने तीन दिन पहले मनिका में भी इसी तरह की चोरी की थी।

# जुलाई में लगेगा मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प

**मेदिनीनगर (पलामू)।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर का एक प्रतिनिधिमंडल पलामू के नवनियुक्त उप विकास आयुक्त सह लायंस क्लब मेदिनीनगर के मानद सदस्य जावेद हुसैन से शिष्टाचार मुलाकात की। क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने डीडीसी पद संभालने पर जावेद हुसैन को बधाई दी। इस दौरान सामाजिक सरोकारों को लेकर क्लब की भावी योजनाओं की जानकारी दी।

इधर डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि लायंस क्लब ने आगामी माह जुलाई में एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित करेगा। शिविर खास तौर पर सफाईकर्मियों, रिक्शा चालकों, घरेलू सहायकों व अन्य जरूरतमंदों के लिए आयोजित की जाएगी। नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं ले पाते या डॉक्टर की फीस वहन करने में असमर्थ होते हैं उन्हें स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी।स्वास्थ्य शिविर पलामू टाउन हॉल परिसर में आयोजित किया जाएगा। कैंप की तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। शिविर का आयोजन डीडीसी मोहम्मद जावेद हुसैन के मार्गदर्शन व सहयोग से किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा झारखंड प्रदेश की बैठक पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में हुई। बैठक की अध्यक्षता सत्येंद्र तिवारी ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सह इवेंट प्रभारी नितिन कुमार पांडेय, प्रदेश महासचिव सह समन्वय समिति प्रभारी नंद गोपाल त्रिपाठी, संयुक्त सचिव सह लीगल विंग प्रभारी आलोक कुमार तिवारी व राष्ट्रीय संगठन सचिव संजय पांडेय उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के अधिवक्ता इंजीनियर चंद्रकांत त्यागी ने बैठक शुरू होने के पूर्व ऑनलाइन प्रदेश के सभी नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जन जागरुकता अभियान चलाने को कहा। कहा कि हमारी लड़ाई मानसिक परिवर्तन से व्यवस्था परिवर्तन की है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन पांडेय ने कहा को लोगों किस तरह से न्याय मिले इस ओर कार्य करना होगा। लोगों के साथ सीधा जुड़ाव हो इसके लिए लगातार अभियान चले। प्रदेश महासचिव नन्द गोपाल त्रिपाठी ने कहा कि झारखंड के सभी प्रखंडों में संगठन की गतिविधियां बढ़ानी होगी। इसके लिए सभी प्रखंड में एक समन्वयक की नियुक्ति की प्रक्रिया समयबद्ध किया जाएगा। प्रथम फेज में पलामू प्रमंडल के सभी प्रखंडों में समन्वयक नियुक्ति की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि पलामू जिले के सभी प्रखंडों में समन्वयक व संयोजक की नियुक्ति जून तक करने के लिए न ा ं द गोपाल त्रिपाठी को अधिकृत किया। इस सिलसिले में जून में 15, 22 व 29 को बैठक की तिथि तय की गई। बैठक में आलोक तिवारी ने भी संगठन की मजबूती पर बल दिया। प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि बैठक में पदाधिकारियों द्वारा दिए गए सभी सुझाव आमंत्रित हैं। विधिसम्मत कार्य किया जाएगा।


## दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–52–73–2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), राँची–834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं., सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **(1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–62–2025,** राँची मंडल के चाण्डिल–मुरी शाखा में आरयूबी/एलएचएस के निर्माण द्वारा प्रहरीयुक्त एलसी नं. सीएम–4 को हटाया जाना (बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा)। **निविदा मूल्य:** रु.11,38,72,151.21, **बयाना राशि:** रु. 7,19,400/– ● दिनांक 01.07.2025 से 30.06.2027 तक की अवधि के दौरान 02 वर्ष हेतु निम्नलिखित क्षेत्राधिकारों के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन:(क) वर्तमान सैनिटरी सिस्टम और वाटर सप्लाई सिस्टम में नए कार्य, संयोजन और परिवर्तन, ऐसे प्रत्येक कार्य की लागत रु. 5,00,000/– (पांच लाख रुपये मात्र) से अधिक नहीं है, के अधीन और (ख) सभी साधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य, सामग्री की आपूर्ति एवं रखरखाव कार्य तथा सामग्री का परिवहन: **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–52–2025,** एसएसई (वर्क्स)/बानो के क्षेत्राधिकार में हटिया–ओरगा शाखा में किमी 428/12 से गोविंदपुर रोड (छोड़कर) तक शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 89,99,860.82, **बयाना राशि:** रु. 1,80,000/–, **(3) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–53–2025,** एसएसई (वर्क्स)/बानो के क्षेत्राधिकार में हटिया–ओरगा शाखा में गोविंदपुर रोड (लेकर) से किमी 500/4 तक शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 1,00,00,295.64, **बयाना राशि:** रु. 2,00,000/–, **(4) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–54–2025,** एसएसई (वर्क्स)/बानो के क्षेत्राधिकार में हटिया–ओरगा शाखा में किमी 500/4 (छोड़कर) से किमी 530/4 तक शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 1,40,07,592.44, **बयाना राशि:** रु. 2,20,000/–, **(5) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–55–2025,** एसएसई (वर्क्स)/बानो के क्षेत्राधिकार में हटिया–ओरगा शाखा में किमी 530/4 से किमी 556/12 तक शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 90,23,333.94, **बयाना राशि:** रु. 1,80,500/–, **(6) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–56–2025,** एसएसई (वर्क्स)/हटिया के क्षेत्राधिकार में स्टाफ क्वार्टरों के लिए। (क्वार्टरों का विवरण: टाइप–I=479, टाइप–II= 456, टाइप–III=23, कुल=958 अदद)। **निविदा मूल्य:** रु. 1,00,77,440.20, **बयाना राशि:** रु. 2,00,400/–, **(7) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–57–2025,** एसएसई (वर्क्स)/हटिया के क्षेत्राधिकार में ऑफिसर क्वार्टरों के लिए। (क्वार्टरों का विवरण: IV=29, टाइप–V= 16 और टाइप–V स्पेशल=03, कुल=48 अदद)। **निविदा मूल्य:** रु. 1,98,90,522.70, **बयाना राशि:** रु. 2,49,500/–, **(8) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–58–2025,** एसएसई (वर्क्स)/हटिया के क्षेत्राधिकार में सेवा भवनों (131 अदद) के लिए । **निविदा मूल्य:** रु. 2,00,59,178.20, **बयाना राशि:** रु. 2,50,300/–, **(9) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–59–2025,** एडीईएन/सेटल/हटिया के क्षेत्राधिकार में "राँची (छोड़कर) से टांगरबसुली" के बीच शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 50,05,842.18, **बयाना राशि:** रु.1,00,100/–**(10) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–60–2025,** एडीईएन/सेटल/हटिया के क्षेत्राधिकार में "टांगरबसुली (छोड़कर) से लोहरदगा" के बीच शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 79,99,551.78, **बयाना राशि:** रु.1,60,000/–, **(11) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–61–2025,** एडीईएन/सेटल/हटिया के क्षेत्राधिकार में "लोहरदगा (छोड़कर) से टोरी (छोड़कर)" के बीच शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 50,01,651.24, **बयाना राशि:** रु.1,00,000/–, **(12) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–63–2025,** एसएसई/वर्क्स/रांची के अधीन "किमी 428/12 से राँची स्टेशन, हटिया यार्ड और रांची यार्ड के सभी सेवा भवनों सहित नॉर्थ सेटलमेंट कॉलोनी" के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 2,29,76,366.16, **बयाना राशि:** रु.2,64,900/–, **(13) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–64–2025,** एसएसई/वर्क्स/रांची के अधीन "साउथ सेटलमेंट कॉलोनी" के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 2,39,79,790.86, **बयाना राशि:** रु.2,69,900/–, **(14) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–65–2025,** एसएसई/वर्क्स/लाइन/रांची के अधीन "सभी सेवा भवनों सहित राँची (छोड़कर) से गंगाघाट (छोड़कर) तक" शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 1,09,97,147.98, **बयाना राशि:** रु.2,05,000/–, **(15) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–66–2025,** एसएसई/वर्क्स/लाइन/रांची के अधीन "सभी सेवा भवनों सहित गंगाघाट से मुरी (छोड़कर) तक" शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 89,96,083.90, **बयाना राशि:** रु.1,79,900/–, **(16) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–67–2025,** एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार में "मुरी स्टेशन के सेवा भवन एवं मुरी यार्ड सहित साउथ मुरी सेटलमेंट (स्टेशन साइड)" के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 1,91,74,313/– **बयाना राशि:** रु.2,45,900/–, **(17) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–68–2025,** एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार में "नॉर्थ मुरी सेटलमेंट (हिंडाल्को इंडस्ट्रीज साइड)" के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 70,21,021/–**बयाना राशि:** रु.1,40,400/–, **(18) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–69–2025,** एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार में "सेवा भवन सहित मुरी (छोड़कर) से कोटशिला (छोड़कर)" शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 80,39,040/–, **बयाना राशि:** रु.1,60,800/–, **(19) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–70–2025,** एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार में "सेवा भवन सहित मुरी (छोड़कर) से बड़कीपोना (छोड़कर) तक" शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 90,37,449.02, **बयाना राशि:** रु.1,80,800/–, **(20) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–71–2025,** एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार में "सेवा भवन सहित बड़कीपोना से बरकाखाना (छोड़कर) तक" शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 90,80,209.02, **बयाना राशि:** रु.1,81,600/–, **(21) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–72–2025,** एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार में "सेवा भवन सहित मुरी (छोड़कर) से तिरुलडीह (छोड़कर) तक" शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 90,82,408.78, **बयाना राशि:** रु.1,81,700/–, **(22) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–73–2025,** एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार में "सेवा भवन सहित तिरुलडीह से चाण्डिल (छोड़कर) तक" शाखा के लिए। **निविदा मूल्य:** रु. 90,88,832.82, **बयाना राशि:** रु.1,81,800/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.07.2025 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं।

**(PR-327)**



## पूर्व रेलवे

**बोली संख्या: जीईएम/2025/बी/6382308, दिनांक: 25.06.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (बीजीबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोली आमंत्रित की जाती है : **बोली बंद होने की तारीख/समय:** 16.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे। **बोली खुलने की तारीख/समय:** 16.07.2025 को अपराह्न 5:30 बजे। **बोली प्रस्ताव वैधता (बंद होने की तारीख से):** 120 (दिन)। **कार्यालय का नाम:** कैरेज एंड वैगन वर्कशॉप, लिलुआ। **मद श्रेणी:** सेवा-सफाई एवं देखभाल कार्य के लिए कस्टम बोली। **समान श्रेणी:** (i) सफाई, स्वच्छता तथा कीटाणुशोधन सेवा-परिणाम आधारित। (ii) सार्वजनिक शौचालय देखभाल सेवा। (iii) असबाब सेवा - सफाई एवं सूखी सफाई को किराये पर लेना। **अनुबंध की अवधि:** 2 वर्ष। **बोलीदाता का न्यूनतम औसतन वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** 600 लाख। **समरूप/समकक्ष सेवा हेतु अपेक्षित विगत वर्षों का अनुभव:** 1 वर्ष। **समकक्ष सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव:** हाँ। **अनुभव वर्षों तथा कारोबार हेतु एमएसई छूट:** नहीं। **अनुभव वर्षों तथा कारोबार हेतु स्टार्टअप छूट:** नहीं। **विक्रेता से अपेक्षित दस्तावेज:** अनुभव मानदंड, बोलीदाता कारोबार, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोधकृत)। *अगर कोई बोलीदाता अनुभव/कारोबार मानदंड से छूट पाना चाहता है, तो खरीदार द्वारा छूट के लिए अपनी पात्रता प्रमाणित करने हेतु समर्थित दस्तावेज मूल्यांकन हेतु अवश्य अपलोड किए जाने चाहिए। **क्या आप बोलीदाता द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को दिखाना चाहते हैं?:** नहीं। **बोली से रिवर्स नीलामी सक्रियकृत:** नहीं। **बोली का प्रकार:** दो लिफाफा बोली। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए समय की अनुमति:** 2 दिन। **अनुमानित बोली मूल्य:** ₹ 10,55,90,373.40। **मूल्यांकन पद्धति:** कुल मूल्य वार मूल्यांकन। **कीमत का विवरण दर्शाने वाले वित्तीय दस्तावेज की आवश्यकता:** हाँ। **आर्बिट्रेशन क्लॉज़:** नहीं। **मेडिएशन क्लॉज़:** नहीं। **सलाहकार बैंक:** भारतीय स्टेट बैंक। **ईएमडी राशि:** ₹ 6,77,950। **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00। **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (महीने):** 26।

(MISC-107/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/** **www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway**
**@easternrailwayheadquarter**


# आदिवासी नेताओं की अनदेखी से बढ़ सकती है पार्टी की मुश्किलें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*__रांची।__ झारखंड कांग्रेस में गुटबाजी एक बार फिर बढ़ने के आसार हैं। हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने झारखंड के प्रमुख आदिवासी नेताओं, विधायकों और सांसदों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई।*

*हालांकि, इस बैठक में कुछ प्रभावशाली आदिवासी नेताओं की अनुपस्थिति ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। विशेष रूप से, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर उरांव और प्रदीप बलमुचू जैसे दिग्गज नेताओं को इस बैठक में शामिल नहीं किया गया। इस अनदेखी ने पार्टी के भीतर गुटबाजी को और हवा दी है।*

*राहुल गांधी की इस बैठक का उद्देश्य झारखंड में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और 2024 विधानसभा चुनाव में मिली जीत को भुनाने की रणनीति तैयार करना था। झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन ने 81 में से 56 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें कांग्रेस ने 16 सीटें हासिल की थीं।*

## ओबीसी बनाम आदिवासी का भी है विवाद

*इस जीत के बावजूद, संगठन के भीतर असंतोष की चिंगारी सुलग रही है। बंधु तिर्की कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं और आदिवासी समुदाय में मजबूत पकड़ रखते हैं। तिर्की ने हाल ही में दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल और मुकुल वासनिक से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की थी।*

*इसी तरह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक रामेश्वर उरांव समेत प्रदीप बलमुचू भी बैठक में नहीं दिखे। बताया जाता है कि आलाकमान को जो सूची सौंपी गई, उन्हें ही बुलावा भेजा गया और इन दिग्गज नेताओं की अनदेखी की गई। बैठक में लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत समेत तमाम प्रमुख विधायक और नेता मौजूद थे। इन नेताओं की अनदेखी को पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं द्वारा जानबूझकर उठाया गया कदम माना जा रहा है।*

*झारखंड कांग्रेस में ओबीसी नेताओं को बढ़ावा देने की रणनीति को भी विवादों से जोड़ा जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, दोनों ही ओबीसी समुदाय से हैं। यह रणनीति आदिवासी बहुल झारखंड में पार्टी के पारंपरिक वोट बैंक को नाराज करने का कारण बन सकती है, क्योंकि आदिवासी, ईसाई और मुस्लिम समुदाय लंबे समय से कांग्रेस के कोर वोटर रहे हैं।*

*आदिवासी नेताओं की अनदेखी का यह मुद्दा तब और गंभीर हो गया, जब कुछ नेताओं ने ओबीसी कोटे की अनदेखी का आरोप लगाया था। 2024 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने ओबीसी नेताओं को टिकट देने में जोर दिया, लेकिन इनमें से कई उम्मीदवार जैसे अंबा प्रसाद, बन्ना गुप्ता और जलेश्वर महतो हार गए।*


*झारखंड में आदिवासी समुदाय की राजनीति में अहम भूमिका है।*

*राज्य की 81 विधानसभा सीटों में से 28 आदिवासी सुरक्षित सीटें हैं और इन सीटों पर जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन का दबदबा रहा है। ऐसे में, प्रभावी आदिवासी नेताओं की अनदेखी से पार्टी का जनाधार कमजोर हो सकता है।*

# अब इस प्रतियोगिता में भिड़ेंगे नीरज और अरशद

## भाला फेंक में ओलंपिक चैंपियन ने खुद किया खुलासा





**लाहौर, एजेंसी।** नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, पेरिस और ओस्ट्रावा में पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, इन चारों टूर्नामेंट पाकिस्तान के अरशद नदीम नहीं खेले थे। अब दोनों एक साथ इस टूर्नामेंट में खेलते दिख सकते हैं। भारत के महानतम एथलीट्स में शुमार और भाला फेंक में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने के बाद पेरिस डायमंड लीग में जीत दर्ज की। साथ ही ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक इवेंट भी अपने नाम किया। हालांकि, पेरिस और ओस्ट्रावा में वह 90 मीटर की दूरी नहीं तय कर सके, लेकिन उनके आत्मविश्वास को जरूर बल मिला होगा। अब वह नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलते दिखेंगे। हालांकि, इस टूर्नामेंट में भी पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम हिस्सा नहीं लेंगे। अरशद और नीरज के बीच गजब की प्रतिद्वंद्विता है और फैंस इन दोनों के बीच टक्कर का जमकर लुत्फ उठाते हैं। अब नदीम ने खुलासा किया है कि वह अगली बार किसी प्रतियोगिता में खेलते दिख सकते हैं। नीरज दोहा में और फिर ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता में जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं, पेरिस और ओस्ट्रावा में पहला स्थान हासिल किया। हालांकि, इन चारों टूर्नामेंट पाकिस्तान के अरशद नदीम नदारद थे। नदीम ने इस सत्र में ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है वह इसके प्रति काफी चयनात्मक रहे हैं। वह फिलहाल पाकिस्तान में प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने पिछले महीने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जरूर भाग लिया था, जिसमें नीरज नहीं खेले थे। नदीम ने वहां 86.40 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया था। अब पाकिस्तान के इस भाला फेंक एथलीट ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है। उन्होंने लाहौर में विश्व ओलंपिक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर नदीम ने कहा, मेरा ध्यान विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पर है और मैं इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। लाहौर में बहुत गर्मी है। मैं जल्द ही इंग्लैंड जा रहा हूं और वहां एक महीने ट्रेनिंग करूंगा। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होगी जहां अरशद और नीरज दोनों खिलाड़ियों के इसमें भाग लेने की उम्मीद है।

**इंडिया-इंग्लैंड**

**एजबेस्टन में 58 सालों से जीत का इंतजार, क्या खत्म होगा सूखा?**

# टीम इंडिया की राह आसान नहीं!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम फिलहाल इंग्लैंड दौर पर हैं, जहां वो मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की ब्लॉकबस्टर टेस्ट सीरीज में व्यस्त है. इस टेस्ट सीरीज का शुरुआती मुकाबला लीड्स में खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम को 5 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी. अब दोनों टीमों 2 जुलाई (बुधवार) से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर आमने-सामने होंगी.

### एजबेस्टन में टीम इंडिया का रिकॉर्ड

शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम इस मुकाबले के जरिए टेस्ट सीरीज में वापसी की कोशिश करेगी, लेकिन ये उतना आसान नहीं रहने वाला है. वैसे भी टीम इंडिया के लिए यह मैदान किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है. इस मैदान पर भारतीय टीम टेस्ट क्रिकेट में अब तक एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है.बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर भारतीय टीम ने अब तक 8 टेस्ट मैच खेले हैं, जो मेजबान इंग्लैंड के ही खिलाफ रहे. इस मैदान पर भारतीय टीम ने अपना पहला टेस्ट जुलाई 1967 में खेला था, जिसमें उसे 132 रनों से हार मिली थी. तब से अब तक भारत इस मैदान पर टेस्ट मैच नहीं जीता है. यानी इंतजार 58 सालों से ये इंतजार जारी है.भारतीय टीम एजबेस्टन में 7 टेस्ट मैच हारी है, वहीं एक मुकाबला ड्रॉ पर छूटा था, जो जुलाई 1986 में कपिल देव की कप्तानी में भारत ने खेला था. जब इस मैदान पर आखिरी बार (जुलाई 2022) दोनों टीमें भिड़ी थीं, तो जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम की अगुवाई की थी. उस मुकाबले में भारतीय टीम को 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था.

### एजबेस्टन में सभी टेस्ट मैचों के नतीजे

- 13-15 जुलाई 1967- टीम इंडिया को 132 रनों से हार मिली
- 4-8 जुलाई 1974-भारतीय टीम पारी और 78 रनों से हारी
- 12-16 जुलाई 1979-टीम इंडिया की पारी और 83 रनों से हार
- 3-8 जुलाई 1986-ड्रॉ
- 6-9 जून 1996-भारतीय टीम को 8 विकेट से हार मिली
- 10-13 अगस्त 2011-टीम इंडिया पारी और 242 रनों से हारी
- 1-4 अगस्त 2018-भारतीय टीम को 31 रनों से हार मिली
- 1-5 जुलाई 2022-टीम इंडिया 7 विकेट से हारी

### एजबेस्टन में भारत-इंग्लैंड

| |
|---|
| कुल टेस्ट मैचः 8 |
| इंग्लैंड ने जीतेः 7 |
| भारत ने जीतेः 0 |
| ड्रॉ मैचः 1 |

### एजबेस्टन में इंग्लैंड का रिकॉर्ड

| |
|---|
| कुल टेस्ट मैचः 56 |
| मैच जीतेः 30 |
| मैच हारेः 15 |
| ड्रॉ मैचः 11 |

## उसके 42 रन 70 रन जैसे थे...

### टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ पंत की पारी पर बोले रोहित

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले साल मार्की टी20आई टूर्नामेंट के दौरान चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ टीम के मुकाबले पर बात की जिसमें विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत का महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल था। उन्होंने कहा कि उनकी 42 रन की पारी कठिन पिच पर 70 रन के बराबर थी। पिछले साल 9 जून को भारत ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को छह रन से हराया था। यह टूर्नामेंट में भारत की दूसरी जीत थी जिसमें मेन इन ब्लू ने बारबाडोस में खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराकर अपने 11 साल के लंबे ट्रॉफी सूखे को खत्म किया था। भारत पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहा। ऑस्ट्रेलिया से आने वाली ड्रॉप-इन पिच के साथ एक अस्थायी सुविधा वाले स्टेडियम पर बोलते हुए रोहित ने कहा कि स्टेडियम भव्य दिख रहा था, लेकिन उन्हें कहीं और अभ्यास करना पड़ा क्योंकि इसमें अभ्यास सुविधाओं की कमी थी। उन्होंने यह भी कहा कि कैसे टेंट में ड्रेसिंग रूम ने उन्हें मुंबई के आजाद मैदान में एक युवा के रूप में खेलने की पुरानी यादें ताजा कर दीं।रोहित ने कहा, स्टेडियम सुंदर था। जब हम पहली बार मैदान पर पहुंचे, तो एक ट्रॉफी अनावरण समारोह था और तब मैंने पहली बार मैदान देखा। हमें स्टेडियम के अंदर प्रशिक्षण की अनुमति नहीं थी क्योंकि वहां कोई अभ्यास सुविधा नहीं थी। यह कहीं और था। हम मैदान की भावना को तभी महसूस कर सकते थे जब हम मैच खेलने जाते थे। पहली नजर में, काफी भव्य स्टेडियम लग रहा था। यह एक खुला स्टेडियम था, जिसमें बैठने की अच्छी व्यवस्था थी, हालांकि यह अनिवार्य रूप से एक अस्थायी स्थल था। इसलिए, आप एक सामान्य स्थल में जो चीजें उम्मीद करते हैं, वह आपको वहां नहीं मिल सकती हैं। ड्रेसिंग रूम एक टेंट में था, जिसे मैंने आजाद मैदान में एक युवा के रूप में अनुभव किया था। इसने उन यादों को वापस ला दिया।




### सबसे बड़ी चिंता लोअर ऑर्डर का खराब फॉर्म

एजबेस्टन टेस्ट से पहले भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता उसके लोअर ऑर्डर के बल्लेबाजों का खराब फॉर्म है. साथ ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के भी इस मुकाबले में नहीं खेलने की संभावना है, जिसके चलते भारतीय टीम की टेंशन निश्चित तौर पर बढ़ने वाली है. बुमराह को लेकर हेड कोच गौतम गंभीर पहले ही कह चुके हैं कि वो इस सीरीज में सिर्फ 3 मुकाबले खेलेंगे. एक मैच बुमराह पहले ही खेल चुके हैं.

### ...क्या खत्म होगा 58 सालों का सूखा?

टीम इंडिया इस बार एजबेस्टन में इतिहास बदलने के इरादे से उतरेगी, लेकिन इंग्लैंड की बैजबॉल क्रिकेट से तभी पार पाया जा सकता है जब भारतीय टीम की गेंदबाजी क्लिक करेगी. हालांकि भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत शानदार लय में हैं. ये चारों खिलाड़ी एजबेस्टन में भी बल्ले से धमाल मचाना चाहेंगे.

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2027 तक अल नासर में अपना कार्यकाल बढ़ाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अल नासर के साथ अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर करके अपने क्लब के भविष्य को लेकर महीनों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया है, जिसके तहत वह 2027 तक सऊदी अरब के क्लब में बने रहेंगे। पुर्तगाली आइकन ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के साथ आधिकारिक तौर पर घोषणा की, जिसमें उन्होंने कहा, एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं। अल नासर ने जल्द ही पुष्टि कीक्रिस्टियानो रोनाल्डो 2027 तक हमारे साथ बने रहेंगे।मैनचेस्टर यूनाइटेड से निकलने के बाद 2022 के अंत में अल नासर में शामिल हुए रोनाल्डो ने गोल के सामने शानदार प्रदर्शन किया है, उन्होंने प्रतियोगिताओं में 105 मैचों में 93 बार गोल किए हैं। सऊदी अरब में उनके जाने से वैश्विक फुटबॉल में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया, जिसने सऊदी प्रो लीग की ओर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया और इस क्षेत्र में सितारों के आगमन की लहर के लिए मंच तैयार किया। संभावित प्रस्थान के बारे में कई सप्ताह तक अटकलों के बाद यह विस्तार हुआ है। रोनाल्डो का अनुबंध इस गर्मी में समाप्त होने वाला था, और 2024-25 सत्र के अल नासर के अंतिम मैच के बाद उनकी रहस्यमयी पोस्ट - यह अध्याय समाप्त हो गया है। कहानी? अभी भी लिखी जा रही है।

**इस सीरीज पर हो सकता है बड़ा फैसला...**

# टीम इंडिया का बदलेगा कप्तान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया इस समय इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने में व्यस्त है. टीम की कप्तानी शुभमन गिल कर रहे हैं. इस सीरीज के बाद अगस्त में भारत के सफेद गेंद से सीरीज खेलने संभावना जताई जा रही है, जिसके लिए टीम में बदलाव देखने को मिल सकते हैं. यहां तक की कप्तान भी बदल सकता है. अगस्त में भारतीय टीम बांग्लादेश का दौरा कर सकती है. इस दौरान तीन वनडे और इतने ही अ20द्ध मैचों की सीरीज खेली जा सकती है. पहले दोनों देशों के रिश्तों में थोड़ी खटास आने से ये दौरा स्थगित माना जा रहा था, लेकिन अभी तक सरकार ने इस पर कोई निर्देश नहीं दिया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच मैच होने की संभावना बढ़ गई है. हालांकि इस दौरान टीम इंडिया का कप्तान जरूर बदल सकता है.भारत और बांग्लादेश के बीच 17 अगस्त से वनडे और टी20मैचों की सीरीज हो सकती है. अगर टीम इंडिया बांग्लादेश का दौरा करती है तो विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद पहली बार वनडे में वापसी करेंगे. रोहित शर्मा वनडे टीम की कप्तानी भी कर सकते हैं, लेकिन टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव का इस दौरे पर जाना अभी निश्चित नहीं है, क्योंकि उन्होंने कुछ दिन पहले ही हर्निया की सर्जरी कराई है और वो अभी रेस्ट कर रहे हैं.



**धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए..**

# आईसीसी ने बनाया नया प्लान!

दुबई, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक नियम लागू किया है जबकि 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर 'जानबूझकर पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा। यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी। आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा। आईसीसी ने कहा, 'क्षेत्ररक्षण टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। क्षेत्ररक्षण टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी और तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा।




**क्लब वर्ल्ड कप**

## मैनचेस्टर सिटी ने जुवेंटस को हराकर ग्रुप स्टेज में 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बनाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर सिटी ने क्लब वर्ल्ड कप 2025 के ग्रुप स्टेज में 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने जुवेंटस एफसी को आसानी से 5-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ सिटी ने ग्रुप जी में पहला स्थान हासिल किया और अब वे ग्रुप एच की दूसरे नंबर की टीम से राउंड ऑफ 16 में भिड़ेंगे। मैनचेस्टर सिटी इस जीत के बाद फीफा क्लब विश्व कप 2025 के ग्रुप चरण को 100 प्रतिशत रिकॉर्ड के साथ समाप्त करने वाली एकमात्र टीम बन गई। सिटी ने इस टूर्नामेंट में अब तक 13 गोल किए हैं, जो एफसी बायर्न म्यूनिख से एक ज्यादा हैं। इस मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी ने लगभग पूरे खेल में दबदबा बनाए रखा।मैच की शुरुआत में ही पेप गार्डियोला की टीम ने नौवें मिनट में गोल दागा। नए खिलाड़ी रेयान ऐट-नूरी ने जुवेंटस के पेनल्टी क्षेत्र के बाहर गेंद पर कब्जा किया और जेरेमी डोकू को पास दिया, जिन्होंने शानदार गोल किया। हालांकि, सिर्फ दो मिनट बाद सिटी के गोलकीपर एडरसन की गलती से जुवेंटस ने बराबरी कर ली। इसके बाद 26वें मिनट में जुवेंटस के डिफेंडर ने गलती से अपने ही गोल में गेंद मार दी, जिससे सिटी फिर आगे हो गई।

# सील्स पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**दुबई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में शानदार गेंदबाजी करने वाले कैरेबियाई तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर उनकी मैच फीस के 15 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है। उन्हें आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन करने के कारण एक डिमेरिट प्वाइंट भी मिला है। यह कार्रवाई ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिजटाउन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन की घटना के कारण हुई। आईसीसी ने एक बयान में कहा, सील्स को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, क्रिया या हाव-भाव का उपयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। इसके अलावा, सील्स के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में दूसरा अपराध था, जिससे 24 महीने की अवधि में उनके डिमेरिट अंकों की संख्या दो हो गई है।÷

यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के 55वें ओवर के दौरान घटित हुई थी। तब सील्स ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को आउट करने के बाद पवेलियन की तरफ इशारा किया था। इसे आईसीसी के अनुशासन नियमों के मुताबिक खिलाड़ियों के आचार संहिता का उल्लंघन माना गया, क्योंकि यह इशारा उकसाने या अपमानजनक भाषा के दायरे में आता है। आईसीसी ने बताया कि सील्स ने अपनी गलती मान ली और मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ के दिए दंड को भी स्वीकार कर लिया, इसलिए इस मामले में कोई औपचारिक सुनवाई नहीं हुई। मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबोरो और नितिन मेनन, तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और चौथे अंपायर ग्रेगरी ब्रैथवेट ने आरोप तय किए थे। सील्स का यह 24 महीनों में दूसरा डिमेरिट पॉइंट है। इससे पहले उन्हें दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ एक टेस्ट में डिमेरिट पॉइंट मिला था। लेवल 1 उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड के रूप में आधिकारिक फटकार और अधिकतम दंड के रूप में खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक दिए जाते हैं। मैच के पहले दिन खेल खत्म होने के बाद सील्स ने कहा कि उनका इशारा कोई बड़ी बात नहीं थी, बस थोड़ी झुंझलाहट थी क्योंकि पैट कमिंस ने उन पर कुछ अच्छे शॉट लगाए थे, इसलिए उन्होंने मजाक में पवेलियन का रास्ता दिखा दिया।

सील्स ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 60 रन देकर पांच विकेट लिए थे। उन्होंने दूसरी पारी में भी कसी हुई गेंदबाजी की है और 24 रन देकर एक विकेट ले चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का स्कोर फिलहाल दूसरे दिन के स्टंप्स तक 4 विकेट के नुकसान पर 92 रन है और उसकी कुल बढ़त 82 रनों की हो चुकी है। बता दें, यह ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज दौरा है और यह तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का ओपनिंग मैच है। सील्स और शमार जोसेफ की बढ़िया गेंदबाजी के चलते वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में केवल 180 रनों पर समेट दिया था। हालांकि वेस्टइंडीज की पारी भी केवल 190 रनों पर आउट हो गई थी। फिलहाल इस मैच का तीसरा दिन अहम होगा, जहां ऑस्ट्रेलिया अपने निचले मध्यक्रम से और वेस्टइंडीज टीम अपनी पेस बैटरी के प्रदर्शन पर बहुत हद तक निर्भर करेगी।



# दिल्ली से नोएडा तक भीषण आग का तांडव

## दमकल की करीब 50 गाड़ियों ने किया कंट्रोल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से नोएडा तक आग का तांडव देखने को मिला। दिल्ली के बवाना में जहां कारखाने में आग लग गई। वहीं नोएडा सेक्टर-2 की एक पेंट फैक्ट्री में भी भीषण अग्निकांड से भारी अफरा-तफरी देखने को मिल रही है। आग के चलते आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। दोनों जगहों पर करीब 50 दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं। गनीमत की बात यह है कि अब तक दोनों जगहों पर किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। दिल्ली के बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फैक्ट्री में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। आग की भयावहता को देखते हुए उस पर काबू पाने के लिए दमकल की 22 गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। आग से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आग पर अब काबू पा लिया गया है। एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन सेवा के अधिकारी के अनुसार बवाना इंडस्ट्रियल एरिया के सेक्टर-4 स्थित एक कारखाने में सुबह 4:15 के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने एक बयान में कहा, ''आग बुझाने का अभियान जारी है। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

### नोएडा की पेंट फैक्ट्री में लगी आग

वहीं, नोएडा में भी पेंट बनाने के एक कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई, जिसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। चीफ फायर ऑफिसर (सीएफओ) प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-2 में स्थित शाम पेंट इंडस्ट्री केमिकल के कारखाने में सुबह 6 बजे के करीब अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर दमकल की सात गाड़ियां पहुंची और स्थानीय पुलिस बल भी मौके पर मौजूद है। उन्होंने बताया कि आग ने काफी भयावह रूप धारण कर रखा है और पेंट्स तथा केमिकल निर्माण के चलते आग बुझाने में काफी परेशानियां आ रही हैं। चौबे के मुताबिक कारखाने में रखे पेंट के डिब्बे आग की चपेट मे आकर फट रहे हैं तथा आसपास की फैक्ट्रियों को भी इससे खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय कारखाने में कोई मौजूद नहीं था और इस घटना में अभी तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है। उनके अनुसार अग्निशमन विभाग प्रयास कर रहा है कि आग आसपास के कारखानों को अपनी चपेट में ना ले पाए।

### 5 जिलों की दमकल टीमें आग बुझाने में जुटीं

एएनआई से बात करते हुए सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया, हमें सुबह करीब 5:30 बजे सेक्टर-2, डी-93 में एक पेंट कंपनी में आग लगने की सूचना मिली। तुरंत कार्रवाई करते हुए दो दमकल गाड़ियां भेजी गईं। आग की तीव्रता को देखते हुए और दमकल गाड़ियां भेजी गईं। हमने हापुड़, बुलंदशहर, गाजियाबाद और मेरठ से और टीमें बुलाई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में मकान बनाना महंगा होगा, हरियाणा सरकार के फैसले का असर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा सरकार ने पत्थर और मिट्टी की रॉयल्टी दोगुनी कर दी है। इससे गुरुग्राम समेत दिल्ली-एनसीआर में मकान बनाना और महंगा हो जाएगा। चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई।

इसमें करीब 20 एजेंडों पर विचार कई फैसले लिए गए। पत्थर और मिट्टी की रॉयल्टी के साथ हरियाणा में दूसरे राज्य से आने वाले खनिज परिवहन पर 100 रुपये प्रति टन शुल्क लगाने का फैसला लिया गया।

पत्थर की रॉयल्टी को 45 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 100 रुपये प्रति टन और मिट्टी की रॉयल्टी को 40 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति टन करने का निर्णय हुआ। दरअसल, पाली क्रेशर जोन में करीब 70 क्रेशर चलते हैं। यहां से एनसीआर के शहरों में रोड़ी-पत्थर की रेती की आपूर्ति होती है। पाली क्रेशर जोन के प्रधान धर्मवीर भड़ाना ने फैसले को सही ठहराया है। रियल एस्टेट के कारोबारियों का कहना है को सरकार के इस फैसले से बिल्डरों के प्रोजेक्ट का बजट बढ़ जाएगा। इसका बोझ निवेशकों को उठाना पड़ सकता है। निर्माण से जुड़े लोगों का कहना है कि रेत, रोड़ी और मिट्टी की दरें पहले ही ऊंची चल रही हैं। रॉयल्टी बढ़ने से बोझ बढ़ेगा।

### आप मुझ पर केस दर्ज कैसे कर सकते हैं, जबकि मैं तो..; ACB की FIR पर सौरभ भारद्वाज का पलटवार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान स्वास्थ्य से जुड़े प्रोजेक्ट्स में हुए कथित भ्रष्टाचार के संबंध में एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक शाखा) ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिसके बाद,क्कदिल्ली के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस मामले में एक वीडियो जारी करते हुए अपना पक्ष रखा। वीडियो में उन्होंने कहा कि मैं मार्च 2023 में मंत्री बना था, ऐसे में आप मेरा नाम साल 2018-19 और साल 2021 में मंजूर हुए प्रोजेक्ट्स में कैसे दे सकते हैं? उन्होंने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार और एलजी ने एसीबी का मजाक बना दिया है और उनके इस खेल का पर्दाफाश जरूर होगा। वीडियो में भारद्वाज ने एक प्रेसनोट दिखाते हुए कहा, 24 जून को उपराज्यपाल विनय सक्सेना जी ने यह प्रेसनोट तमाम मीडिया के साथियों को ये कहते हुए दिया था कि सक्षम अधिकारियों द्वारा दिल्ली के दो पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों के खिलाफ जांच करने की इजाजत दे दी गई है। इसके बाद यह खबर सभी जगह खूब चली। इसके बाद आज 26 जून को एक और प्रेस नोट दिल्ली के एसीबी के प्रमुख मधु वर्मा द्वारा अलग-अलग मीडिया हाउस को दिया गया, जिसमें बताया गया है कि दोनों पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों के खिलाफ एसीबी ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। उस जांच किन अफसरों पर मुकदमा है, किन लोगों पर मुकदमा है वह भी नहीं है, लेकिन दो मंत्रियों के नाम उस मुकदमे में लिख दिए गए हैं। आगे सौरभ ने कहा, इन दोनों ही प्रेस नोट्स में लिखा गया है कि ये 24 अस्पतालों से संबंधित जो प्रोजेक्ट्स थे ये 2018-19 में मंजूर किए गए थे, और एक हॉस्पिटल प्रोजेक्ट जो कि 7 आईसीयू हॉस्पिटल्स से संबंधित था, वह 2021 में सैंक्शन किया गया था, जबकि मैं तो मार्च 2023 में मंत्री बना हूं। वो हॉस्पिटल प्रोजेक्ट्स जो साल 2018-19 में और 2021 में सैंक्शन हुए हैं, उसमें आप मुझे कैसे नामजद कर सकते हैं, पूरी की पूरी एसीबी, पूरी की पूरी दिल्ली की भाजपा सरकार और एलजी साहब ने इसे एक मजाक का विषय बना दिया है। भारद्वाज ने आगे कहा, इसके अलावा एक अन्य पॉइंट जिसमे लिखा गया है कि एक हॉस्पिटल इंफोर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम बनना था कि जिसकी घोषणा साल 2016-17 में दिल्ली सरकार ने की थी।

## दिल्ली से बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, भारतीय पहचान के फर्जी कागज बनवा 15 साल से कर रहा था नौकरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने 24 जून को पिछले 15 सालों से अवैध रूप से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने भारत में रहने के लिए अपने एक जानकार का आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस अपने पास रख लिया था। जो खुद भी बांग्लादेशी नागरिक था, लेकिन उसने भारत के पहचान संबंधी दस्तावेज बनवा लिए थे। इन्ही दस्तावेजों की मदद से आरोपी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में नौकरी भी कर रहा था। फिलहाल पुलिस ने उसे बांग्लादेश भेजन के लिए एफआरआरओ को सौंप दिया है। जिसके बाद उसे डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि एसीपी ऑपरेशन विजय कुमार के नेतृत्व में एएटीएस इंचार्ज इंस्पेक्टर राम कुमार की टीम जिले में रह रहे विदेशी नागरिकों का डेटा जुटाने का काम कर रही है। डेटा जुटाने के दौरान पुलिस टीम को पता चला कि वसंत कुंज इलाके में अवैध बांग्लादेशी नागरिक मौजूद हैं। एएसआई विनोद कुमार, हेड कॉन्स्टेबल मोहित और नरेंद्र की टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ओहिद ने पहले पुलिस को बरगलाने की कोशिश की। उसने खुद को पश्चिम बंगाल का नागरिक बताते हुए भारत का आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी पुलिस को दिखाया। आधार कार्ड बाराचंद घर उत्तर पारा, जिला नादिया, पश्चिम बंगाल के रहने वाले मोहम्मद रोहित शेख के नाम का था।

पुलिस को आरोपी पर शक हुआ और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने बांग्लादेशी का नागरिक होने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि वह 15 साल पहले एक शख्स की मदद से अवैध तरीके से सीमा पार करके भारत में घुसा था। आरोपी ओहिद के पास से ब्राह्मण चिरान, पोस्ट-वारी, जत्राबारी, ढाका, बांग्लादेश के पते पर बने उसके बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र की कॉपी और बांग्लादेश के उसके पासपोर्ट की कॉपी बरामद की गई।

पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया। फिलहाल उसके डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# दिल्ली के 11 सरकारी अस्पतालों को पीपीपी मॉडल पर चलाने की तैयारी





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में सीटी स्कैन, एमआरआई और अल्ट्रासाउंड जैसी जांच के साथ अब अस्पतालों का संचालन भी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर शुरू करने की तैयारी है। सरकार ने 11 निर्माणाधीन अस्पतालों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी में निर्माणाधीन इन अस्पतालों के संचालन और कमीशनिंग के लिए निजी भागीदारों को आमंत्रित करने को सलाहकार नियुक्त करने के लिए टेंडर जारी कर दिया है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना और निजी क्षेत्र की दक्षता के सहयोग से आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अस्पतालों की कमीशनिंग और संचालन में पारदर्शिता, दक्षता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए पीपीपी मॉडल को अपनाया जा रहा है। इससे सरकार का वित्तीय भार भी कम होगा और आधुनिक प्रबंधन तथा तकनीकी नवाचार स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल हो सकेंगे।

कोविड में शुरू हुआ था निर्माण

जिन 11 अस्पतालों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की योजना बनाई गई है, उनका निर्माण कोविड के दौरान दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को देखते हुए वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। इन अस्पतालों के निर्माण से 9748 बेड की संख्या बढ़ेगी, जिनमें आईसीयू बेड भी शामिल हैं। इन अस्पतालों को 2-3 वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन विभिन्न कारणों से अब तक निर्माण पूरा नहीं हो पाया है।

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अनुसार, इस निविदा का उद्देश्य केवल पीपीपी मॉडल पर संचालन ही नहीं है, बल्कि अस्पतालों की मौजूदा स्थिति, क्षमता, सुरक्षा और विभिन्न मानकों के अनुरूपता का मूल्यांकन भी किया जाएगा। इसके तहत क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट और बुनियादी ढांचे की जांच होगी।

### संचालन के लिए 8 हजार करोड़ सालाना खर्च का अनुमान

अस्पतालों के निर्माण में हो रही देरी पर वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि निर्माण को पूरा करने के लिए 10,250 करोड़ रुपये की आवश्यकता है, जबकि संचालन पर सालाना लगभग 8 हजार करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

# ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद परमाणु अप्रसार संधि को लेकर फ्रांस चिंतित, मैक्रों ने ट्रंप से कही ये बात

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के बाद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर फ्रांस की चिंता बढ़ गई है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का कहना है कि अमेरिकी हमलों से ईरान को नुकसान हुआ है। अब साफ है कि ईरान परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से खुद को बाहर कर लेगा। मैक्रों का कहना है कि यह स्थिति सबसे खराब होगी। इस मामले को लेकर मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बात भी की है।

मैक्रों ने कहा कि अमेरिकी हमलों का नतीजा यह होगा कि ईरान परमाणु अप्रसार संधि से बाहर निकल जाएगा। इसलिए यह एक भटकाव और सामूहिक रूप से कमजोर हो जाएगा। हमारी कोशिश है कि हम संधि को कायम रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांचों सदस्य से बात करेंगे। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप से बात की और कहा कि हमले के बाद हमने तेहरान से संपर्क किए हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे विचार समान होंगे। हमारा उद्देश्य यह है कि ईरान द्वारा परमाणु निर्माण कार्य पुनः शुरू न किया जाए।



**1970 में ईरान ने किए थे एनपीटी पर हस्ताक्षर:** ईरान ने 1950 के दशक के अंत में अमेरिका की तकनीकी सहायता से अपने परमाणु कार्यक्रम की नींव रखी। उस समय शाह मोहम्मद रजा पहलवी ईरान के शासक थे। उन्होंने अमेरिका के साथ एक असैन्य परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। 1970 में ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर किया। उसने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को अपनी परमाणु सामग्री घोषित करने की प्रतिबद्धता जताई। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में ईरान के अघोषित परमाणु स्थलों के बारे में जो जानकारी सामने आई उसने विश्व समुदाय की चिंताएं बढ़ा दी। आईएईए की 2011 की रिपोर्ट में बताया गया कि 2003 तक ही ईरान परमाणु हथियार बनाने की दिशा में कई गतिविधियों के करीब पहुंच गया था। यह जानकारी सामने आने के बाद ईरान की यूरेनियम संवर्धन गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया।

**ईरान जता चुका आपत्ति:** अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने कहा था कि उसके परमाणु स्थलों पर हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं। यह कार्रवाई दुर्भाग्य से अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की उदासीनता और मिलीभगत के तहत हुई। अमेरिकी दुश्मन ने हमलों की जिम्मेदारी ली है, जो सुरक्षा समझौते और एनपीटी के अनुसार निरंतर आईएईए निगरानी के अधीन हैं। यह उम्मीद की जाती है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय जंगलराज जैसी इस अराजकता की निंदा करेगा और ईरान को उसके वैध अधिकारों का दावा करने में समर्थन देगा।

## क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक 1 जुलाई को

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो 1 जुलाई को वाशिंगटन डीसी में क्वाड देशों- ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे। यह जानकारी बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने दी। प्रेस ब्रीफिंग में पिगॉट ने कहा, अगले हफ्ते, विदेश मंत्री रुबियो 1 जुलाई को क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे। यह बैठक इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित बनाने के हमारे लक्ष्य को आगे बढ़ाएगी। यही अमेरिकी नेतृत्व की पहचान है- ताकत, शांति और समृद्धि।

## न्यू मेक्सिको की जेल में खसरे का प्रकोप, पांच कैदी संक्रमित

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** न्यू मेक्सिको राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को बताया कि वहां की काउंटी डिटेंशन सुविधा में बंद पांच लोगों को खसरा है। यह मामला न्यू मेक्सिको के डेमिंग शहर में स्थित लूना काउंटी डिटेंशन सेंटर का है, जहां करीब 400 कैदी बंद हैं और 100 कर्मचारी हैं। स्वास्थ्य विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि जेल में बंद लोगों को खसरे का टीका मिला है या नहीं। साथ ही उन्हें जांच किट और जरूरी उपकरण भी दिए जा रहे हैं।

# भारत के कूटनीति को खुली चुनौती: जी7 सम्मेलन दौरान पन्नू-पम्मा ने की मुलाकात, कनाडा सरकार की नीयत पर उठे सवाल



**टोरंटो, एजेंसी।** जब कनाडा में जी7 देशों की उच्च स्तरीय बैठक हो रही थी, ठीक उसी समय प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के आत्म-घोषित अटॉर्नी जनरल गुरपतवंत सिंह पन्नू और इंग्लैंड में राजनीतिक शरणार्थी भाई परमजीत सिंह पम्मा की वैंकूवर में सार्वजनिक मुलाकात ने नई कूटनीतिक बहस छेड़ दी है। यह सिर्फ एक सामान्य मुलाकात नहीं थी, बल्कि यह उस वक्त हुई जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी7 सम्मेलन में भाग लेने का कनाडा से औपचारिक निमंत्रण दिया गया था। एक तरफ़ भारत वैश्विक मंच पर नेतृत्व कर रहा था, वहीं दूसरी ओर ऐसे व्यक्तियों की सार्वजनिक उपस्थिति जिन्हें भारत में वांछित घोषित किया गया है, को लेकर कनाडा की दोहरी नीति और भारत के कूटनीतिक हितों पर संभावित आघात के रूप में देखा जा रहा है।

### एसएफजे और खालिस्तान एजेंडा भारत के लिए खुली चुनौती

सिख्स फॉर जस्टिस को भारत सरकार ने 2019 में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन घोषित किया था। यह संगठन अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देशों में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चला रहा है। गुरपतवंत सिंह पन्नू एसएफजे का प्रमुख चेहरा है और अक्सर भारत विरोधी बयानबाज़ी, वीडियो और डिजिटल मुहिमों में सक्रिय रहता है। वहीं परमजीत सिंह पम्मा, जो कि ब्रिटिश नागरिक नहीं हैं, राजनीतिक शरण लेकर इंग्लैंड में रह रहे हैं। कनाडा में उनकी मौजूदगी और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उन्हें सुरक्षा प्रदान करना, सीधे तौर पर भारत के लिए एक संवेदनशील कूटनीतिक संदेश है।

### पम्मा की गिरफ्तारी और रिहाई

2015 में पम्मा को पुर्तगाल में इंटरपोल के रेड नोटिस के तहत गिरफ्तार किया गया था। भारत सरकार ने उनकी प्रत्यर्पण की मांग की, लेकिन एक लंबी कानूनी प्रक्रिया और एसएफजे के समर्थन के बाद पुर्तगाली अदालत ने भारत के पेश किए गए सबूतों को राजनीतिक रूप से पक्षपाती और अपर्याप्त मानते हुए पम्मा को रिहा कर दिया। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह था कि ब्रिटिश सरकार ने पम्मा के प्रत्यर्पण का खुले तौर पर विरोध किया जिसके चलते भारत की रणनीति ध्वस्त हो गई। यह घटनाक्रम भारत की न्यायिक प्रणाली पर पश्चिमी देशों के अविश्वास को उजागर करता है।

### कनाडा में खालिस्तानी एजेंडे को हवा

कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद पहले से ही भारत-कनाडा संबंध तनावपूर्ण हैं। अब पन्नू और पम्मा की सार्वजनिक हाजिरी ने सिख युवाओं और डाइसपोरा में नई ऊर्जा और विचार की लहर पैदा कर दी है। जी7 सम्मेलन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर खालिस्तानी चेहरों की उपस्थिति एक ओर सिख समर्थकों के लिए उत्साह तो दूसरी ओर भारत के लिए नए सिरदर्द के रूप में सामने आई है। वैंकूवर में पम्मा और पन्नू की मुलाकात सिर्फ एक राजनीतिक घटना नहीं बल्कि भारत की कूटनीतिक सीमाओं और पश्चिमी देशों की राजनीतिक दोहरी सोच को बेनकाब करने वाली स्थिति है। जी7 के साये में खालिस्तानी गतिविधियों की मौजूदगी ने भारत के लिए नई अंतरराष्ट्रीय चुनौती खड़ी कर दी है।

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में उमड़े बोकारोवासी






## भारी बारिश के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान का रथ खींच कर मौसी बाडी पहुंचाया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगरी में आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़े ही धूम-धाम से निकाली गयी। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाया गया और रथ पर आसीन किया गया। रथ की सफाई का कार्य छेरा-पन्हारा बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर नगर के हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। इसके अलावा अधिशासी निदेशक, चित्त रंजन मोहापात्रा, अधिशासी निदेशके सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक, राजश्री बनर्जी,अधिशासी निदेशक, विकास मनवती, अधिशासी निदेशक, सी आर मिश्रा, बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी तथा सदस्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियो ने रथ यात्रा में शामिल हुए। नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-4 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर से आरम्भ हुई. पूरे रास्ते नगरवासी तथा श्रद्धालु जन बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुण्य अर्जन करते रहे। भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालु भगवान की रथ खींचने में जुटे रहे। रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से बोकारो जनरल अस्पताल, गांधी चौक सिटी सेंटर, पत्थरकट्टा चौक तथा राम मंदिर चौक होते हुए राम मंदिर पहुंची. मार्ग में स्वयंसेवी संस्था महिला समिति, बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया जिसमें नगर के अन्य संस्थानों ने भी योगदान किया. महिला समिति बोकारो एवं अन्य कई स्वयंसेवी संगठनों ने जगह जगह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ यात्रियों के लिए शरबत, चना, गुड़, बताशा, बुंदिया की प्रचुर व्यवस्था की थी। महिला समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी ने पूजा के उपरांत सुरभि के सामने टेंट में उपस्थित समिति की अन्य सदस्ययाओ के साथ मिलकर पूजारियों तथा यात्रियों में ठंढा जल, शरबत, चना-गुड़ तथा बुंदिया का वितरण किया. इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ जी से उन्होंने बोकारोवासियों के मंगलमय जीवन के लिए कामना की. समिति की उपाध्यक्षगण श्रीमती अल्का मनवती, श्रीमती देवजानी मिश्रा, सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती अभिरुचि प्रिया, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, सुरभि प्रभारी अनिशा झा, साबुन व सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश, विद्यालय प्रभारी आशा राज, समिता मोहंती आदि ने इस यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा भगवान श्री जगन्नाथ की वापसी यात्रा की तैयारियों में जुट गए।

# कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम अभियान को सफल बनाने को बैठक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संगठन सृजन-2025 कार्यक्रम अभियान के तहत गोविन्दपुर प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी द्वारा बरवाअड्डा में एक आवश्यक बैठक की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं पर्यवेक्षक के रूप में आशिष सिन्हा उपस्थित हुए। बैठक में संगठन सृजन के तहत कमिटी में नये लोगों को जोड़ते हुए 11 सदस्यों की सूची जिसमें दो उपाध्यक्ष, नौ महासचिव को पर्यवेक्षक द्वारा सत्यापन कराते हुए जिला अध्यक्ष को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह वर्ष 2025 संगठन सृजन का वर्ष है तथा संगठन को मजबूत एवं धारदार बनाना है इस कड़ी में प्रखण्ड अध्यक्ष के द्वारा मनोनीत किए गए पदाधिकारियों दोनों उपाध्यक्ष एवं नौ महासचिव को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं हैं. उन्होंने नए पदाधिकारियों से यही आशा व्यक्त की है कि अपने दायित्वों का निर्वाह करते हुए कांग्रेस पार्टी को गोविन्दपुर प्रखण्ड में मंडल, पंचायत से लेकर बुथ कमिटी का निर्माण कर पार्टी को मजबूत करेगें।जिलाध्यक्ष ने कहा पुरे धनबाद में अगामी 40 दिन तक संविधान बचाओ अभियान क्रियान्वयन हेतू शनिवार को धनबाद में जिला कांग्रेस विस्तारित कमिटी की बैठक बुलाई गई है। बैठक में 3 मई को राँची पुराना विधान सभा मैदान में आयोजित संविधान बचाओ रैली में धनबाद के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होगें।

## बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की बैठक में कई निर्णय

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की एक बैठक यूनीयन कार्यालय में संजय कुमार की अध्यक्षता मे हुई। 35 सूत्री मांग पर प्रबंधन से वार्ता करने हेतु एक कमिटी का गठन किया गया। वेजरिविजन, कर्मचारियों के कथित शोषण एंव भेदभाव, ठेका मजदूरो का शोषण, आश्रितों, विस्थापितो, अपरेटीसो, दुकानदारों, रिटायर र्मियों, लीजधारियों, खटालवासियों सहित अन्य मांगों को बी एस एल प्रबंधन को पूरा करने हेतु बैठक होनी है। महामंत्री सुमन सिंह ने इस बात आक्रोश जताया कि बिमारी से ग्रस्त पिता की जगह नियोजन एक वर्ष मे अनिवार्य करना एंव जबरन नौकरी से निकालने की कोशिश पर आक्रोश व्यक्त किया। 9 जुलाई को राष्ट्र व्यापी हड़ताल पर कोई फैसला बैठक मे नही हो पाया। बैठक मे प्रमुख लोग उपस्थित हुएः- मिथिलेश पाल सिंह,पुष्पा मिश्रा, रविन्द्र कुमार, प्रतिमा शर्मा, एल शर्मा, उमाशंकर प्रसाद, उदय सिंह आदी दर्जनभर मजदूर उपस्थित हुए।

# जनता मजदूर संघ छोड़ कई ने थामा राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का दामन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कोयलांचल की श्रमिक राजनीति में शुक्रवार को एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर हुआ। बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र संख्या 10 से जुड़े कई वरिष्ठ मजदूर नेताओं ने जनता मजदूर संघ को अलविदा कहकर राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का दामन थाम लिया। मजदूर संगठनों के बीच हलचल मचा दी है। और आने वाले समय में श्रमिक आंदोलन के नए समीकरणों का संकेत दे दिया है।इस सामूहिक बदलाव के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक भी मौजूद थे जिससे यह बदलाव सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं बल्कि रणनीतिक रूप से प्रभावशाली माना जा रहा है।बताया जा रहा है कि ये सभी नेता राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के पूर्व अध्यक्ष रामाधीर सिंह के विचारों से प्रभावित होकर संगठन में शामिल हुए हैं।यह जानकारी राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की महामंत्री आशनी सिंह ने कोला कुसमा स्थित प्रधान कार्यालय पृथ्वी मेंशन में प्रेस वार्ता के दौरान दी।मौके पर संघ की अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर इंदु सिंह मौजूद थी।दोनों ने नव-शामिल नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि संघ में अरविंद सिंह जैसे अनुभवी नेता के आने से संगठन को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का पहला उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करना और श्रमिक हितों की लड़ाई को तेज करना है।कार्यक्रम के दौरान अरविंद सिंह को राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का सचिव नियुक्त किया गया, जबकि बलवंत सिंह को कुसुंडा क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया गया है।इससे संगठन में नए नेतृत्व को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। वहीं नवनियुक्त सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि वह पूर्व अध्यक्ष रामाधीर सिंह के विचारों और संघर्षशील नेतृत्व से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया है।रामाधीर सिंह हमेशा मजदूरों के हक की बात करते हैं और हम उनके साथ मिलकर कामगारों की बुलंद आवाज बनेंगे। वहीं इसे लेकर मजदूर राजनीति में हलचल तेज हो गई है।जनता मजदूर संघ को इस सामूहिक बदलाव से न केवल जनबल का नुकसान हुआ है बल्कि संगठन की आंतरिक मजबूती और नेतृत्व पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# दामोदर नदी के तेज बहाव में बह गया एक ग्रामीण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारी बारिश के कारण दामोदर नदी उफान पर है, बावजूद इसके लोगों को जान जोखिम में डालते देखा जा रहा है। यही कारण है कि आज बालीडीह ओपी क्षेत्र के कनारी दामोदर नदी तट पर शिकारिडीह निवासी 57 वर्षीय कमलेश मांझी तेज धार में बह गया। जानकारी के मुताबिक कमलेश नदी में स्नान कर रहा था। इस दौरान वह मछली पकड़ने लगे। मछ्ली पहले क्रम पानी के तेज बहाव में वह बहते चले गए। ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। तब जाकर जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। आपदा प्रबंधन विभाग से जुड़े बेरमो के झिरकी निवासी गोताखोरों को बुलाया गया। लापता व्यक्ति की खोजबीन की जा रही है। लेकिन खबर लिखे जाने तक नदी में बहे व्यक्ति को ढूंढा नहीं जा सका था। पानी की तेज धार के कारण गोताखोरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## भगवान जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा भोले की नगरी

**देवघर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भगवान भोलेनाथ की नगरी देवघर में आज भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। यह आयोजन इस्कॉन देवघर के द्वारा किया गया, जिसकी शुरूआत शिवलोक परिसर से हुई। रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और जय जगन्नाथ के जयघोष से भक्तिमय हो गया। रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की सुंदर झांकी सजाई गई थी, जिसमें भगवान के जीवन और शिक्षाओं को दशार्या गया। भक्तजन ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा में शामिल हुए। रथ को श्रद्धालुओं द्वारा खींचा गया, जिसे धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। जहां विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन भी होगा। इस्कॉन देवघर के प्रवक्ताओं ने भगवान जगन्नाथ की महिमा पर प्रकाश डाला और उनके दर्शन मात्र से मिलने वाले पुण्य का महत्व बताया।रथ यात्रा के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# दो शराब दुकानों में रांची से आई टीम ने किया औचक निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्पाद अधीक्षक,रांची सुधीर कुमार के नेतृत्व में गुरुवार की रात विभाग की टीम ने मेमको मोड़ आठ लेन स्थित शराब दुकान से 17 और गोल बिल्डिंग स्थित शराब दुकान से 239 अवैध शराब की बोतलें जब्त की है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि उत्पाद विभाग के अधिक्षक ने उन्हें सूचित किया था कि जिले की कुछ सरकारी शराब दुकानों में संदिग्ध शराब बेचने की सूचना मिली है।

इसके बाद कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्रनाथ ठाकुर एवं कार्यपालक दंडाधिकारी एल.बी.के. सहदेव को छापामारी टीम में दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया। आठ लेन स्थित दुकान में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर तथा गोल बिल्डिंग स्थित शराब दुकान में कार्यपालक दंडाधिकारी एल.बी.के. सहदेव की मौजूदगी में छापेमारी की गई। छापामारी के दौरान मेमको मोड़ आठ लेन स्थित दुकान से 17 बोतल संदिग्ध मिलावटी विदेशी शराब पायी गयी। जबकि गोल बिल्डिंग स्थित शराब दुकान से 239 बोतल संदिग्ध एवं नकली शराब बरामद हुई।

दुकानों में अन्य कई अनियमितता भी पायी गयी। पूछताछ करने पर दुकान के सेल्समैन संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद दोनों दुकान के सेल्समैन को फौरन हिरासत में लेकर स्थानीय उत्पाद थाना को सौंपा गया। वहीं जब्त संदिग्ध शराब की बोतलों को जिले के उत्पाद विभाग को दिया गया। विभाग उसे एफ.एस.एल. जांच के लिए भेजेगा। जांच के बाद उत्पाद अधिनियम के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिरहोर टोली में पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत गुरुवार को बिरहोर टोली में पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिरहोर समुदाय के 32 परिवारों को अंडे और गुड़ वितरित किए गए। बिरहोर समुदाय को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में चिन्हित किया गया है, और यह पहल समुदाय को कुपोषण और गरीबी से लड़ने में प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई। यह कार्यक्रम कंपनी की सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और समाज के सबसे कमजोर वर्गों के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से न केवल समुदाय को आवश्यक पोषण सहायता प्राप्त हुई, बल्कि उनमें विश्वास और आशा का संचार भी हुआ। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को जारी रखने की योजना है। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, बी. नवीन कुमार, उप महाप्रबंधक (सीडी-सीएसआर) एवं देबांकुर तालुकदार, कार्यपालक (सीडी-सीएसआर) उपस्थित थे।

# केंद्र की योजनाएं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन स्तर में ला रही बदलाव

**गुमला/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन कल्याण मे केंद्र प्रायोजित योजनाएं किस प्रकार मददगार साबित हो रही हैं, इसकी बानगी देखनी हो, तो झारखण्ड के गुमला जिला का बसिया प्रखंड आईये। कुछ साल पहले तक नक्सलवाद की खौफ मे जीनेवाला बसिया प्रखंड के कुम्हारी और नारेकेला गांव मे आज विकास की अविरल धारा बह रही है। गांव के पप्पू सोनी लम्बे समय तक नक्सली सक्रिय गतिविधियों मे शामिल रहे। लेकिन, आज वे बड़े पैमाने पर मछली पालन के जरिए इलाके मे नजीर बने हुए हैं।

आज वे प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना समेत केंद्र सरकार की दूसरी योजनाओं की तारीफ करते हैं। उग्रवाद के कारण सिसकती नौनिहालों की शिक्षा ने गांव के युवा शिक्षक ज्योति लकड़ा को अच्छी खासी नौकरी छोड़ने पर मजबूर किया। मछली पकड़ने के अपने शौक को उन्होंने व्यवसाय का रूप दिया और उसकी बदौलत वे अपना एक विद्यालय चला रहे हैं। गुमला जिले की जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने बताया कि जिले के एक सौ सत्तावन किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कई सरकारी तालाबों की भी बंदोबस्ती की गई है। मत्स्य पदाधिकारी ने कहा कि जिले के आर्थिक सामाजिक विकास मे केंद्रीय योजनाओं का बड़ा रोल है।

झारखण्ड मत्स्य पालन विभाग के निदेशक एच एन द्विवेदी ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक मत्स्य पालकों का पांच लाख का बीमा कराया जाता है। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालकों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए उनका एन एफ डी पी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। श्री द्विवेदी ने बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से अब मछलियों का भी बीमा होने लगा है।

## चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने रेलवे विधान चौक स्थित हरविन्द कुमार गुप्ता के राशन दुकान में सेंधमारी कर कई सामानों की चोरी कर ली। दुकानदार हरविन्द कुमार गुप्ता ने इस संबंध में लिखित आवेदन देकर बालीडीह थाना को सूचित किया था। पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की। गुप्त सूचना और सटीक अनुसंधान के आधार पर 24 घंटे के भीतर एक आरोपी राहुल कुमार सिंह, पिता दीपक सिंह, निवासी बियाडा बाजार, दुर्गा मंदिर के पास को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए सभी सामान, एक लाल गमछा तथा एक लोहे का रॉड बरामद किया गया। आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की है। बरामद सामान में हॉरलिक्स (7 डब्बा), डियोड्रेंट (14 पीस), च्यवनप्राश (5 पीस), शैम्पू (7), साबुन (10), व अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुएं शामिल हैं। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है।

## गांव से लेकर शहर तक संगठन को मजबूत करने में जुटी है कांग्रेस : के राजू कुमार

**दुमका/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुमका के शिव पहाड़ स्थित एक होटल के सभागार में आज कांग्रेस पार्टी द्वारा 'सृजन संगठन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू कुमार, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडे सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मंडल अध्यक्ष मौजूद थे। कार्यक्रम में पार्टी को गांव से लेकर जिला स्तर तक संगठनात्मक रूप से मजबूत करने पर चर्चा की गई। साथ ही केंद्रीय कमेटी द्वारा तय किसे गये कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं को कई टिप्स दिए गए। दुमका सहित संताल परगना के सभी जिलों में पार्टी की मजबूती को लेकर चचाएं हुईं। झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजकुमार ने कहा कि कांग्रेस अपनी मजबूती को लेकर गांव गांव से लेकर जिला स्तर में संगठन मजबूती को जोर दे रही है, जिससे आने वाले समय में मजबूती के साथ सरकार काम कर सकेगी। वहीं ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि संस्थान परगना में संगठन के मजबूती को लेकर कार्य किया जा रहे हैं लोगों को जोड़ा जा रहा है और अपनी कमजोरी को कम करते हुए संगठन आने वाले समय में सशक्त होकर खड़ी होगी। प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस ने कहा कि संगठन के मजबूती पर चचाएं हुई है आने वाले समय में संथाल परगना में संगठन मजबूत होगा इसकी तैयारी की जारी है।

# स्टीलगेट मार्केट का जमीन खाली करने के नोटिस के विरोध में दुकानदारों ने बंद रखी दुकानें

## दुकानदारों के समर्थन में पहुंचे सांसद ढुलू महतो, प्रशासन से की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टीलगेट मार्केट व आस-पास की जगह खाली करने को लेकर अंचल अधिकारी द्वारा दिये गये नोटिस के विरोध में गुरुवार को दुकानदारों में अपनी-अपनी दुकाने बंद रखी. एसएनएमएमसीएच व बीसीसीएल प्रबंधन ने एसएनएमएमसीएच से लेकर स्टीलगेट तक सड़क के दानों ओर व स्टीलगेट के समीप लगने वाले हाट वाली जगह पर अपना दावा किया है. उसी के आलोक में सीओ द्वारा सभी दुकानदारों को जगह खाली करने का नोटिस जारी किया गया है. एसएनएमएमसीएच से स्टीलगेट के दोनों ओर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के साथ स्टीलगेट के समीप लगने वाले हाट में कुल 67 लोगों को 27 जून, शुक्रवार तक जगह खाली करने का नोटिस दिया गया है.

**दुकानदारों के समर्थन में पहुंचे सांसद ढुलू :** नोटिस की जानकारी होने पर गुरुवार की सुबह सांसद ढुलू महतो स्टीलगेट पहुंचे. उन्होंने दुकानदारों से बात कर मामले की जानकारी ली. इसके बाद उपायुक्त से फोन पर वार्ता कर समस्या का समाधान करने का आग्रह किया. सांसद ने कहा कि शहीद मणींद्र नाथ मंडल ने चार दशक पूर्व इस हाट को बसाया. राज्य सरकार जबरन इसे हटाने का प्रयास कर रही है. उन्होंने दुकानदारों से कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है. वे दुकानदारों के साथ खड़े है. उन्होंने उपायुक्त से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दुकानदारों को दूसरा स्थान उपलब्ध कराने और फिर जगह खाली कराने की मांग की.20 को अंचल अधिकारी द्वारा जारी नोटिस उन्हें 24 जून को मिला : इधर, दुकानदारों ने कहा कि 20 जून को अंचल अधिकारी द्वारा जगह खाली करने का नोटिस जारी किया गया है. दुकानदारों को 24 जून की शाम को नोटिस मिला. नोटिस जारी होने के सात दिनों के अंदर जगह खाली करने का निर्देश है. इससे सभी परेशान है.

# मैथन डैम में नहा रहे युवक की डूबने से मौत



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैथन डैम गोगना छठ घाट में नहाने के दौरान डूब जाने से बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले पिंटू चौधरी (27 वर्ष) की मौत हो गयी. घटना गुरुवार दिन लगभग तीन बजे की है. वह बुधवार को ही धनबाद आया था. धनबाद से पांच युवकों की टीम मैथन डैम घूमने आयी थी. पांचों युवक नशा में धुत थे और मैथन डैम के गोगना छठ घाट में नहाने उतरे थे. इसी क्रम में पिंटू डैम में डूब गया. यह देख उसके अन्य साथियों के हो-हल्ला करने पर आसपास के लोग जमा हो गये और मैथन पुलिस को घटना की सूचना दी. पुलिस व स्थानीय ग्रामीणों ने दिखायी सक्रियता : सूचना पर मैथन पुलिस ने नाविक के सहयोग से घटना के करीब तीन घंटे बाद शाम छह बजे पिंटू चौधरी शव को डैम से खोज निकाला. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. अन्य चार युवकों में रोहित कुमार शर्मा, श्रवण कुमार, पृथ्वी कुमार कोचर, संतोष कुमार उर्फ विक्की में दो लोग औरंगाबाद और दो धनबाद के रहने वाले हैं.

डेंटिंग-पेंटिग मिस्त्री था पिंटू चौथरीः पिंटू चौधरी औरंगाबाद में डेंटिंग-पेंटिंग था. वह धनबाद की कबाड़ी पट्टी नया बाजार से वाहनों के पार्ट्स खरीद कर वाहन मरम्मत करता था और औरंगाबाद में बेचता भी था. वह अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्रियां एवं एक पुत्र छोड़ गया है.

**शराब पीकर कोई डैम में न उतरें : ओपी प्रभारी**

घटना के संबंध में मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि औरंगाबाद निवासी पिंटू चौधरी की डैम में डूब जाने से मौत हो गयी. शराब पीकर डैम में स्नान करने नहीं जाना चाहिए. शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com